सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:24

आज का तापमान


| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.8 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 17.5 न्यू | 28.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82890.94 |
| निफ्टी | 25356.50 |
| सोना | 74,450 |
| चांदी | 90,704 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



नीरज चोपड़ा एक सेंटीमीटर से खिताब से चूके

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 16 सितंबर 2024 | 1 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 270, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# झारखंड के तीन दुश्मन, जेएमएम कांग्रेस और आरजेडी : पीएम मोदी

## जमशेदपुर में परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर साधा निशाना

**एजेंसी, रांची**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर में भाजपा की परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी। राजद तो अलग झारखंड बनने के बाद से ही बदला ले रही है।

वहीं, कांग्रेस को झारखंड से नफरत है। इतने साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस ने झारखंड के विकास के लिए कुछ नहीं किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ खड़ी है। तुष्टिकरण की राजनीति में सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं।

**कहा- आरजेडी बदला ले रही, कांग्रेस को विकास से मतलब नहीं जेएमएम बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ**

पीएम ने कहा कि अगर आप प्रदेश का विकास चाहते हैं तो बीजेपी को मौका दीजिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों, गरीबों, दलितों, महिलाओं और युवाओं का विकास करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और उनके लाभ के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। विकास के मामले में पीछे रहा झारखंड इन परियोजनाओं के शुरू होने से तेजी से प्रगति करेगा। 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र ने देश की मानसिकता और प्राथमिकताओं को बदल दिया है। अब देश की प्राथमिकता गरीब, आदिवासी समुदाय, दलित, वंचित और समाज के पिछड़े वर्ग हैं। अब देश की प्राथमिकता में महिलाएं, युवा और किसान शामिल हैं।



### पीएम ने छह वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने रांची में डिजिटल माध्यम से झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री का टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था, लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। ये नई ट्रेनें टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्गों पर चलेंगी। ये ट्रेन आवागमन के समय को कम करने में मदद करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों को लाभ होगा।

### पीएम आवास योजना के 32000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और पहली किस्त जारी

**पीएम** मोदी ने झारखंड को 660 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कई अहम परियोजाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना भी शामिल है। मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 32,000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए और घरों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। उन्होंने देशभर में पीएमएवाई-जी के 46,000 लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं। केंद्र ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत झारखंड में गरीबों के लिए 1,13,400 घरों को मंजूरी दी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने देवघर जिले में मधुपुर बाइपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखी।

### ये दी छह सौगातें

- 660 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की डिजिटल माध्यम से शुरुआत की।
- देवघर में मधुपुर बाइपास लाइन-हाजरीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखी।
- कुरकुरा-कनारोल दोहरीकरण परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित की।
- पीएमएवाई-जी के तहत 32,000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए।
- घरों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की।
- देशभर में पीएमएवाई-जी के 46,000 लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी।

# केजरीवाल का ऐलान : दो दिन में दूंगा सीएम पद से इस्तीफा

## सिसोदिया भी नहीं बनेंगे, पार्टी विधायक चुनेंगे नया सीएम



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया भी सीएम नहीं बनेंगे। मैं और मनीष जनता के पास जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब तक लोग उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं। तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने पहली बार पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री और सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे, जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की बैठक होगी और पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। दिल्ली में फरवरी में चुनाव होने हैं, लेकिन मैं नवंबर में महाराष्ट्र के साथ राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव कराने की मांग करता हूं।

### केजरीवाल की योजना का हिस्सा है इस्तीफा पत्नी को बनाना चाहते सीएम : शहजाद

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा को की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक की घोषणा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने की योजना का एक हिस्सा है।`जरीवाल ने आपदा में अवसर तलाशने में पीएचडी की है। उन्होंने केजरीवाल के इस कदम को ड्रामा करार दिया। वह इस्तीफे का नाटक इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि अदालत ने उन्हें (आबकारी नीति 'घोटाला') मामले में बरी नहीं किया, बल्कि उन्हें सशर्त जमानत दी है, जिससे वह मुख्यमंत्री से नाममात्र के मंत्री बन गए हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### चंडीगढ़ ग्रेनेड ब्लास्ट का दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में ग्रेनेड ब्लास्ट करने के दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विशाल मसीह गांव रायमल, गुरदासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि चंडीगढ़ ग्रेनेड ब्लास्ट के 72 घंटे के अंदर दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 11 सितंबर को चंडीगढ़ सेक्टर-10 में 2 संदिग्धों ने ग्रेनेड धमाका किया था। 13 सितंबर को पंजाब पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी रोहन मसीह को गिरफ्तार कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान में सड़क हादसे में 6 तीर्थयात्रियों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास जिले के नौ तीर्थयात्री राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे और बूंदी में सुबह करीब पांच बजे यह दुर्घटना हुई। हिंडोली थाने के क्षेत्राधिकारी पवन मीना ने बताया कि ट्रक गलत दिशा से आ रहा था और उसने तीर्थयात्रियों की वैन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### पश्चिम बंगाल के मालदा में कांग्रेस नेता की हत्या

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रविवार सुबह कांग्रेस के नेता शेख सैफुद्दीन की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने उन पर गोलीबारी करने के साथ ही देसी बम फेंके। परिवार ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुंडों ने उनकी हत्या की। हालांकि, राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। यह घटना सुबह करीब नौ बजे धरमपुर स्टैंड बाजार में हुई। सैफुद्दीन के परिवार ने दावा किया है कि नकाबपोश चार-पांच लोगों ने उन पर गोलियां चलाईं और दो देसी बम फेंके।

### शिमला स्थित छराबड़ा आवास पहुंची प्रियंका



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के दो पड़ोसी राज्यों हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को शिमला पहुंच गई हैं। जानकारी के मुताबिक प्रियंका गांधी शिमला से ही दोनों राज्यों में कांग्रेस के प्रचार पर नजर रखेंगी। दोनों राज्यों में कांग्रेस के प्रचार को शिमला से ही मॉनिटरिंग करेंगी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- क्या पुनर्नियुक्तियां करना ही है व्यवस्था परिवर्तन: गर्ग -पेज 2
- लाहौल-स्पीति पुलिस ने चंद्रताल से हटाई चेक पोस्ट -पेज 3
- बफड़ी में रविवार को मिले डायरिया के 6 नए मामले -पेज 6
- 10 साल में लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने का बड़ा प्रयास: खड़गे -पेज 13
- फाइनल में जगह बनाने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम -पेज 14


# राहुल ने 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार' योजना के लिए थपथपाई सुक्खू की पीठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश की मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना की प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस योजना के प्रति अपनी सराहना व्यक्त करते हुए एक पत्र भेजा।

राहुल गांधी ने पत्र में कहा कि इस प्रकार की योजनाएं देश के भविष्य को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्होंने इसके लिए हिमाचल सरकार की सराहना की है। वहीं, मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना की सफलता को देखते हुए हिमाचल सरकार अब इस योजना का विस्तार करने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस विस्तार के लिए एक विशेष प्रोजेक्ट तैयार किया है। इस प्रोजेक्ट में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को भी शामिल किया जाएगा। योजना के विस्तार के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, और तीन साल तक के बच्चों को भी शामिल किया जाएगा।

### तीन माह पहले शुरू की है बाल पौष्टिक आहार योजना

**हिमाचल** प्रदेश में करीब तीन महीने पहले मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना की शुरुआत की गई थी, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने अपने पिछले बजट में की थी। इस योजना के तहत राज्य की सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील के दौरान लाखों बच्चों को सप्ताह में एक दिन अंडा या फल देने का प्रावधान है। इन फलों में सेब या केला दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के पौषण में सुधार करना और उनकी स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाना है।

# शहीद अरविंद सिंह पंचतत्व में विलीन

## नादौन के लाहड़ के जवान ने जम्मू-कश्मीर में पाई शहादत, छोटे भाई ने दी मुखाग्नि

**शशि सोनल, नादौन**

**जम्मू-कश्मीर** के किश्तवाड़ इलाके में शहीद हुए नादौन उपमंडल के लाहड़ गांव के अरविंद सिंह का रविवार को पार्थिव शरीर सुबह दस बजे घर पहुंचा तो लोगों की आंखें नम हो गईं। इस दौरान लोगों ने अरविंद सिंह अमर रहे के नारे लगाए।

अरविंद सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ गांव के श्मशानघाट में किया गया। छोटे भाई परमजीत ने मुखाग्नि दी। अरविंद्र का छोटा भाई परमजीत सिंह भी जम्मू-कश्मीर में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए तैनात है। युवाओं ने शहीद अरविंद सिंह अमर रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। सेना की टुकड़ी ने सैन्य सम्मान के साथ सलामी देकर अंतिम विदाई दी। इस दौरान सेना के अधिकारी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डीसी अमरजीत सिंह, तहसीलदार, एएसपी राजेश शर्मा, तहसीलदार रोहित कंवर, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, सहित अन्य लोगों ने अंतिम विदाई दी। (अनंत ज्ञान)



### मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने जम्मू-कश्मीर के किस्तवाड़ में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान नादौन विधानसभा क्षेत्र के लाहड़ गांव के अरविंद सिंह के बलिदान पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शहादत का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है और अरविंद की अमर शहादत को यह देश कभी नहीं भुला सकेगा।

### आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य, थाना प्रभारी 17 तक सीबीआई की हिरासत में

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को कोलकाता कोर्ट ने 17 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। घोष और मंडल दोनों को अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के सिलसिले में सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया। दोनों आरोपियों से सीबीआई पूछताछ करेगी। दोनों ने आरजी कर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम मंडल को गिरफ्तार किया था और घोष के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप भी जोड़ा था। घोष फिलहाल आरजी कर अस्पताल से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में है।

# कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़



**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**पुंछ** के मेंढर इलाके में पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जम्मू-कश्मीर में बीते 72 घंटे में चौथी बार आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। वहीं, कठुआ में रविवार दोपहर को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

**दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका**

बानी लवांग क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में 2-3 आतंकवादियों के समूह को सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। आतंकवादी इलाके में घने कोहरे का फायदा उठा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### मेरठ में मकान ढहने से 10 लोगों की गई जान, दो रेस्क्यू

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ की जाकिर कॉलोनी में शनिवार रात को भारी बरसात की वजह से जाकिर कालोनी की गली नंबर आठ में तीन मंजिला मकान गिर गया था। मलबे में परिवार के 12 लोग दब गए थे, 17 घंटे का रेस्क्यू चलाकर सभी को मलबे से बाहर निकाल लिया है। उनमें से चार बच्चे, पांच महिलाएं समेत दस लोगों की मौत हो चुकी है। एक महिला और एक बच्चा गंभीर रू से घायल है। 45 भैंस और 11 बकरियां और एक गाय भी मलबे में दबकर मर गई। गलियां छोटी होने की वजह से जेसीबी मशीन या अन्य उपकरण नहीं जा सके। एनडीआरएफ और कालोनी के लोगों ने हाथ के कटर से लेंटल को काट कर मलबा हटाया।






# शिमला के बधाल में फटा बादल सेब बगीचों को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




**शिमला** के रामपुर की बधाल पंचायत के शिकारी नाले में शनिवार देर रात को बादल फटने से कई बीघा सेब के बगीचे चपेट में आ गए, जिससे भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। सड़क पर आए मलबे के रास्ता बदलने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**सड़क पर आया मलबा, लोगों ने भागकर बचाई जान**

हालांकि, एक मकान मलबे की चपेट में आने से बच गया। रात में जैसे ही मकान में रह रहे लोगों ने मलबे के आने की आवाज सुनी तो वे घर से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थान की ओर भाग गए। यह मकान देवराज पुत्र अकलू राम का था। इसके बाद से शिकारी नाले के आसपास रहने वाले लोग भी दहशत में हैं। हालांकि सेब के बगीचों के अलावा किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

### प्रदेश में अभी भी 38 सड़कें और 11 ट्रांसफार्मर बंद

**प्रदेश** में भारी बारिश से अभी भी 38 सड़कें और 11 ट्रांसफार्मर बंद हैं। रविवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है। लाहौल की चोटियों पर शुक्रवार रात बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल कॉलेज में धूमधाम से मनाया हिंदी दिवस

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** डिग्री कॉलेज चौपाल में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान ने कहा कि आप सभी युवा भविष्य में भारतवर्ष के कर्णधार बनने वाले है, लिहाजा समस्त युवाओं से उम्मीद है कि सभी युवा मिलकर हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए अपनी शत प्रतिशत भागीदारी देंगे। इस मौके पर कालेज की राजनीति शास्त्र की आचार्या प्रियंका ठाकुर ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अन्त में हिंदी की प्राचार्या बबीता ने कार्यक्रम को बेहतरीन और सफल बनाने के लिए हिन्दी विभाग की तरफ से सभी का आभार व्यक्त करते हुए मां, मातृभूमि और मातृभाषा के मनुष्य के जीवनमें महत्व का बखान किया।

### जुन्गा में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जुन्गा (शिमला)।** जिला स्तरीय अंडर 14 छात्र छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में बीती सांय संपन्न हुई, जिसमें छात्र व छात्राओं की हॉकी प्रतियोगिता में जुन्गा स्कूल छाया रहा। इस चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला के 13 शिक्षा खंडों की 310 छात्राओं और 14 शिक्षा खंडों के 380 छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया। छात्रा वर्ग में हॉकी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा ने प्रथम और खैरा ने दूसरा और बॉस्केटबाल में एसपीएस साराहन ने प्रथम और जुन्गा स्कूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जुन्गा स्कूल की उप प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### नेरवा में इग्नू यूनिवर्सिटी के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में एक महत्वपूर्ण जानकारी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें इग्नू (इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इग्नू के समन्वयक प्रो. नरेंद्र नेगी ने उपस्थित सभी छात्रों को यूनिवर्सिटी के विभिन्न कार्यक्रमों, पाठ्यक्रमों और लाभकारी अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इग्नू एक प्रमुख ओपन यूनिवर्सिटी है जो विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर लचीले और सस्ती शिक्षा प्रदान करती है। यह विश्वविद्यालय विशेष रूप से उन छात्रों के लिए उपयुक्त है जो समय की कमी या भौगोलिक कारणों से नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले सकते। इस दौरान इग्नू के काउंसलर प्रोफेसर कल्याण, प्रो. दलीप व प्रो. वीरेंद्र ठाकुर मौजूद रहे।

### हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं गर्व होना चाहिए

**जुन्गा (शिमला )।** राजकीय डिग्री कॉलेज चायल कोटी में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है चूंकि 14 सितंबर, 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए और कहा कि हिंदी को पूरे हिंदुस्तान की भाषा बनाना अभी बाकी रहता है। हिंदी भाषा को बोलने में हमें शर्म नहीं बल्कि गर्व होना चाहिए। इस मौके पर नारा लेखन, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र शर्मा ने भाषा के प्रश्न एवं भाषाई विवाद पर तार्किक एवं यथार्थ विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।

### जुखाला में होगी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** खेल एवं पाठ्यतर गतिविधियां परिषद द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जो परिषद सत्र 2024-25 के लिए सर्वसम्मति चुनी गई। उसमें राजकीय महाविद्यालय जुखाला के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह को भी इस परिषद का प्रतिनिधि चुना गया। शेड्यूल पूरे हिमाचल प्रदेश में यूथ फेस्टिवल व खेल गतिविधियों का जारी किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय जुखाला के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि इस महाविद्यालय की स्थापना 2007 में हुई थी। तब से लेकर के आज तक इस महाविद्यालय में राज्य स्तर की इस तरह का गतिविधियों का आयोजन इस महाविद्यालय में नहीं हुआ था। इस बार पहली बार टेबल टेनिस के लिए राजकीय महाविद्यालय जुखाला को चुना गया है। इसमें प्रदेश के सभी महाविद्यालय इस खेल गतिविधि में यहां पर भाग लेंगे और यह शेड्यूल 12 नवंबर से 14 नवंबर तक राजकीय महाविद्यालय जुखाला में आयोजित होगा। इस बात की पुष्टि महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन ने इस इवेंट के लिए रूपरेखा की तैयारी शुरू कर दी हैं।

### हैंडबॉल में मोरसिंघी ने घुमारवीं को हराया



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला घुमारवीं में चल रही जिला स्तरीय अंदर-19 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में तीसरे दिन हॉकी तथा हैंडबॉल मुकाबलों के फाइनल सहित विभिन्न खेलों में अलग-अलग स्कूलों से आए खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। रविवार को खेले गए हॉकी के फाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने घुमारवीं को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। बास्केटबॉल का सेमीफाइनल मैच भी खेला गया, जिसमें दधोल ने बिलासपुर को 70 के मुकाबले 22 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद अब फाइनल मुकाबले में दधोल का सामना डीएवी स्कूल घुमारवीं से होगा, जबकि फुटबॉल के सेमीफाइनल में घुमारवीं ने मिनर्वा स्कूल को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं घुमारवीं की टीम का फाइनल मुकाबला में बिलासपुर से होगा। शतरंज में डीएवी विजेता बना। वहीं, शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं उपविजेता रहा। रविवार को खेले टेबल टेनिस का फाइनल मुकाबला कलोल तथा जेजवी के बीच खेला गया, जिसमें कलोल विजेता तथा जेजवीं उपविजेता रहा। रविवार को हुए इन मुकाबले में हैंडबॉल का फाइनल मुकाबले भी खेला गया। हैंडबॉल का फाइनल मुकाबला मोरसिंघी तथा घुमारवीं स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें मोरसिंघी ने घुमारवीं को 25-4 से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

### नागेश्वर बने टंडन क्लब के जनरल सेक्रेटरी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टंडन क्लब कांगड़ा के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए।



इसमें नागेश्वर मनकोटिया को जनरल सेक्रेटरी चुना गया। अशोक शर्मा उपप्रधान, राकेश महाजन कोषाध्यक्ष, संदीप बस्सी ज्वाइंट सेक्रेटरी, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा, मनमोहन शर्मा और विकास वर्मा को चुना गया। प्रेस सचिव अविनाश वालिया को चुना गया। यह जानकारी नवनिर्वाचित जनरल सेक्रेटरी नागेश्वर मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और टंडन क्लब कांगड़ा को एक नया रूप प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा इस क्लब को गतिशील बनाया जाएगा और यहां पर खेल गतिविधियों के साथ-साथ धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

## मां सुरक्षित न होने से बच्चों में एड्स का खुलासा, एआरटी सेंटर में बच्चों के अधिक नाम दर्ज

# हिमाचल में 0 से 18 साल के बच्चों में एड्स

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश भर में भले ही एड्स पर काबू पाने के लिए सरकार और एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे है, लेकिन सोचने का विषय तो यह है कि 0 से 18 साल के बच्चे भी अब एड्स की चपेट में आ रहे हैं। एआरटी सेंटर की अगर बात की जाए तो यहां पर 250 से अधिक बच्चों के नाम दर्ज हुए है, जिनमें एड्स की बीमारी फैली हुई है।

बच्चों में एड्स का मुख्य कारण यह है कि मां अगर सुरक्षित नहीं है तो बच्चों में एड्स होना बिलकुल तय है। हिमाचल में अभी भी 4 हजार से अधिक मरीज एड्स से पीड़ित है। जिनके एआरटी सैंटर में नाम दर्ज है और दवाइयां खा रहे हैं। ऐसा नहीं की हिमाचल में एड्स के मामलों में बढ़ौतरी हो रही है। 2010 की अपेक्षा एड्स के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई है। चिंता का विषय तो यह है कि बच्चों में भी अब एड्स फैलना शुरू हो गया है। अगर हिमाचल को एड्स फ्री बनाना है तो सबसे पहले बच्चों मां और बाप को इस बीमारी से बचना होगा। तभी हिमाचल एड्स फ्री हो सकता है।

चिकित्सक द्वारा यही तर्क दिए जा रहे है कि इस बीमारी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत अस्पताल आए और उपचार करवाए। चिकित्सक का कहना है कि एड्स दिवस पर तो लोग जागरूक होते ही है, लेकिन अगर हर समय लोग इस बीमारी से अर्लट रहे तो अवश्य ही हिमाचल एड्स मुक्त हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नशा और असुरक्षित संबंध फैल रहा एड्स



नशा करना और दूसरे के साथ संबंध बनाने से एड्स फैलता है। ऐसे में चिकित्सकों द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि लोग नशा से दूर रहे। इससे एड्स की संभावना अधिक रहती है। वहीं निरोध हा इस्तेमाल करे ताकि एड्स फैलने की कम संभावना हो।

**मरीजों का आंकड़ा**
2015 में 5700
2016 में 3148

### दवाइयां मुफ्त, सफर भी फ्री

**स्टेट** एड्स कंट्रोल सोसाइटी की तरफ से ऊना, बिलासपुर, मंडी, टांडा, शिमला, हमीरपुर में एआरटी सैंटर खोले गए है। जहां पर एड्स से पीड़ितों में निशुल्क दवाइयां दी जाती है। पीड़ित मरीजों को घर से आने व जाने का खर्च भी दिया जाता है।

### एड्स के लक्षण

**एड्स** के लक्षण ऊर्जा की कमी, वजन घटना, बार-बार बुखार और पसीना, देर तक या बार बार होने वाली फंगल की छूत, देर तक रहने वाला डॉयरिया, कुछ समय के लिए विस्मृति, मुख जननेन्द्रिय और गुर्दा में फोड़े, खांसी और श्वास फूलना।

## भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ केस दर्ज

**कोटखाई, भरत ठाकुर**



पुलिस को शिकायत पत्र सौंपते हुए गणमान्य।

एक सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कोटखाई में केस दर्ज किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक त्योहार 'जागरा' में देवताओं के स्वागत में की जाने वाली 'नाटी' (पारंपरिक देव नृत्य) करने वाले लोगों को आतंकवादी करार दिया है।

यह आपत्तिजनक पोस्ट न केवल हिमाचल की धार्मिक परंपराओं का अपमान है, बल्कि समाज में वैमनस्य और विभाजन फैलाने का प्रयास भी है। देवभूमि हिमाचल की पवित्र परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के प्रति इस प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी से प्रदेश के लाखों लोगों की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। 'जागरा' जैसे धार्मिक आयोजनों के दौरान देवताओं का स्वागत करने वाली हमारी सांस्कृतिक नाटी की तुलना आतंकवाद से करना निंदनीय है।

इस मामले में संबंधित पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है और इस घृणित कार्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना और विभाजनकारी कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सीटू के कार्यकर्ता को तैयार करना है अनुशासित केडर

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ता।

सीटू जिला सिरमौर कमेटी की कार्यशाला 14,15 सितंबर 2024 को पौंटा लोक निर्माण रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। सीटू कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष नीलम शर्मा और सीटू जिला सिरमौर महासचिव आशीष कुमार ने की। कार्यशाला में सीटू राज्य के अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और राज्य उपाध्यक्ष जगत राम और सीटू सिरमौर पूर्व जिला महासचिव दया किशन मौजूद रहे। सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया और इस कार्यशाला के महत्व को बताया। कार्यशाला के पहले सत्र में विभीन कमेटियों तथा यूनियन की कार्यप्रणाली और सदस्यता पर सीटू जिला महासचिव ने विषय पर बात रखी। सीटू राज्य उपाध्यक्ष साथी जगत राम ने समापन भाषण में कहा सीटू के कार्यकर्ता को एक अनुशासित केडर तैयार करना है।

## मेले प्राचीन संस्कृति के प्रतीक : रोहित

**अनंत ज्ञान, शिमला**



रोहित ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुबड़ी ब्यौन सांबर (ठियोग) में रिहाली मेले के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेले, बिशु एवं त्योहार हमारी प्राचीन परंपरा के प्रतीक है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिस क्षेत्र में यह मेला आयोजित किया जा रहा है यह ठियोग एवं जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र का संगम है। इसके विकास के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे। शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र के लोगों की मांग अनुरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यार में पीजीटी संस्कृत का पद स्वीकृत करने की घोषणा की।

उन्होंने कलाहर एवं जुबड़ी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। मेला कमेटी को 51 हजार रुपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक विरासत है इनके संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए।

## हिंसा के प्रति आवाज उठाएं महिलाएं: श्रुति

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।**



जानकारी देते सिविल जज श्रुति बंसल ।

विधिक सेवा प्राधिकरण चौपाल द्वारा उपमंडल चौपाल की गोरली मड़ावग ग्राम पंचायत में सिविल जज चौपाल श्रुति बंसल की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन महिलाओं को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को आवश्यकता है कि वह हिंसा के प्रति आवाज उठाएं। वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र चौहान ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अलावा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## हिंदी दिवस पर सांस्कृतिक के महत्व पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



जानकारी देते हुए गणमान्य।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में प्रोत्साहित करना और इसके सांस्कृतिक व प्रशासनिक महत्व पर चर्चा करना था। इस अवसर पर संस्थान के सचिव, मेहर चंद नेगी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन हुआ। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसे डॉ. निवेदिता ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कई विद्वानों ने हिंदी भाषा की भूमिका और उसके विकास पर अपने विचार रखे।

डॉ. मनीष मिश्रा ने 'सांझी संस्कृति का उद्बोधक हिंदी' पर अपनी बात रखी, जबकि डॉ. रेणु द्विवेदी ने 'राजभाषा संबंधी संशोधन' पर अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर जितेंद्र राय ने 'राजभाषा-राष्ट्रभाषा हिंदी' पर चर्चा की और प्रो. ओमप्रकाश शर्मा ने 'राजभाषा हिंदी का महत्व' विषय पर अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया।

## सायर उत्सव आज

**मंडी।** सायर उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सायर की पूर्व संध्या पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक पूजा के लिए धान, ककड़ी, पेठा, कंदमूल और फल फूल इत्यादि ले जाकर घरों में स्थापित किए।

बता दें कि सायर का पूजन मक्की, धान सहित नई फसलों आदि के प्रतिरूप को रख कर उसकी पूजा-अर्चना की जाती है और ईश्वर से धन-धान्य की वृद्धि की कामना की जाती है। सायर उत्सव के दिन रक्षाबंधन पर पहने गए रक्षा सूत्र को भी समर्पित कर दिया जाता है ।

## नीलम बनीं हेल्पिंग हैंड की जिला अध्यक्ष

### चंपा देवी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सोनू, मोनिका, अंजना को चुना उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




स्थानीय सर्किट हाउस बिलासपुर में हेल्पिंग हैंड एनजीओ की आमसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव इंजीनियर सुमन चड्ढा ने की।

इसमें सर्वसम्मति से डियारा सेक्टर निवासी समाजसेविका नीलम सूद को हेल्पिंग हैंड एनजीओ की जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंपा देवी, उपाध्यक्ष सोनू, मोनिका, अंजना को चुना गया। महासचिव के पद पर प्रीति भाटिया एवं सहसचिव सरोज कुमारी, जमीला, निर्मला भट्टी को चुना गया। सोनू को कोषाध्यक्ष, ज्योति को मुख्य सलाहकार, कांता देवी को सलाहकार एवं कार्यकारिणी सदस्यों में आशा देवी, सरोज हंस उपासना को चुना गया। हेल्पिंग हैंड एनजीओ की चुनाव पर्यवेक्षक लाडली फाउंडेशन जिला महासचिव इंजीनियर सुमन चड्ढा ने कहा कि उपरोक्त कार्यकारिणी का कार्यकाल 5 वर्ष रहेगा।

हेल्पिंग हैंड जिला बिलासपुर की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीलम सुद ने कहा कि सामाजिक कुरीतियां को जड़ से उखाड़ने हेतु, पर्यावरण संरक्षण हेतु, नशे को रोकने हेतु एवं गरीब महिलाओं की शादी एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु यह हेल्पिंग हैंड एनजीओ कार्य करेगी। इस मौके पर लाडली फाउंडेशन की ब्लॉक अध्यक्ष एवं राफ्टिंग एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष शिष्टा गौतम एवं झंडूता लाडली फाउंडेशन की ब्लॉक उपाध्यक्ष दीक्षा ठाकुर समाजसेवी मौजूद रहे।

## लोक अदालत में 3,730 मामलों का हुआ निपटारा

**बिलासपुर।** जिले के सभी न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 4,996 मामले लोक अदालतों के पास सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें 703 कोर्ट में लंबित, 472 पूर्व मुकदमेबाजी और 3,587 यातायात चालान से संबंधित मामले थे। इनमें 3,730 मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। कुल 5 करोड़ 63 लाख 95 हजार 789 रुपये के वित्तीय मामले भी मौके पर दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाए गए।

## 20 को प्रदर्शन

**चांदपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला बिलासपुर इकाई की कोर समिति की बैठक में फैसला लिया गया है कि मांगें पूरी न होने के रोष स्वरूप पेंशनर्स 20 सितंबर को प्रदर्शन करेंगे।

## क्या पुनर्नियुक्तियां करना ही है 'व्यवस्था परिवर्तन' : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



बेरोजगारी दूर करने एवं व्यवस्था परिवर्तन का चोला पहनकर सत्ता में आई प्रदेश की कांग्रेस सरकार का विभागों में धड़ाधड़ पुनर्नियुक्तियां करना क्या यही व्यवस्था परिवर्तन है। भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर पलटवार करते हुए कहा कि 14वीं विधानसभा के प्रथम सत्र में आपने बहुत ही सिद्धांतों से भरा हुआ भाषण दिया था, जिसमें आपने डेपुटेशन एवं पुनर्नियुक्तियों और पर प्रदेश सरकार से प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। पूर्व मंत्री गर्ग ने पूछा कि आपके अपने जिला बिलासपुर में एक शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर, जो कि 8 माह पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके थे और सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए टिकट भी मांगा था, उन्हीं को फिर से उक्त पद पर बिठाने की क्या जरूरत पड़ी। शिक्षा निदेशक को जो सूची वरिष्ठता के आधार पर जिला बिलासपुर के प्रधानाचार्यों की भेजी गई थी, उस सूची को विभाग ने क्यों दरकिनार किया। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि उपनिदेशक जोगिंदर राव, जिनको पुनर्नियुक्ति 8 माह बाद दी, वह मंत्री राजेश धर्माणी के खास हैं और जिस अधिकारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करके 10 हजार रुपए टिकट मांगने के लिए भरे हो उस राजनीतिक पूर्ण अधिकारी को फिर से पद पर बिठाकर सरकार ने सभी नियमों एवं कानूनों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई हैं। कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है यह स्पष्ट हो गया है।

## लूट-खसूट पर उतरी सरकार : विश्व चक्षु

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर रहे एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर करारा हमला बोला है। विश्व चक्षु ने कहा कि कांग्रेस सरकार अब हाथ-मुंह धोकर लूट-खसूट की नीति पर उतर आई है। अब प्रदेश में जन कल्याणकारी सरकार की बजाय लूटेरों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि आम-गरीब लोगों के छोटे से राजस्व कार्यों के लिए भी अपने जेबें लूटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आखिर एक साधारण राजस्व आवेदन करने पर छह रुपए की टिकट के बजाय अब सीधे तीन गुना से भी अधिक 20 रुपए की वसूली की जा रही है, जबकि एक नकल की फोटोप्रति जो कि बाजार में भी डेढ़ से दो व तीन रुपए में मिलती है, उसके सरकारी दाम 20 रुपए तय कर दिए गए हैं।

## चालक की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नम्होल में एक गाड़ी चालक की गुंडागर्दी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह न केवल गलत दिशा में गाड़ी लगाता है बल्कि पुलिस कर्मियों पर भी रोब दिखाता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि चालक ने गलत जगह पर गाड़ी पार्क की और जब पुलिस ने उसे रोका, तो उसने नियमों का पालन करने के बजाय दादागिरी दिखाना शुरू कर दिया।

इस घटना के बाद नम्होल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं कि क्या वे किसी राजनीतिक दबाव में आकर ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से बच रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस अक्सर नियमों को दिखावे के लिए लागू करती है, लेकिन ऐसे मामलों में उनकी कार्रवाईयां खोखली साबित हो रही हैं। यदि इसी तरह चलता रहा तो लोगों में पुलिस की साख और नियमों के प्रति विश्वास कमजोर हो सकता है। लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को इन घटनाओं पर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।

## सीर उत्सव की स्मारिका के लिए रचनाएं मांगी

**घुमारवीं।** एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति सीर उत्सव घुमारवीं की स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। स्मारिका में जिला बिलासपुर के प्राकृतिक जल स्रोत, लोक संस्कृति, लोक साहित्य, लोक संगीत, लोक गाथाएं, पर्यटन स्थल एवं संबंधित अन्य विषयों पर लेख, कविता, गीत और लोक गाथाएं आमंत्रित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लेखकों की रचनाएं हिंदी भाषा या कहलूरी बोली में टाइप की हुई होनी चाहिए और लेखक रचना के साथ अपना पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करें। रचनाएं 20 सितंबर तक स्मारिका के संपादक डॉ. राजेश चौहान, एसडीएम कार्यालय में भेजी जा सकती है। एसडीएम ने सीर उत्सव की स्मारिका के प्रकाशन के लिए स्थानीय लेखकों और साहित्यकारों से आग्रह किया है कि वे उत्सव की स्मारिका को समृद्ध बनाने के लिए अपनी रचनाएं अधिक से अधिक संख्या में भेजें। उन्होंने कहा कि यह स्मारिका क्षेत्र की लोक संस्कृति, साहित्य और परंपराओं को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है, और इसके लिए स्थानीय लेखकों का योगदान अत्यंत सराहनीय होगा।

**मेले-त्योहार**

## शिव मंदिर बटोली से मेला स्थल तक निकाली जाएगी विशाल शोभा यात्रा, कबड्डी के मुकाबले होंगे

# जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह आज करेंगे सायर मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

तीन दिवसीय जिला स्तरीय सायर मेले का सोमवार को आगाज हो जाएगा। इस मेले का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान करेंगे। यह जानकारी देते हुए सायर मेला समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि सायर पर्व पर आयोजित होने वाला यह जिला स्तरीय सायर मेला तीन दिन तक चलेगा। 16 सितंबर को मेले का आगाज और 18 सितंबर को इसका समापन होगा।

मेले का शुभारंभ करने के लिए पहले श्री नयना देवी के विद्यायक रणधीर शर्मा आ रहे थे, परंतु जरूरी काम के चलते उनका आना कैंसिल हो गया। अब इस मेले का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान करेंगे। शुभारंभ से पूर्व सुबह दस बजे शिव मंदिर बटोली में मेले के सफल आयोजन को लेकर पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसके बाद शिव मंदिर बटोली से मेला स्थल तक विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें समिति के सदस्यों के अलावा क्षेत्र के लोग भी भाग लेंगे। मेला ग्राउंड में मुख्यातिथि द्वारा खूंटा गाड़कर मेले का आगाज किया जाएगा।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का मुख्यातिथि द्वारा अवलोकन किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर कबड्डी खेल में सब जुनियर प्रतियोगिता करवाई जा रही है, वहीं गाय तथा बैलों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। क्षेत्र के लोगों द्वारा मेले के आगाज पर कृषि तथा बागवानी उत्पादों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। दूसरे दिन भैसों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**सायर मेला समिति के सदस्यों की याद में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर**

इस बार इस जिला स्तरीय मेले में एम्स संस्थान बिलासपुर द्वारा दांतों तथा आंखों का शिविर लगाया जाएगा, जिसमें लोगों की आंखों तथा दांतों का फ्री में चेकअप किया जायएगा। इस बार मेला समिति ने इस संसार को अलविदा कह चुके मेला समिति के सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मेले के दूसरे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्णय भी लिया है। यह रक्तदान शिविर मेला समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष व मारकंड पंचायत के पूर्व प्रधान हंस राज शर्मा, मेला समिति के सदस्य बृज लाल ठाकुर तथा अर्जुन सिंह की स्मृति में लगाया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर भी एम्स बिलासपुर की तरफ से लगेगा और जो रक्त एकत्रित होगा वो एम्स बिलासपुर को जाएगा। इसके साथ ही आयुर्वेदिक विभाग की तरफ से मेले में चिकित्सा तथा योग शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जा रहा। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में चंबा के सावन जरियाल तथा मंडी की दीपिका धमाल मचाएंगी।

# राजगढ़ के सीआरपीएफ जवान का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार





हवलदार कृष्ण गोपाल को सलामी देते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के जवान तथा (दाएं) शव यात्रा में भाग लेते हुए स्थानीय लोग।

**आदर्श यादव, नेरचौक**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ गांव के केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की 31बी बटालियन में दिल्ली में तैनात एक जवान की ड्यूटी के दौरान अचानक मौत हो गई। 42 वर्षीय कृष्ण गोपाल नामक जवान हवलदार पद पर तैनात थे, जिसकी जून महीने में अचानक तबीयत खराब हो गई।

तबीयत खराब होते देख बटालियन ने इन्हे मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में दाखिल करवाया, जहां चिकित्सकों ने इन्हें पीलिया, हेपेटाइटिस सी रोग से ग्रस्त बताया। तबीयत नाजुक होती देख चिकित्सकों ने इन्हें वेंकटेश्वर मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारका में रैफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत शनिवार को सुबह 7:45 बजे उनकी मौत हो गई। बटालियन की ओर से परिजनों को जैसे ही इसकी सूचना दी गई तो पूरे क्षेत्र में माहौल गमगीन हो गया। रविवार सुबह इंस्पेक्टर रमेश चंद्र की अगवानी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस की एक टुकड़ी पूरे मान सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव राजगढ़ लेकर आई जहां करोल बाग शमशान घाट पर इनका अंतिम संस्कार पूरे मान सम्मान के साथ किया गया।

सेना की टुकड़ी ने इन्हें सलामी दी। बेटे एहम ने मुखा अग्नि दी। शव यात्रा में सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर इन्हें अंतिम विदाई दी। हवलदार कृष्ण गोपाल अपने पीछे पिता ईश्वर चंद, पत्नी दीपा कुमारी, बेटा एहम, बेटी आशना को छोड़ गए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्ट की ओर से इंस्पेक्टर रमेश चंद्र ने उनकी पत्नी दीपा कुमारी को 50,000 रुपए फौरी राहत के तौर पर दिए। हवलदार कृष्ण गोपाल का जन्म 27 अक्तूबर 1982 को राजगढ़ गांव में ईश्वर चंद के घर हुआ था।

वह 2003 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में भर्ती हुए। इन्होंने 21 वर्ष 3 माह अपनी सेवाएं देश के लिए प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा, कैहड़ पंचायत के प्रधान हंसराज वर्मा, रिगड़ पंचायत के प्रधान चंद्र प्रकाश नलसर पंचायत के प्रधान जिंदर कुमार व स्थानीय पुलिस के जवानों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार बयानबाजी से ही काम चलाना चाहती : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हर विधान सभा सत्र में रुकी हुई भर्तियों को जारी करने का आश्वासन देती है, लेकिन परिणाम निकालने का प्रयास नहीं कर रही है। सरकार बयानबाजी से ही काम चलाना चाहती है, लेकिन युवा अब बेसब्र हो रहे हैं, इंतजार बहुत लंबा हो गया। इसके अलावा



सरकार के किसी न किसी प्रतिनिधि का हर दिन अखबारों में बयान आते हैं कि जल्दी ही नई भर्तियां निकलेगी। पुरानी भर्तियों के परिणाम घोषित होंगे, लेकिन यह बातें सिर्फ जुबानी जमा खर्च से आगे नहीं बढ़ पाते हैं। सबसे दुःखद पहलू यह है कि सरकार परिणाम जारी करने का रास्ता नहीं निकालना चाहती हैं। जानकर बूझकर भर्तियों को लटका रही है। लगभग दो साल से युवा सड़कों पर इंतजार कर रहे हैं। युवा अब आश्वासनों से थक गए हैं। इतने लंबे समय तक सिर्फ आश्वासनों से काम नहीं चल सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि डेढ़ साल से सरकार सिर्फ आश्वासन के सहारे चल रही है। अब बयानबाजी से काम नहीं चल सकता है।

### भाजपा ही समूचे समाज की पार्टी : बिंदल

**अनंत ज्ञान, सिरमौर/सोलन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने नाहन शहर के वार्ड नं.-8 में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सदस्यता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दलों ने भ्रष्टाचार बढ़ाया और देश विरोधी लोगों को ताकत प्रदान की। बिंदल ने कहा कि 2 सितंबर 2024 को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से किया गया।



भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र पार्टी है, जहां प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक, राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक और जिलाध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को 6 वर्ष बाद अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाना होता है। यह और किसी राजनीतिक पार्टी में संभव नहीं हो सकता है, क्योंकि बाकी सभी पार्टियां जाति, क्षेत्र, परिवार या विशेष समुदाय पर आधारित पार्टी हैं। केवल भारतीय जनता पार्टी ही सबकी और समूचे समाज की पार्टी है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म दिवस है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि इस उपलक्ष पर प्रदेश भाजपा ने जहां मोदी जी को बधाई एवं शुभकामनाएं भेजी वहीं हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी।

### कांग्रेस झूठ, फरेब को बढ़ावा दे रही: सत्ती

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता बदमाश है, झूठ बोल कर जनता को गुमराह करते है।



उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेताओं का जहां मन करे वहां एसपी ऑफिस खोलने को इनके पास पैसे है, सरकार के मित्रों के लिए भी पैसे है। सरकार में अनेकों केबिट रैंक, 6 सीपीएस सहित अपने मित्रों को आर्थिक लाभ देना सरकार की कार्यप्रणाली के भाग बन गया है, पर इसके विपरीत कांग्रेस के पास कर्मचारियों, गरीबों, मरीजों और विकास के लिए पैसे नहीं है। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है जब सरकार के कर्मचारियों को वेतन और पेंशन समय पर नहीं मिली है। सच तो यह है की इस सुख की सरकार में प्रदेश में केवल दुख ही दुख है। यह कांग्रेस की सरकार केवल छल, कपट और धोखे की सरकार है, जनता को गुमराह करने में यह कांग्रेस सरकार माहिर है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने वोट प्राप्त करने के लिए हिमाचल प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में अपने झूठ को सिद्ध करने के लिए कांग्रेस हर प्रकार का झूठ, फरेब, नकाबपोशी जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है।

## कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग का किया पुनर्गठन : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने आबकारी एवं कराधान विभाग का पुनर्गठन किया है जिसके तहत वस्तु एवं सेवा कर विंग और आबकारी विंग बनाए गए हैं। विभागीय कार्यों को सुव्यवस्थित करने और लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि अलग विंग बनाने का निर्णय काफी समय से लंबित था, विशेषकर जुलाई 2017 से जब जीएसटी अधिनियम लागू किया गया था।



वर्तमान राज्य सरकार ने इसकी आवश्यकता को महसूस करते हुए यह पहल की है। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्यकुशलता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए अलग-अलग विंग बनाने की बहुत आवश्यकता थी। विभिन्न कानूनी संरचनाओं और नियामक आवश्यकताओं को देखते हुए, तकनीकी, कानूनी और नियामक पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने और जनता को अधिक प्रभावी ढंग से सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा। इससे कार्यभार का समान बंटवारा और सुदृढ़ क्षेत्रीय संचालन भी सुनिश्चित होगा।

सुक्खू ने कहा कि प्रत्येक विंग में विशेषज्ञों के होने से, अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रित विशेषज्ञता विकसित करने से कार्यकुशलता में सुधार आने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर अधिकारी करदाता सेवाओं और राजस्व निगरानी पर ध्यान केंद्रित करेंगे जबकि आबकारी विंग अपने संचालन के सामाजिक प्रभाव को देखते हुए नियामक कार्यों को संभालेगा। उन्होंने कहा कि अभी अधिकारियों पर कई तरह के कार्यों का बोझ है जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है। विभाग के पुनर्गठन से जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन होगा जिससे इस मुद्दे को हल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन के तहत 38 नए पद सृजित किए जाएंगे।

कहानी-15

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## यहां 175 साल से अखंड धूना आस्था का केंद्र

### ऊना जिले का ऐतिहासिक नारी गांव हिंदू धर्म का है ध्वजवाहक

हिमाचल को देवभूमि यूं ही नहीं कहते। यहां हर गांव का इतिहास धर्म-संस्कृति से जुड़ा है। भले ही कई गांव विकास के मामले में पिछड़ चुके हों, लेकिन धर्म और देव आस्था उनके हौसलों को उड़ान दे रही है। आज हम हर गांव कुछ कहता है सीरीज के तहत ऊना जिले के एक ऐसे ही गांव की रोचक कहानी आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। इस खूबसूरत गांव का नाम है नारी जो हिंदू धर्म का ध्वजवाहक होने के साथ अपने आप में गौरवमयी इतिहास समेटे हुए है ।



राजेश शर्मा
ऊना

कृषि प्रधान नारी गांव में अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। इस गांव की पहचान एक प्रसिद्ध धार्मिक डेरे के कारण दुनिया भर में है। गांव में उत्तरी भारत का सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने वाला डेरा बाबा रुद्रु जी का अखंड धूना है। करीब 175 साल से जल रहे इस अखंड धूने और डेरे के प्रति करोड़ों लोगों की आस्था है। गांव के बीचोंबीच स्थित इस डेरे में 1864 से अटूट लंगर भी चल रहा है। डेरे के अंदर एक संस्कृत वेद विद्यालय था, जो अब संस्कृत महाविद्यालय बन चुका है । यहां संस्कृत साहित्य का प्रचार और प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में डेरे के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज इस डेरे का जिम्मा संभाल रहे हैं। नारी गांव के धार्मिक डेरे को लेकर एक कहावत भी हिमाचल, पंजाब और देश भर में प्रचलित है। कभी आपने भी किसी को कहते हुए सुना होगा कि यहां कोई बाबा रुद्रु का लंगर नहीं लगा है। मतलब यह कि यहां चाहे कोई भी व्यक्ति किसी जाति, धर्म और संप्रदाय का पहुंचता है तो उसे चौबीस घंटे लंगर मिलेगा।

नारी गांव के धार्मिक डेरे की बात करें तो यहां स्वामी रुद्रानंद महाराज जी ने धूने की स्थापना 1850 में की थी। इसके पश्चात, स्वामी परमानंद महाराज, स्वामी आत्मानंद महाराज के बाद स्वामी सुग्रीवानंद महाराज डेरे का संचालन कर रहे हैं। महाराज ने आचार्य हेमानंद जी को अपना उत्तराधिकारी भी तय किया है। इस डेरे के संचालन के लिए वर्तमान में ट्रस्ट भी कार्य कर रहा है जिसके स्वयं सुग्रीवानंद महाराज अध्यक्ष हैं। इसके अलावा राजेंद्र भारद्वाज ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सचिव हैं। उनके अलावा दो सदस्य हैं। एक सदस्य की मौत हो चुकी है। वर्तमान में स्वामी सुग्रीवानंद महाराज जी ने अस्वस्थ होने के कारण अपना कार्यभार भी सचिव राजेंद्र भारद्वाज को सौंपा है। बताना जरूरी है कि इस ब्रह्म गद्दी पर ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला ब्रह्मचारी ब्राह्मण ही आसीन हो सकता है।





डेरा बाबा रुद्रु आश्रम

डेरे के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज

### डेरे के कारण बढ़ा व्यवसाय



**नारी** और आसपास के लोगों द्वारा डेरे के बाहर छोटी - छोटी दुकानें चलाकर अपना व्यवसाय भी शुरू किया है। कई लोगों को इस डेरे के कारण रोजगार भी मिला है। हालांकि, नारी गांव में अधिकांश लोग कृषि के व्यवसाय से जुड़े हैं। लोग मुख्य तौर पर मक्की, आलू और गेहूं की फसल हासिल करते हैं। मुख्य तौर पर ट्रैक्टर का कृषि के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



जागीरी राम



सुरेंद्र कुमार

**गांव** के लोगों का कहना है कि पीने के पानी और एक पुल की कमी जरूर है। हालांकि, गांव तक पक्का रास्ता बन चुका है। नारी गांव के सेवानिवृत्त कर्मचारी जागीरी राम का कहना है कि गांव विकास की दृष्टि से अभी तक पिछड़ा है। इतना बड़ा इतिहास लेकर चल रहे गांव में अगर अपर नारी की बात करें, तो वहां दूसरे गांव को जोड़ने वाले पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। आज भी लोगों को अपने श्मशानघाट तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का सफर तय करके दूसरे गांव से होकर पहुंचना पड़ता है। नारी गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि इस गांव में ऐतिहासिक डेरा पूरे विश्व में गांव को अलग पहचान दिलाता है। गांव में पेयजल की समस्या है। जनप्रतिनिधियों ने यहां इस कमी को दूर करने का दावा किया था जो अभी तक दूर नहीं हो पाई है। यहां किसानों को सिंचाई की सुविधा सरकार की ओर से दी गई है।

### क्या कहते हैं पंचायत उपप्रधान



हरीश कुमार
उप प्रधान

**ग्राम** पंचायत के उपप्रधान हरीश कुमार का कहना है कि डेरे के नाम से जुड़कर यह गांव एक तीर्थ स्थल के तौर पर विख्यात हो चुका है। डेरे के अखंड धूना और अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज का गांव पर पूरा आशीर्वाद बना हुआ है। गांव में कुछ विकास कार्य हुए हैं और कुछ काम करवाने के लिए योजना तैयार की गई है।

### नारी गांव के लोग डेरे में करते हैं सेवा



**इस** गांव के लोग प्रतिदिन डेरे में पहुंचकर सफाई और लंगर तैयार करने में मदद करते हैं। महिलाएं, युवक और पुरुष सुबह और शाम श्रमदान करते हैं। यहां वेद विद्यार्थियों द्वारा जब आरती की जाती है तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब जाता है। यहां करीब 300 कमरे यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं, जहां निशुल्क रहने की व्यवस्था है।

### चंद्रताल झील जा रहे हैं तो रहें सावधान

## लाहौल-स्पीति पुलिस ने चंद्रताल से हटाई चेक पोस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल स्पीति की चंद्रताल झील की ओर घूमने जा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। पहाड़ियों पर लगातार हो रही बर्फबारी से चंद्रताल झील के क्षेत्र का पारा लुढ़क गया है। बढ़ती ठंड हो देखते हुई लाहौल-स्पीति पुलिस ने चंद्रताल से अपनी चेक पोस्ट को हटा लिया है। चेक पोस्ट के हट जाने से पर्यटकों के लिए अब कोई सहारा नहीं रह गया है।

हालांकि स्थानीय युवाओं के टेंट अभी भी लगे हैं, लेकिन चेक पोस्ट के हटा लेने से चंद्रताल जाना जोखिम भरा हो गया है। प्रशासन ने पर्यटकों सहित सभी राहगीरों से मौसम अपडेट से अवगत रहने की बात कही है। जिला प्रशासन के अनुसार चंद्रताल क्षेत्र में लगातार गिरते तापमान के कारण रविवार को मौसमी पुलिस चेक पोस्ट बंद कर दी गई है।

इस दिशा में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और आवश्यक तैयारियों के साथ यात्रा करें। प्रशासन ने सभी यात्रियों को सलाह दी है कि वे मौसम अपडेट से अवगत रहें और सभी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करें। सुरक्षा के मद्देनजर, लोसर और कोकसर में पुलिस चेक पोस्ट सक्रिय हैं और यात्रियों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। सनद रहे कि कोकसर और लोसर के आगे चंद्रताल क्षेत्र में नेटवर्क की उपलब्धता नहीं है इसलिए प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन चेक पोस्ट पर रुककर अपने परिजनों को अपनी यात्रा के बारे में सूचित करें, क्योंकि इसके बाद 8 से 9 घंटे का रास्ता बिना नेटवर्क के होगा, जिससे संचार में कठिनाई हो सकती है। इस ओर जाने वाले सभी यात्री अपनी जानकारी कोकसर और लोसर पुलिस चेक पोस्ट पर अवश्य दें। पुलिस ने मनाली काजा के बीच सफर करने वालों को कोकसर ओर लोसर चेक पोस्ट में अपना नाम दर्ज करवाने की सलाह दी है।

## 25 लाख से होगा बगैन स्कूल भवन का निर्माण कार्य : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिला घूनड के बगैन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उचित कदम उठाए जा रहे है ताकि छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने कम छात्रों वाले स्कूलों को मर्ज करने का फैसला लिया है ताकि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाई जा सके।



शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगैन के अधूरे भवन निर्माण को पूर्ण करने के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन का भवन आपदा से क्षतिग्रस्त हुआ था जिसका पुन: निर्माण करना अवशायक है। शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भी 12 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### दो बच्चों की विधवा मां के साथ दुष्कर्म

**शिमला ।** शिमला में दो बच्चों की विधवा मां के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जिस शख्स पर दुष्कर्म का आरोप लगा है, वो पीड़िता से उम्र में चार वर्ष छोटा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता और आरोपी ऊना जिला के मूल निवासी हैं। पीड़िता शिमला में प्राइवेट नौकरी करती है और उसके दो बच्चे हैं।

महिला के पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। 34 वर्षीय विधवा ने महिला पुलिस थाना में शिकायत दी है कि शुभम (30) नामक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और अब शादी करने से इंकार कर रहा है।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। शिमला पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (2), 417 व 506 में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।




आस्तित्व की जंग

### गोविंदसागर झील में एक बार फिर डूबी बिलासपुर की संस्कृति

# जलस्तर बढ़ने से रंगनाथ मंदिर पानी में डूबे

**शुभम राही, बिलासपुर**

हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब को रोशन करने वाला जिला बिलासपुर आज अपने इतिहास को संभाल नहीं पाया है। एक बार फिर से बिलासपुर का इतिहास काफी समय के लिए पानी में जलमग्न हो गया। बिलासपुर जिला के पौराणिक रंगनाथ मंदिर फिर से पानी में डूब गए।

यह मंदिर हर साल झील में पानी का जलस्तर बढ़ने के चलते पानी में समा जाते हैं और पानी कम होने पर यह मंदिर एक बार फिर कई महीनों के लिए पानी से बाहर आ जाते है। बिलासपुर का इतिहास संजोए हुए यह पौराणिक मंदिर आज भी अपने आस्तित्व की जंग लड़ रहे है।



प्रदेश और केंद्र सरकार इन मंदिरों को स्थापन को लेकर आज तक कोई ठोस योजना तैयार नहीं कर पाया। बीते साल की बात करें तो इन पौराणिक मंदिरों के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार के लिए 1400 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की गई थी, लेकिन अंततः यह परियोजना न तो कागजों में टिक पाई और न ही धरातल पर। प्रदेश में कई सरकारें आई ओर चली गई, लेकिन इन मंदिरों को शिफ्ट करने के लिए कोई भी सरकार गंभीर नहीं दिखाई दी, जिसका परिणाम हर साल यह आता है कि गोविंदसागर झील में हर साल पानी चढ़ता है तो यह मंदिर पानी में समा जाते हैं और पानी उतरते ही यह मंदिर पानी से बाहर आ जाते हैं।

भाखड़ा बांध बनने से वर्ष 1960 में बिलासपुर के कई ऐतिहासिक मंदिर गोविंदसागर झील में डूब गए थे। इनमें रंगनाथ मंदिर, खनेश्वर, नर्वदेश्वर, गोपाल मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर, बाह का ठाकुरद्वारा, ककड़ी का ठाकुरद्वारा, नालू का ठाकुरद्वारा, खनमुखेश्वर मंदिर प्रमुख हैं।

इनमें कई मंदिर गोविंदसागर झील में डूब गए, जबकि कुछ मंदिर हर साल झील का पानी बढ़ने से समाधि लेते हैं, जबकि गर्मियों में गाद में धंसे दिखाई देने लगते हैं। (अनंत ज्ञान)

### शिफ्टिंग, लिफ्टिंग और रेप्लिका की थी योजना

शिफ्टिंग में मंदिरों के पत्थरों को निकालकर समान शैली के आधार पर मंदिरों का निर्माण किया जाएगा या अगर संभव हुआ तो मंदिरों को उठाकर चिह्नित जगह पर स्थापित किया जाएगा।

लिफ्टिंग में मंदिरों को गोबिंदसागर झील के किनारे ही 20 फीट ऊपर उठाया जाएगाए ताकि मंदिर पानी में न डूबें। वहीं रेप्लिका में मंदिरों को उसी शैली में नया प्रतिरूप बनाकर उन्हें चिह्नित जगह पर स्थापित किया जाएगा। इस योजना में इन मंदिरों के पुर्नस्थापन की योजना थी।

## न्यूज ब्रीफ

### मटौर में हिंदी दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं



अनंत ज्ञान, कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय मटौर में हिंदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, कविता पाठ, निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है। ये हमें हमारे समृद्ध इतिहास, साहित्य और परम्पराओं से जोड़ती है। यह हमारी अनेकता में एकता का प्रतीक है। हिंदी दिवस हमें हिंदी के महत्त्व और इसके प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है।तदोपरांत शुरू हुई प्रतियोगिताओं के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने पहला, आंचल ने दूसरा स्थान हासिल किया । निबंध लेखन में आकांक्षा पहले, अभिलाष दूसरे, नैंसी तीसरे स्थान पर रहे। कविता पाठ में ज्योतिका ने पहला, शायनी दूसरा, अनामिका तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन में सुलोचना पहले,निकिता चौधरी दूसरे, दीपक प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षक वर्ग मौजूद रहा।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस



**अनंत ज्ञान,कांगड़ा।** ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय राजोल में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। हिन्दी दिवस पर कविता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पायल ठाकुर और कामिनी बीएड तीसरे सत्र से रही, द्वितीय स्थान पर छवी बीसीए पहले सत्र से और शबनम बीबीए तीसरे सत्र से रही। कविता प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर मानसी बी एड तीसरे सत्र से दुसरे स्थान पर कनुष बीबीए प्रथम सत्र से तथा तीसरे स्थान पर अनामिका बीबीए प्रथम सत्र से रही। महाविद्यालय की प्राचार्या विजेयता चौधरी ने सभी छात्रों को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा हिन्दी को आगे बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा चलन में लाने की बात कही। इस कार्यक्रम मे कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### भवारना में 21 और 22 को होंगी स्पर्धाएं



**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की गत दिवस भवारना में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव सिंह चौधरी ने की। इस मौके पर अध्यक्ष ध्रुव सिंह चौधरी ने कहा कि 21 और 22 सितंबर को एसोसिएशन भवारना द्वारा स्ट्रेंथ लिफ्टिंग, आर्म रेस्लिंग (पंजा लड़ाना) एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, एंड मास्टर्स महिला और पुरुष वर्ग में खेल प्रतियोगिता करवाई जा रही हैं। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सुलह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगजीवन पाल करेंगे। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में आर्म रेस्लिंग (पंजा लड़ाना) खेल प्रतियोगिता राज्य स्तर पर पहली बार होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है। इस मौके पर स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के अध्यक्ष ध्रुव सिंह, आर्म रेस्लिंग के अध्यक्ष डॉ. पंकज जम्वाल, महासचिव अजीत सिंह, सहसचिव पवन कुमार, सैलाब जोशी, सौरभ व रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हिंदी भाषा भारत की एकता और विविधता का प्रतीक : डॉ. आरएस गिल

## राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में उत्सव के रूप में मनाया हिंदी दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में हिंदी दिवस एक उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएस गिल रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि सृष्टि के निर्माण से भी भाषा का संबंध मानव समाज से रहा है। मानव जीवन में भाषा एक अभिन्न अंग है, जिसके बिना मानव गूंगा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र है। भाषा की जननी और साहित्य की गरिमा हिंदी भाषा जन आंदोलन की भी भाषा रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति एकता और विविधता का प्रतीक है। डॉ. गिल ने कहा यह हमें समृद्ध साहित्य, इतिहास साहित्य और परंपराओं से जोड़ती है। हिंदी दुनिया भर में करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। उन्होंने कहा हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं, बल्कि राजभाषा भी है। डॉ. गिल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी ने जिस तीव्र गति से विकास किया वह पूर्ण प्रशंसनीय और गौरवमयी है। हिंदी के शब्द सामर्थ्य पर किसी भी प्रकार का संदेह नहीं किया जा सकता। अंत में उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस इसलिए मनाया जाता है कि वर्ष में एक दिन इस बात को लोगों के समक्ष रखना है कि जब तक वह हिंदी का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं करेंगे तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने एक दिन सभी सरकारी कार्यालय में अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. गिल ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इसकी उपयोगिता से लोगों को परिचित करवाएं तथा अपनी दैनिक जीवन में इसका उपयोग करें।

## मूर्ति विसर्जन



**अनंत ज्ञान, गगल।** भड़याडा बल्ला के सैकड़ों गणेश भक्तों ने शोभा यात्रा में भाग लेकर भगवान गणेश की प्रतिमा को डीजे की धुनों पर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू फिर आना के नारे पर बनेर नदी में विसर्जन किया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र भर से सैकड़ों भक्तों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

## डॉ. बिंदल कल से कांगड़ा प्रवास पर

**धर्मशाला।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल मंगलवार से दो दिवसीय कांगड़ा प्रवास पर पहुंचेंगे। प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने बताया कि दो दिवसीय इस दौरे के दौरान प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 18 सितंबर को डॉ. राजीव बिंदल पालमपुर में भाजपा के संयुक्त मोर्चा व संयुक्त प्रकोष्ठ की बैठकों में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लेंगे।

## शिक्षा के साथ खेलों को भी बनाएं अपने जीवन का हिस्सा : रविंद्र बिट्टू



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जिला स्तरीय अंडर 19 लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला पपरोला में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू बतौर मुख्यतिथि के रूप में मौजूद रहे। बिट्टू ने युवा खिलाड़ियों को कहा की शिक्षा के साथ विधार्थी जीवन में खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपने जीवन का लक्ष्य तय करें। आज के समय में विधार्थियों को खेलकूद में अपनी प्रतिभा दिखाने का समय समय पर अवसर मिलता है, जिसका खिलाड़ियों को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। प्रदेश सरकार स्कूली विधार्थियों व खिलाड़ियों के लिए नई योजनाएं तैयार कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने वॉलीबाल में विजेता नूरपुर जोन, उपविजेता सुलह जोन, खो-खो में टाई विजेता बैजनाथ जोन व सुलह जोन, कबड्डी में विजेता इंदौरा जोन व उपविजेता सुलह जोन के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भेंट कीं।

## डाडासीबा में आज होगा महादंगल

**डाडासीबा।** डाडासीबा में 16 सितंबर को महादंगल होगा। इसमें नामी पहलवान अपना जौहर दिखाएंगे। डाडासीबा दंगल कमेटी के आयोजकों ने बताया कि इस दंगल मेले के मुख्य अतिथि लोटस स्कूल सदवां के संस्थापक अश्विनी ठाकुर होंगे, वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दोपहर बाद इसी मैदान में सायर मेले के साथ-साथ नामी पहलवानों जैसे नेपाली पहलवान देव थापा, जोनी अटारी, सुनील जीरकपुर व सोनू हिमाचल का बहुत बड़ा दंगल होगा। फाइनल माली के लिए 51000 रुपए राशि तय की गई है। इस महादंगल में हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। इस मौके पर उन्होंने हिमाचल व पंजाब के कुश्ती प्रेमियों सहित सभी स्थानीय निवासियों से इस महादंगल में ज्यादा से ज्यादा पहलवानों से हिस्सा लेने की अपील की है।

## कवयित्री काव्या को नेपाल में मिला सम्मान

### नेपाल की शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



कांगड़ा जिले की प्रसिद्ध कवयित्री तथा लेखिका को नेपाल में सम्मानित किया गया है। नेपाल के लुंबिनी में आयोजित किए गए एक अंतरराष्ट्रिय स्तर के कार्यक्रम में जवाली की काव्य वर्षा को सम्मानित किया गया है। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से सम्मानित किया गया है।

हिंदी दिवस के मौके पर शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित किए गए हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में बहुमुखी प्रतिभा की धनी रचनाकार तथा युवा साहित्यकार काव्य वर्षा को हिंदी काव्य रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। ख्याति प्राप्त लेखिका हैं, जिनकी कई रचनाएं देश विदेश की विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं तथा साहित्य के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए अब तक दर्जनों सम्मान मिल चुके हैं। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने कहा कि काव्य वर्षा की रचना जीवंत लगती हैं।

कविता में बड़े अच्छे शब्दों का चयन किया है। ऐसे लेखकों से ही असल समाज का निर्माण होता है जो विकास और सकारात्मक परिवर्तन के लिए लिखते हैं। प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमेरिका, कनाडा तथा तंजानिया से 6742 महिला पुरुष रचनाकारों की सहभागिता थी, जिसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### विदेशों में मिला सम्मान अपने देश में गुमनाम

**उठने** व चलने में असमर्थ काव्य अपने नाम के अनुरूप कलम की धनी है तथा कविताएं व कहानियां लिखती हैं। बावजूद इसके इस प्रतिभा के हाथ आज भी खाली हैं। कहानियां तो सफल हो गई, मगर इनका मेहनताना उसे आज तक नहीं मिल पाया है। उसकी कहानियों पर न सिर्फ शॉर्ट फिल्में बन चुकी हैं, बल्कि अवार्ड पाकर विदेशों में भी प्रदर्शित होकर नाम कमा चुकी हैं। काव्य वर्षा आज भी आर्थिक मदद की राह ताक रही है तथा सरकारी तंत्र तथा खुद के सामाजिक संस्था होने का दावा करने वाले संगठनों के प्रति उसकी आंखों में नाउम्मीदी साफ झलकती है। वह अब भी अपनी लड़ाई अपने दम तथा कुछ गिने चुने मददगारों के दम पर लड़ रही है।

# हेल्थ इज वेल्थ


## डायबिटीज से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

### मधुमेह से अंधापन, किडनी फेलियर और पैरों के निष्क्रिय होने का रहता है खतरा

**दुनियाभर में हर साल डायबिटीज़ से दस लाख से ज़्यादा लोगों की मौत हो रही है और यह बीमारी किसी को कभी भी है। एक ऐसी बीमारी के तौर पर उभरी है जो बेहद तेजी से बच्चों से लेकर युवाओं को अपनी चपेट ले रही है। हिमाचल प्रदेश भी डायबिटीज की समस्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बीमारी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है।**




*हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि यह बीमारी तब होती है जब शरीर के अंदर रक्त में ग्लूकोज या शुगर की मात्रा जमा होने लगती है। इससे पीड़ित लोगों को हार्ट अटैक (दिल का दौरा) और हार्ट स्ट्रोक (हृदयाघात) हो सकता है। इसके साथ-साथ डायबिटीज से अंधापन, किडनी फेल और पैरों के निष्क्रिय होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में इस समय 42.2 करोड़ लोग डायबिटीज यानी मधुमेह से पीड़ित हैं। बीते 40 सालों में मधुमेह की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या चार गुना बढ़ गई है, लेकिन इसके बाद भी आम लोगों में इस बीमारी के लक्षणों, बचाव और कारणों को लेकर जागरूकता नहीं है। इसकी चपेट में आए आधे से ज्यादा लोगों को बीमारी के बारे में मालूम नहीं होता। हालांकि जीवनशैली पर नियंत्रण करके इस पर काबू पाया जा सकता है।*



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### क्या है डायबिटीज

*जब हम लोग खाना खाते हैं तो हमारा शरीर कार्बोहाइड्रेट तोड़कर ग्लूकोज में बदलता है। पैंक्रियाज से इंसुलिन नामक हार्मोन निकलता है, जिसकी मदद से हमारे शरीर की कोशिकाएं शुगर को सोख कर ऊर्जा बनाती है। जब हमारे शरीर में इंसुलिन का बनना कम हो जाता है या वह ठीक से काम नहीं करता है तो कोशिकाएं खून में मौजूद शुगर की मात्रा को सोखने में असमर्थ हो जाती हैं।*

### संतुलित डाइट और नियमित व्यायाम ही बचाव

*डायबिटीज आनुवांशिक होने के बावजूद आप अपने खून में ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करके खुद को डायबिटीज से बचा सकते हैं। संतुलित डाइट और व्यायाम करने से ऐसा किया जा सकता है। प्रोसेस्ड फूड और ड्रिंक्स के इस्तेमाल बंद करके सफेद ब्रेड और पूरे भोजन के लिए पास्ता खाना इस दिशा में पहला कदम हो सकता है। आप अपनी रोजाना की डाइट में सब्जियां, फल, फलियां, और साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं इसके साथ-साथ सेहतमंद तेल, बादाम के साथ-साथ सार्डाइंस, सालमन और मेकरेल जैसी मछलियों को भी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं, क्योंकि इनमें ओमेगा 3 तेल की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। नियमित अंतराल पर खाना खाना जरूरी है और जब पेट भरा हो तो कुछ नहीं खाना चाहिए।*

प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना

## बदन दर्द और इसके कारण



शरीर में आमतौर पर दर्द तभी महसूस होता है, जब कोई व्यक्ति किसी बीमारी से ग्रसित हों। इसके अलावा बिजी शेड्यूल की वजह से भी थकान और दर्द होने लगता है। हालांकि आराम करने और पर्याप्त नींद लेने के बाद भी यह समस्या देखने को मिलती है। बदन दर्द के कई कारण हो सकते हैं। इने में से कुछ हैं:

### नींद पूरी न होना

*एक्सपर्ट्स की मानें को नींद पूरी न होना बदन दर्द का कारण बन सकता है। रोजाना 6 से 8 घंटे की नींद लेना बहुत जरूरी होता है। पर्याप्त नींद लेने से शरीर अपने ऊर्जा संसाधनों को दोबारा उत्पन्न करता है, जिससे शरीर तरोताजा महसूस करता है। नींद पूरी नहीं होने से शरीर में एनर्जी लेवल कम होता है, जिससे दर्द भी हो सकता है।*

### पानी की कमी

*पानी की कमी भी बदन दर्द का कारण बन सकती है। पर्याप्त पानी नहीं पीने से शरीर में पानी का लेवन कम होने लगता है, जिससे थकान महसूस होती है।*

### तनाव (टेंशन)

*तनाव शरीर को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। इससे बॉडी में वीकनेस होने लगती है और जल्दी बुढ़ापा आने की संभावना बढ़ जाती है। इम्यूनिटी का स्तर कम होने से शरीर में दर्द होता है।*

### आयरन की कमी

*आयरन की कमी होने से शरीर के कई हिस्सों में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की मात्रा कम हो जाती है, जिससे कमजोरी और थकान महसूस होने लगती है। शरीर को विटामिन-डी की सही मात्रा न मिलने से भी बदन दर्द हो सकता है।*

### बदन दर्द से ऐसे करें बचाव

**रोजाना** एक्सरसाइज करने शरीर न सिर्फ फीट रहता है, बल्कि मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से भी छुटकारा मिलता है। हेल्दी चीजों का सेवन करने से शरीर को दर्द से लड़ने के लिए आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे शरीर की कमजोरी भी दूर होती है। पर्याप्त नींद लेना शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। इससे थकान और दर्द से राहत मिलती है। तनाव को कम करके भी शरीर से जुड़ी कई समस्याओं से निजात मिल सकता है। इसके लिए योग और ध्यान करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। खराब मुद्रा भी शरीर में दर्द का कारण बन सकती है। इसलिए चलते समय सीधे सामने देखना और सिर को रीढ़ की हड्डी के ऊपर संतुलित रखना जरूरी होता है। हमेशा रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और अपने कंधों को आराम दें।

**नोट : यह लेख केवल सामान्य जानकारी को प्रदान करता है। इनको केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह की किसी भी जानकारी पर अमल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।**

## नींद में दांत पीसना हो सकती है गंभीर बीमारी



ब्रुक्सिज्म जिसे आम बोलचाल की भाषा में दांत पीसना कहते हैं, यह समस्या लोगों को अनजाने में ही होती है। वैसे तो दांत पीसने की आदत किसी भी समय हो सकती है, लेकिन ज्यादातर मामलों में यह समस्या रात को सोते समय होती है। दांत पीसने की आदत से कई और समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। दांत पीसने के कारण दांतों की ऊपरी परत हट जाती है। इस सुरक्षात्मक परत को एनेमल कहा जाता है. वहीं कुछ मामलों में ब्रुक्सिज्म से चेहरे की मांसपेशियों में दर्द और दूसरी समस्याएं भी हो सकती हैं. इसके अलावा सेहत से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं हो सकती है. ऐसी कंडिशन में दांत में चोट आना, सिर दर्द होना और जबड़े से संबंधित समस्या का खतरा बढ़ सकता है. थेरेपी, दवाएं और लाइफस्टाइल में बदलाव करके इस समस्या से निजात पाया जा सकता है।

### ब्रुक्सिज्म के प्रकार

#### अवेकन ब्रुक्सिज्म

जिन लोगों को दिन के समय दांत पीसने की आदत होती है, ऐसे लोग अवेकन ब्रुक्सिज्म का शिकार होते हैं. इस समस्या से ग्रस्त लोगों को तनाव, गुस्से जैसी समस्याओं का शिकार होते हैं।

#### स्लीप ब्रुक्सिज्म


यह समस्या सोते वक्त होती है। इस दौरान व्यक्ति को पता नहीं होता है कि वह दांत पीस रहे हैं। इसकी वजह से कई लोगों को सिर दर्द, जबड़े में दर्द और दांत से जुड़ी समस्याएं हो सकती है।

### ब्रुक्सिज्म की रोकथाम

शराब, सिगरेट और नशीले पदार्थों का सेवन करने से बचें। पेन, पेंसिल, पिन या किसी भी प्रकार की चीज को चबाने की आदत छोड़ दें। चाय, कॉफी, चॉकलेट और कोल्ड ड्रिंक का सीमित मात्रा में सेवन करें। समय-समय पर डॉक्टर से संपर्क जरूर करें। अगर दांत संबंधी कोई समस्या है, तो उसका इलाज कराते रहना जरूरी है।

## धमनियों में जमे गंदे कोलेस्ट्रॉल से बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा





**बैड** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हमारा शरीर दिल से जुड़ी बीमारियों की चपेट में तेजी से आता है। दरअसल, शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से शरीर में खून के संचार पर प्रभाव पड़ने लगता है, जिससे नसें धीरे-धीरे ब्लॉक होने लगती हैं। जब खून हृदय की मांसपेशियों तक नहीं पहुंच पाता हैं तो इस वजह से हृदय रोग की संभावना बढ़ जाती है और लोग हार्ट अटैक का शिकार हो सकते हैं। अगर आपका बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ा हुआ है तो आप अपनी जीवनशैली हल्का-फुल्का बदलाव कर, बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल कर सकते हैं।

**फाइबर युक्त फूड्स लें :** डाइट में घुलनशील फाइबर बढ़ाएं। घुलनशील फाइबर रक्तप्रवाह में कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम कर सकता है। घुलनशील फाइबर ओटमील, राजमा, ब्रसेल्स स्प्राउट्स, सेब और नाशपाती जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। ओट्स या दलिया को आप नाश्ते में खा सकते हैं। यह घुलनशील फायबर है, जो आसनी से पच जाता है। साथ ही इससे कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड फूड्स खाएं:** ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ हृदय-स्वस्थ के लिए फायदेमंद है। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले खाद्य पदार्थों में सैल्मन, मैकेरल, हेरिंग, अखरोट और अलसी का सेवन करने से रक्तचाप कंट्रोल होता है जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है।

**हरी सब्जिया और सलाद :** कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए हरी सब्जियों का सेवन करें। भिंडी, पालक, बीन्स जैसी सब्जियां आपके लिए बेहद फायदेमंद होंगी। आप अपने खाने में सलाद का जरूर इस्तेमाल करें। सलाद में फाइबर, विटामिन और प्रोटीन भरपूर मात्रा में मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनू ने किया गणेश महिमा का गुणगान



**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल में आठ दिन से चल रहे गणेश महोत्सव से पूरा इलाका ही भक्ति के रंगों में डूब गया है। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आए प्रसिद्ध गायक सोनू व उनके सहयोगियों ने गणेश भगवान के भजन गाकर पंडाल में बैठे सभी भक्तों को नाचने को मजबूर कर दिया। वहीं, कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने भी गगल में आकर भगवान गणपति से आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### सहौड़ा में गणेश उत्सव की धूम, किया मूर्ति विसर्जन



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** ग्राम पंचायत सहौड़ा के शिव मंदिर बाड़ी में गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया व गणपति बप्पा को विसर्जित किया गया। गांव में गणेश उत्सव लगातार 12 वर्षों से मनाया जा रहा है। रविवार को गणपति विसर्जन के दिन सहौड़ावासियों ने एक भव्य शोभायात्रा निकालीऔर पूरे गांव में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे गूंजे। सहौड़ा, अब्दुल्लापुर, जमानाबाद, नदेहड़, बाला, इच्छी, गगल, सनोरा, बेदी होते हुए समीरपुर की सीमा पर मांझी नदी में इसका बड़ी धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस यात्रा का आयोजन शिव युवा क्लब व गांववासियों ने किया। इस यात्रा में विशेष तौर पर पूर्व बीडीसी अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी उपस्थित रहे।

### बिनवा में किया गणेश की मूर्ति का विसर्जन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अगले वर्ष तुमको आना ही होगा के वादे के साथ बैजनाथ में आज गणपति बप्पा का बिनवा खड्ड में बड़े धूमधाम के साथ विसर्जन कर दिया गया। बैजनाथ में पिछले 14 वर्षों से गणेश युवा मंडल द्वारा गणपति बाबा की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। गणेश युवा मंडल के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि 7 सितंबर को शिव मंदिर बैजनाथ के साथ लगती पार्किंग में गणपति बप्पा की आकर्षक सुंदर मूर्ति की स्थापना की गई थी। इस दौरान रोजाना रात के समय भजन संध्याओं का आयोजन किया जाता था इसमें हिमाचली तथा बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाती थी साथ में धार्मिक संध्याओं का भी आज आयोजन किया जाता था। इस दौरान 14 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। गणेश युवा मंडल के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तारा माता महिला मंडल का भी मुख्य योगदान रहा।

### बड़ाम में भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल के अंतर्गत गांव बड़ाम में भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। आयोजक मंडल की ओर से कुलदीप शर्मा व रजिंद्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर नदौन से भागवताचार्य त्रिलोक गोस्वामी कथा वाचन करेंगे। इस अवसर पर सुरजीत गुलेरिया, कर्ण राणा, पंचायत प्रधान सुनीता धीमान, अशोक धीमान, मोहिंद्र सिंह, सत्या देवी व फकीर चंद सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर में 100 मरीजों का चेकअप




**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** लायंस क्लब पठानकोट के डॉ. एमएल अत्री की देखरेख में अमनदीप अस्पताल में एक मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अमनदीप अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा लगभग 100 मरीजों की जांच की गई और अस्पताल की ओर से मरीजों को मुफ्त दवाएं भी दी गईं। इस अवसर पर डॉ. अत्री व कैशियर विजय पासी ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है, जिसके चलते क्लब द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी सदस्य अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। अमनदीप अस्पताल के पूरे स्टाफ इस शिविर में अपना सहयोग दिया है और उन्हें पूरा विश्वास है कि अमनदीप अस्पताल भविष्य में भी इसी तरह उनका समर्थन करता रहेगा। इस अवसर पर सचिव सी एस लायलपुरी, कैशियर विजय पासी, अस्पताल डायरेक्टर विजय कुमार थापा, नरिंदर गुप्ता प्रवेश भंडारी, विपन नैयर आदि मौजूद रहे।

### अमर शहीद ईश्वर दास के परिवार से किया वादा नहीं निभा पाई सरकारें

# सरकार ने नहीं सुनी, तो शहीद के घर के लिए खुद सड़क बनाने लगे ग्रामीण

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत सद्दू वरग्रां के रहने वाले अमर शहीद ईश्वर दास के घर तक आज दिन तक सरकारें सड़क नहीं पहुंचा पाई हैं। बरसों बीतने के बाद भी सरकारों ने वादे पूरे न किए, तो अब स्थानीय ग्रामीण अमर शहीद के घर तक खुद रोड बनाने में जुट गए हैं, ताकि नेताओं की नींद खुद सके। ग्रामीणों के इस बुलंद हौसले की हर जगह सराहना की जा रही है।

साल 2006 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी मुठभेड़ में ईश्वर दास ने शहादत का जाम पिया था। उस समय हुक्मरानों ने उनके परिवार से कई वादे किए थे, उसमें एक वादा उनके घर तक पक्की सड़क बनाने का था। बरसों से वादा अधूरा रहने पर अब ग्रामीणों का दर्द छलक गया है। रविवार को कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां हलके की सद्दू पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रमदान किया और शहीद ईश्वर दास के घर टीका रंगेहड़ की तरफ रोड बनाने का काम चालू कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों में बीरबल चौधरी, कश्मीर चौधरी, कमलेश चौधरी, सुदर्शन, सुनील और अनिल चौधरी शहीद के बेटे, शेर सिंह, अजय, विनय अंकू ठाकुर, शशि चौधरी, प्रिंस ठाकुर, वार्ड सदस्य प्यार चंद आदि मौजूद रहे। सद्दू पंचायत की प्रधान अर्चना कुमारी ने भी श्रमदान किया। ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि वे शहीद के घर तक रोड बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### मशीनरी लेकर पहुंचे समाजसेवी बबलू

**इस** काम में मशीन से लेकर लेबर मुहैया करवाने का बीड़ा एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने उठाया है। बलविंद्र सिंह बबलू अपनी मशीनरी लेकर मौके पर पहुंचे। उनकी अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण वहां जुट गए और हर किसी ने अपना योगदान दिया। बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि अमर शहीद ईश्वर दास पर पूरे प्रदेश व देश को नाज है। उनके घर तक भले ही सरकारों ने रोड न बनाया हो, लेकिन हम ग्रामीण हार मानने वाले नहीं हैं। हम उनके घर के लिए रोड बना रहे हैं। प्रदेश सरकार, लोक निर्माण विभाग, जिला प्रशासन को आगे आकर मदद करनी चाहिए।

### शिवनगर कॉलेज में करवाईं प्रतियोगिताएं

**जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में काव्यपाठ, निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत कालेज की प्राचार्य डा संगीता सिंह ने दीप प्रज्वलित करके की। कालेज प्राचार्य ने सभी को हिंदी बोलने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शमशेर सिंह द्वारा प्रतियोगताओं के परिणाम घोषित किए गए। काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष का विवेक प्रथम, बीकाम द्वितीय वर्ष की पलक द्वितीय व बीकाम तृतीय वर्ष की स्नेह लता तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीकाम तृतीय वर्ष की स्नेह लता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की कृषिका द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की सोनाक्षी तृतीय स्थान पर रही । पोस्टर मेकिंग में बीए तृतीय वर्ष की मुस्कान प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की दीक्षा द्वितीय व बीए द्वितीय वर्ष का युवराज तृतीय स्थान पर रहा। अंत में कॉलेज प्राचार्य द्वारा प्रतियोगताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### हैप्पी बर्थडे



धर्मकोट के चिराग पठानिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



किरचंबा की अंकिता को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## नगरोटा बगवां में आज सजेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**1500 पदों पर होगी भर्ती, 2.30 से 6 लाख रुपए सालाना पैकेज**

सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जालंधर द्वारा ओबीसी भवन नगरोटा बगवां में 16 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री रैंक रघुबीर सिंह बाली और पूर्व मेयर देविंदर जग्गी होंगे। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि बताया कि इस रोजगार मेले में बजाज मोटर्स, जस्ट डायल, एयरटेल, टेक महिंद्रा, पेटीएम जैसी नामी कंपनियां सहित करीब 30 कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 1500 पदों के लिए भर्तियां की जाएंगी। इन पदों को भरने के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास या उससे अधिक रखी गई है। इसमें 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु तक के युवा भाग ले सकते हैं। कंपनियों द्वारा 2.30 लाख से 6 लाख प्रतिवर्ष वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ 16 सितंबर सुबह 9 बजे ओबीसी भवन नगरोटा बगवां पहुंचकर उक्त कंपनियों के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कापी व अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए 9988173027 (डॉ. वनीत ठाकुर), 9914504907 (डॉ. नित्तन अरोड़ा) से संपर्क किया जा सकता है।

## चक्की दरिया में मिला अज्ञात शव

### पुलिस ने आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

चक्की दरिया में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने यह शव करीब 8 घंटे बाद कड़ी मशक्कत के बाद शव को दरिया से बाहर निकाला। थाना डमटाल में शनिवार देर शाम कुछ लोगों ने सूचना दी कि चक्की दरिया में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही डमटाल थाना के सब इंस्पेक्टर देवराज, एएसआई विक्की और एएसआई सतेंद्र कुमार अपनी टीम सहित तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे, परंतु रास्ता न होने के चलते काफी देर तक पुलिसकर्मी रास्ता तलाश करने की कोशिश में लगे रहे। आखिरकार ट्रैक्टर पर बैठकर पुलिसकर्मी बड़ी देर के बाद उस शव तक पहुंचे। शव तक पहुंचना इतना आसान नहीं था, क्योंकि चक्की दरिया का पानी उफान पर था। करीब 5-6 घंटे बीत जाने के बाद मेट इंडिया फैक्टरी से एक हाइड्रा मंगवाकर क्रेन के जरिए शव को करीब 100 फुट नीचे से स्ट्रेचर पर डालकर ऊपर पहुंचाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया गया। यहां पर शव 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव कुमार ने बताया कि शव किसी अज्ञात व्यक्ति का है, जिसकी उम्र करीब 35 से 40 साल तक हो सकती है तथा उसके सिर पर बाल भी हैं तथा बाकी शरीर तथा उसके हाथ में एक कड़ा भी पहना हुआ है।

उन्होंने बताया कि इस शव के बारे में थाना डमटाल में किसी को भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो वह इस दूरभाष पर 01893 244820 पर संपर्क कर सकता है। (अनंत ज्ञान)



### पेड़ गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त

**बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के संसाल गांव में बड़ा पेड़ गिर जाने की वजह से दो गाडियां इसकी चपेट में आ जाने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रत्यक्ष दर्शीय के अनुसार रविवार करीब तीन से 3:30 बजे तक इलाके में भारी तूफान चला, जिसकी वजह से कुछ देर के लिए इलाके में अंधेरा छा गया। इस तूफान से हालांकि कोई जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ है, पर जीवाराम तथा शशि पुरोहित की नई गाड़ियां इसकी चपेट में आने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस तूफान की वजह से पूरे इलाके में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है यहां पर अक्सर तूफान चलता रहता है, इसलिए सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई-छंटाई कर दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना से बचाव हो सके।

### जरनैल सिंह को चुना गया पीटीए अध्यक्ष

**जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह की अध्यक्षता में पीटीए का गठन किया गया। जरनैल सिंह को अध्यक्ष, प्रो. राजेश कुमार को उपाध्यक्ष, डॉ. योगेश पांडेय को सचिव, अनिता चौधरी को संयुक्त सचिव, लाल सिंह मिन्हास को कोषाध्यक्ष, राम रत्न को मुख्यसलाहकार व डॉ. नीतिका शर्मा को सर्वसम्मति से लेखाकार चुना गया 7 इसके अतिरिक्त पूजा देवी,रेणु देवी, राधा देवी, माया देवी,डॉ. उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा को सदस्य चुना गया। प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने चुने गए सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

## पेंशनर्स की देय राशि का जल्द से जल्द भुगतान करे सरकार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पेंशनर्ज संघ ज्वाली खंड की बैठक ज्वाला माता मंदिर लब के परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा ने की। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार शीघ्र ही पेंशनर्ज की देय राशि का भुगतान करे। साथ ही जिला स्तर पर 26 सितंबर होने वाले चुनावों के बारे में प्रतिनिधियों की नयुक्ति की गई। बैठक में पेंशनरों की अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर संघ के सलाहकार रघुवीर सिंह लालिया, रत्न चंद धीमान, हरवंश सिंह, मनोहर लाल धीमान, शंकर दास सन्याल, गोपाल कृष्ण, अमरीक सिंह, अश्वनी कुमार, सतीश पाल, किशन चंद, गुरदीप सिंह, कुशल कुमार, रमेश कुमार, जालम सिंह, विनोद मनकोटिया, मनोहर लाल भंडारी, सुरेंद्र कुमार, प्रताप चंद, अमरीक सिंह, मनजीत लाल, किशोरी लाल, गंधर्व सिंह, जगदीश चंद, जगदीश चंद, सुभाष शर्मा, प्रकाश चंद, चमन वरोटिया, मघर सिंह, तिलक राज आदि मौजूद रहे।



## अवैध लकड़ी से लदी गाड़ियां पकड़ीं

**अनंत ज्ञान, जवाली**

वन मंडल नूरपुर के तहत पड़ते वन परिक्षेत्र रे व जवाली में अवैध कटान के मामले सामने आने पर गत देर रात आम जनता की मांग व दबाव के बाद वन विभाग की टीम ने सथाना जागीर शाहनहर बैराज पर नाका लगाया था। रविवार सुबह करीब 4:30 बजे लकड़ी से लदी हुई दो गाड़ियां पकड़ी गईं।

एक के पास उचित दस्तावेज पाए गए, जिसे बाद में छोड़ दिया गया, जबकि दूसरी के पास किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं पाया गया जो कि आम की लकड़ी से भरी थी उसे जब्त कर लिया गया। लकड़ी के अवैध कारोबारी को जब आगे नाका लगने की सूचना मिली तो उसी रास्ते से आने वाली तीन अन्य गाड़ियां उनके द्वारा जागीर के पास खड़कना में छुपा दी गई, लेकिन विभाग की मशक्कत के बाद उनको भी दबोच लिया इन तीनों गाड़ियों के पास किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं पाया गया, इसलिए इन गाड़ियों को विभाग ने जब्त कर वन परिक्षेत्र अधिकारी रे के परिसर में रखा है। इस संदर्भ में डिप्टी रेंजर रे रविंदर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई किसी भी सूरत में रुकेगी नहीं और आगे भी इस तरह जारी रहेगी।




## जयसिंहपुर स्कूल ने कोटला को हराकर जीती हॉकी की ट्रॉफी

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

लड़कियों की अंडर-19 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन जयसिंहपुर में हुआ। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता का समापन जयसिंहपुर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रचार्य सुरेश कुमार ने किया। इस में जिले के विभिन्न स्कूलों की 182 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल, फुटबॉल का आयोजन किया। लड़कियों के लिए फुटबॉल को पहली बार शामिल किया गया था। फुटबॉल में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल राजपुर ने रॉड स्कूल को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। हॉकी में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जयसिंहपुर ने कोटला को हराकर जीत हासिल की। हैंडबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ज्वालामुखी विजेता व देहरी दूसरे स्थान पर रहा। बास्केटबॉल में एनपीएस नूरपुर की छात्राओं का दबदबा रहा। (अनंत ज्ञान)



## नूरपुर के जंगलों पर वनकाटुओं का काला साया

### पंजाब और हिमाचल की सीमाओं पर बनी वन चौकियों पर उठ रहे सवाल

**अनिल छांगू, जवाली**

वन मंडल नूरपुर के अधीन वन परिक्षेत्र रें मे अवैध लकड़ी का धंधा जोरों पर है। इस कारण वन मंडल नूरपुर के जंगलों व धरोहरी पेड़ों पर वनकाटुओं का खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर रात बीस से पच्चीस वाहन अवैध कटान के शाहनहर बैराज वायां जगीर, पौंग डैम व बडुखर-रियाली मार्ग से पंजाब को जा रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो एक गाड़ी के परमिट पर 10 से 12 अवैध लकड़ी की गाड़ियां सीमा क्षेत्र पर बनी चौकियों से पंजाब निकाली जा रही हैं। इन कार्यों को अंजाम लगभग बिना पंजीकृत और पंजीकृत वनकाटुओं द्वारा दिया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो जो हाल ही में इस बार गर्मी से बुरे हाल आम जनता के हुए हैं, उससे भी बुरे हाल आने वाले समय में होने वाले हैं।

वनकाटुओं ने अपने फायदे के लिए छोटे-छोटे पौधों की भी बलि देना शुरू कर दी है । सूत्रों की मानें तो यह सब विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। इन रास्तों पर ऐसा नहीं कि वन विभाग के कर्मचारी तैनात नहीं हैं। हर रोज सैकड़ों टन लकड़ी इन रास्तों से विभाग की मिलीभगत से पंजाब के होशियार भेजी जा रही है और इस धंधे से मिलने वाला पैसा आपस में बांटा जा रहा है।

क्षेत्र से अवैध कटान से भरी गाड़ी के चलने से पहले ही हर अधिकारी और कर्मचारी का एक हिस्सा तय हो जाता है। हालांकि लोगों का दबाव होने के कारण कभी-कभी अधिकारी लकड़ी से भरी एक-दो गाड़ियों को पकड़ कर उन पर नाममत्र कार्रवाई करते हुए एक-दो दिन बाद छोटा-मोटा जुर्माना डाल कर गाड़ियों को लकड़ी सहित छोड़ देते हैं। (अनंत ज्ञान)

> **वन** विभाग समय-समय पर कार्रवाई कर रहा है। कुछ चोर रास्तों से ये लोग पंजाब की तरफ निकल जाते हैं। वन चौकियों पर चौकसी बढ़ाई गई है।
>
> **-रविंद्र सिंह, रेंज अफसर रे वन परिक्षेत्र, नूरपुर वन मंडल**

**सराहना**

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर योल में 'राष्ट्र के समक्ष वर्तमान चुनौतियां' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# सांसद इंदु गोस्वामी ने सराहे विष्णुगिरी स्मारक समिति के कार्य

**अनंत ज्ञान, योल**

विष्णुगिरी स्मारक समिति कांगड़ा ने श्री राधा-कृष्ण मंदिर योल में राष्ट्र के समक्ष वर्तमान चुनौतियों के विषय पर संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद इंदु गोसवामी एवं मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सयंसेवक संघ के हिमाचल प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह विपिन उपस्थित रहे। मुख्यातिथि गोस्वामी ने भारतीय समाज को वर्तमान समय में चल रहे जातिवाद, धर्मांतरण, लैंड जिहाद एवं वक्फ जैसे काले षड्यंत्रों के बारे में जागरूक किया। इंदु गोस्वामी ने विष्णुगिरी स्मारक समिति के कार्यों की सराहना की और युवाओं से राष्ट्र के लिए समय देने का आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं को भी राष्ट्र सेवा से जुड़े हुए कार्यक्रमों में अग्रणी रहने का आह्वान किया।

वहीं, मुख्य वक्ता विपिन ने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ नगरिकों को भारत के समक्ष जो वर्तमान समय में चुनौतियां खड़ी हैं, उनके प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत आंतरिक एवं बाहरी षड्यंत्रों से लड़ रहा है। अनेकों शक्तियां आज हमारे समाज को छिन्न-भिन्न करने में प्रयत्नशील है और हमारे राष्ट्र को पुन: तोड़ना चाहती हैं, उन्होंने हिंदू समाज को राजनीतिक षड्यंत्र से सचेत रहने का निवेदन किया। वहीं, विष्णुगिरी स्मारक समिति के अध्यक्ष भूषण रैना ने अतिथियों का स्वागत किया एवं विष्णुगिरी स्मारक समिति के सेवा कार्यों की जानकारी दी। रैना के आग्रह पर राज्यसभा सांसद गोस्वामी ने राधा-कृष्ण मंदिर सभा योल को सामुदायिक भवन के विस्तारीकरण के लिए 10 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से देने की स्वीकृति दी। कार्यक्रम में 35 युवाओं ने रक्तदान किया।



## दास अदित्य ने जीता टेबल टेनिस का खिताब

### रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में अंडर-15 एकल प्रतियोगिताओं का समापन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के खेलो इंडिया रेजिडेंशियल अकादमी में अंडर-15 लड़के व लड़कियों की एकल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-15 में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। इसमें हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एडवोकेट जनरल श्री अनूप रत्न ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एडवोकेट वीरेंद्र ठाकुर जिला चंबा के टेबल टेनिस एसोसिएशन के योगेंद्र शमा, हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के मनीष शर्मा ने विशेष अतिथि गण के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता के चौथे दिन अंडर-15 लड़कियों की एकल प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की भोमिक दिव्यांशी ने प्रथम, रेवासकर नाइशा ने द्वितीय, बंगाल की चक्रवर्ती अंकोलिका ने व नंदी आरूषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-15 लड़कों की एकल प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल के दास अदित्य ने पहला ,पीएसपीबी के सुरापुरेडी त्रिशाल राजकुमार ने दूसरा, असम के कश्यप अभीक ने व महाराष्ट्र के तुलसानी प्रतीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अंडर-15 प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल व नकद राशि प्रदान की।



## न्यूज ब्रीफ

### कमल बने भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय किसान संघ की जिला हमीरपुर कार्यकारिणी का गठन सर्व सहमति से किया जिसकी अध्यक्षता रोशन लाल व भगत राम पटियाल ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल लखनपाल, उपाध्यक्ष अमी चंद, विजय लखनपाल, जिला मंत्री रमेश कुमार पटियाल, सह मंत्री दिनेश ठाकुर, गुरुदत्त, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह, महिला प्रमुख सुदेश कुमारी, सह महिला प्रमुख किरण कुमारी, जैविक प्रमुख डॉ. हेमराज, बागवानी प्रमुख विद्या सागर, गोसेवा प्रमुख रेखा देवी, बीज प्रमुख विजय राणा, युवा प्रमुख सुरजीत कुमार को बनाया गया। इसके अलावा मार्ग-दर्शक मंडल सदस्य देशराज शर्मा, जगदीश चंद शर्मा, रोशन लाल, मनु कुमारी, क्षेत्रीय मंत्री सुरेंद्र कुमार, हरि राम उपस्थित रहे।

### समूह नृत्य में इंदिरा सदन प्रथम स्थान पर




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर हमीरपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि निशा कटोच रही। इस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें युगल नृत्य, समूह नृत्य, आदि प्रमुख रहे। स्कूल के चारों सदन सरोजिनी, इंदिरा, लक्ष्मी और कल्पना के विद्यार्थियों ने कनिष्ठ वर्ग व वरिष्ठ वर्ग में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसमें प्रमुख रूप से शामिल विद्यार्थियों में अमीषी, प्रतीक्षा, प्रतिभा, कोमल, गौरी, वंशिका, मालविका, प्रियांशी, हर्षिता, अंजली मेघना, करिश्मा, श्रुति, दिव्यांका, हर्षिका, मानवी, ज्योति, जाह्नवी, श्रेया, स्मृति, सिमरन, जैस्मिन, वैष्णवी, अक्षरा, पलक, ऐजल, रिमझिम, अंशुल और मेघना रहे। इस दौरान कनिष्ठ वर्ग में पाश्चात्य सामूहिक नृत्य में इंदिरा सदन प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय और कल्पना तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में समूह नृत्य में नारी हिंसा के विरुद्ध प्रस्तुति शिव तांडव में इंदिरा सदन प्रथम, सरोजिनी सदन द्वितीय और कल्पना तृतीय स्थान पर रहा। वरिष्ठ वर्ग में नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के नृत्यों की झलकियों में प्रथम स्थान कल्पना सदन, सरोजिनी और इंदिरा द्वितीय स्थान और लक्ष्मी सदन तृतीय स्थान पर रहा। वरिष्ठ वर्ग में युगल नृत्य प्रतियोगिता में सरोजिनी सदन प्रथम, कल्पना सदन द्वितीय और लक्ष्मी सदन तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रधानाचार्य रविंद्र पुरी ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया तथा विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।



चलोला में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊना विजेता और चलोला उपविजेता बने। श्रेष्ठ बल्लेबाज गबरू चलोला और श्रेष्ठ गेंदबाज अमित और साहिल रहे। प्रतियोगिता में पहुंचे उपप्रधान नारी हरीश कुमार का स्वागत करते हुए आयोजक।

# बफड़ी में रविवार को मिले डायरिया के 6 नए मामले

## अभी तक 6 गांवों के लोग हो चुके हैं इंफेक्शन से ग्रसित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत बफड़ी में पिछले 4 दिनों से डायरिया के मामले आ रहे हैं। रविवार को भी 6 नए मरीज डायरिया के आए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक 33 मरीज डायरिया के ठीक हो चुके हैं और 8 एक्टिव केस हैं, जिनमें से 2 आयुर्वेदिक अस्पताल में दाखिल हैं। पंचायत के 6 गांवों में पनार, कौंही, छयोड़ी, बोहणी, बुराण और बफड़ी में डायरिया के मरीज आ चुके हैं। इन गांवों परिवार के किसी एक सदस्य ही डायरिया से पीड़ित है। फिलहाल जल शक्ति विभाग से होने वाली सप्लाई के पानी से ही डायरिया होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग इस मामले पर निगरानी बनाए हुए है और डायरिया अधिक न फैले इसके लिए हिदायतें भी जारी की गई हैं।




हालांकि, जल शक्ति विभाग द्वारा पानी के सैंपल भी लिए थे, उनकी जांच में कुछ भी नहीं पाया गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए पानी के सैंपलों की रिपोर्ट सोमवार को आएगी। पानी के सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि डायरिया कैसे फैल रहा है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश धीमान का कहना है कि विभाग के कर्मचारियों द्वारा पानी के जितने भी सैंपल लिए थे वो सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मल्टी विलेज स्कीम से 15 गांवों को पानी जा रहा है तो अन्य लोग भी बीमार होने थे, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि लोगों ने भंडारे में प्रसाद खाया हो जिससे लोगों में इंफेक्शन हुआ हो। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सीएमओ

**इस** बारे में सीएमओ प्रवीण चौधरी ने बताया कि रविवार को 6 नए मामले डायरिया के आए हैं इनमें से 2 मरीजों को अस्पताल में दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए पानी के सैंपलों की रिपोर्ट सोमवार को आएगी। उन्होंने बताया कि लोग पानी पीने से ही बीमार हो रहे हैं।

# सीएम की कार्यशैली ने प्रदेश की छवि को पहुंचाया नुकसान : राणा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यशैली और गलत नीतियों की वजह से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य की छवि प्रभावित हुई है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति को संभालने में वह पूरी तरह विफल रहे हैं और पूरे प्रदेश का खजाना मित्रों पर लूटाने की वजह से प्रदेश आर्थिक दिवालियापन के कगार पर खड़ा हो गया है।



एक बयान में राजेंद्र ने कहा कि जिस दिन से सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल के सीएम का पद संभाला है, उस दिन से प्रदेश को उन्होंने बैक गियर में डालकर रखा है। झूठी गारंटियां देकर उन्होंने प्रदेश की जनता को गुमराह किया है और यह झूठी गारंटियां ही अब पड़ोसी राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के गले की फांस बन गई है, क्योंकि जनता कांग्रेस पार्टी को झूठी गारंटियां देकर मुकर जाने वाली पार्टी के रूप में देख रही है और कांग्रेस पार्टी से लोगों का भरोसा उठता जा रहा है।

राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश को संभालने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं, इसलिए नैतिकता के नाते उन्हें खुद ही अपना पद छोड़ देना चाहिए, ताकि प्रदेश को और अधिक बर्बादी से बचाया जा सके। प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर जिस तरह मुख्यमंत्री आए दिन अपने बयान बदलते रहते हैं, उससे खुद उनकी फजीहत तो राष्ट्रीय मीडिया में हो ही रही है। साथ ही जनता का भरोसा भी सुक्खू सरकार से पूरी तरह उठ गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जिद्दीपन और अडियलपन का खामियाजा आज पूरे प्रदेश की जनता तो भुगत ही रही है। सतारूढ़ दल के विधायकों में भी बेचैनी देखी जा रही है, क्योंकि चुने हुए विधायकों को अपमानित करना मुख्यमंत्री की कार्यशैली का हिस्सा बन गया है।

राजेंद्र ने कहा कि एक दो विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं। प्रदेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है। कर्मचारी और पेंशनरों को सही समय पर सुक्खू सरकार वेतन व पेंशन नहीं दे पा रही है। (अनंत ज्ञान)

# ग्राम सभा में स्वच्छता मुद्दों पर हुई चर्चा

## जल शक्ति विभाग ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्वच्छता ही सेवा-2024 के शुभारंभ अवसर पर रविवार को जिला की सभी 248 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर लोगों ने स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर व्यापक चर्चा तथा स्वच्छता की शपथ ली। ग्राम सभा में स्वच्छता से संबंधित कार्यों के शैल्फ भी मंजूर किए गए। कई ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान भी चलाया गया।

ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए रणनीति भी बनाई गई। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि 2 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे। स्वच्छता ही सेवा-2024 के दौरान व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा और आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। परियोजना अधिकारी ने बताया कि रविवार को जिले की सभी 248 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई।



विशेष ग्राम सभा में स्वच्छता से संबंधित कार्यों की शपथ लेते ग्रामीण।

उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के एजेंडे और अन्य गतिविधियों के संबंध में पंचायत जनप्रतिनिधियों को पहले ही विस्तृत जानकारी दे दी गई थी तथा उनसे स्वच्छता ही सेवा-2024 में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

उधर, जल शक्ति विभाग ने भी रविवार को स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान विभाग के कार्यालय परिसरों, विभिन्न पेयजल योजनाओं के जलस्रोतों, पंप हाउस और टैंकों की सफाई की गई।

# द हंस फाउंडेशन संस्था गांव-गांव जाकर लोगों को पहुंचा रही स्वास्थ्य लाभ

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

द हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को गांव-गांव जाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा हैं। यह संस्था वर्तमान समय में न केवल लोगों स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं, बल्कि उन्हें संस्था द्वारा निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में संस्था की प्रोजेक्ट को-ऑडिनेटर आयुषी सूद की देख-रेख में आयोजित किए जा रहे इन स्वास्थ्य शिविरों में लोग बढ़-चढ़कर उपचार करवा रहे हैं। स्वास्थ्य की जांच कर रही स्वास्थ्य विशेषज्ञ टीम में डॉ. शिवानी, डॉ. आदर्श एसपीओ स्नेह लता, भावना लैब टेक्नीशियन शबनम, रोशनी और फार्मासिस्ट अंकिता, अमित व पायलट महेशी लाल एवं विशाल आदि विशेष रूप से शामिल हैं।



हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा गत दिवस नादौन के सीसे विद्यालय बड़ा में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर।

आयुषी सूद ने जानकारी देते हुए अनंत ज्ञान से बातचीत के दौरान बताया की संस्था द्वारा अप्रैल से अगस्त महीने तक अब तक नादौन विधानसभा क्षेत्र में कुल 13,199 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर चुकी है। हमारी संस्था प्रतिदिन नादौन विधानसभा क्षेत्र के निर्धारित दो गांवों के लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती हैं। अब संस्था द्वारा इस महीने से जरनल स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भी किया गया है, जिसकी शुरुआत गत दिवस नादौन के साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय कल्लर से की है। इस स्वास्थ्य शिविर में जरनल ओपीडी के अतिरिक्त व्यक्ति के सारे शरीर के टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# नादौन में दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है खस्ताहाल नेशनल हाईवे

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लोगों को पैदल चलने के लिए सड़क के किनारे फुटपाथ तक नहीं है, जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नादौन शहर के इंद्रपाल मार्केट से ब्यास पुल तक, इंद्रपाल चैंक से भरमोटी मानपुल तक व इंद्रपाल चौक से हमीरपुर रोड़ पर केंद्रीय विद्यालय तक वाहनों का आवागमन ज्यादा रहता है, लेकिन लोगों के पैदल चलने के लिए फुटपाथ तक नहीं है, जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र व साथ लगते क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अनेक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन एनएचएआई का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। आए दिन नेशनल हाईवे पर शहरी क्षेत्र में दुर्घटनाएं हो रही हैं। खस्ताहाल सड़क व फुटपाथ न होने बारे काफी लोगों ने नगर पंचायत नादौन को शिकायतें करके समस्याओं का समाधान करवाए जाने का आग्रह किया है। नगर पंचायत नादौन ने लोगों की मिल रही शिकायतों का कड़ा संज्ञान किया है। और इस बारे एनएचएआई को इस बारे लोगों को हो रही समस्याओं के समाधान बारे कहा गया है।

नेशनल हाईवे नादौन-अंब-गगरेट के किनारे पैदल रास्ता न होने के चलते आए दिन हो रही दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई लोग घायल हो चुके हैं और करीब एक दर्जन लोगों की जान भी जा चुकी है। इंद्रपाल चौक से ब्यास पुल तक सड़क दुर्घटनाओं में हाल ही में दो जानें जा चुकी हैं। नादौन शहर से मानपुल तक पक्की सड़क के साथ निर्धारित मापदंडों के अनुसार न तो कच्ची सड़क (वर्म) है और न ही पानी की निकासी के लिए नालियों का सामुचित निर्माण किया गया है। जिस वजह से जहां लोगों को मजबूरन सफेद पट्टी के अंदर सड़क पर चलने पर विवश होना पड़ता है, वहीं नेशनल हाइवे का पानी किसानों के घरों व खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है।



बस स्टैंड से ब्यास पुल तक खस्ताहाल नेशनल हाईवे।

### भरमोटी के पास नेशनल हाईवे पर हो चुकी हैं कई मौतें

**नादौन** शहर में और नादौन से मानपुल के बीच भरमोटी के पास दर्जनों दुर्घटाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में अनेक लोग घायल हो चुके हैं और करीब एक दर्जन लोगों की जान भी जा चुकी है। कुछ दिन पहले मई में जिम पैदल जा रहे एक युवक को वाहन ने कुचला, जिससे उसके मौत हो गई, एक बुजुर्ग बस से उतरते समय मौत हो गई, नादौन के वार्ड 6 के युवक की कार द्वारा कुचले जाने से मौत हो गई।

समाज सेवी प्रियतोष सिंह, मुकेश कुमार, प्रकाश चंद आदि का कहना है कि नेशनल हाईवे की हरलत काफी खस्ता है। सड़क के किनारे पैदल चलने वालों के लिए कोई रास्ता नहीं है। सरकार व विभाग से आग्रह है कि दोनों पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाए जाएं और सड़क की मरम्मत की जाए, ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। लोग सुबह-शाम सैर के लिए आते-जाते हैं। इसके अलावा भी लोगों का पैदल आना-जाना लगा रहता है। पैदल चलने वालों के लिए कोई रास्ता न होने के वजह से दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

> हाईवे पर यदि कहीं समस्या है तो इस सड़क की रिपेयर करवा देंगे। फूटपाथ बारे अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। -इंजीनियर मीना
> अधिशाषी अभियंता एनएचआईए हमीरपुर

> होशियारपुर रोड पर नादौन से मानपुल तक सड़क के किनारे पेवर लगवाई जाएगी।
> -इंजीनियर हरि दास
> अधिशाषी अभियंता एनएचआईए

नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, सचिव रमन शर्मा का कहना है कि शहरी क्षेत्र में बस स्टैंड से ब्यास पुल तक सड़क खस्ताहाल है। जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं। लोगों की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। सड़क किनारे फुटपाथ बनाए जाने के लिए एनएचएआई को पत्र लिखा है। लोगों की शिकायतों को लेकर एनएचएआई को फिर पत्र लिखकर शहरी क्षेत्र की सड़कों की दशा सुधारने व फुटपाथ बनाने के लिए पत्र लिखा जाएगा।

# शिक्षकों के लिए ब्राइटर माइंड ने चलाया प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन व सहयोग से संचालित एक से श्रेष्ठ केंद्रों पर कार्यरत शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शनिवार को शुरुआत जिला बिलासपुर में की गई।

रविवार को दूसरे दिन के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला हमीरपुर के गौतम गर्ल्स कॉलेज में किया गया। छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। शिक्षकों की इस भूमिका को बेहतर व उन्नत बनाने के लिए एक्ट टू ट्रांसफॉर्म फाउंडेशन समय समय पर शिक्षकों के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।

ब्राइटर माइंड के सहयोग से एक्ट टू ट्रांसफॉर्म फाउंडेशन ने पहले चरण में विभिन्न मापदंडों पर चयनित 600 में से 301 शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश में ब्राइटर माइंड कंपनी द्वारा पहला कार्यक्रम है, जिसमें न्यूरोप्लास्टिसिटी के विज्ञान पर आधारित, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षक आंखों पर पट्टी बांधकर या कहें कि बिना देखे किसी बस्तु की पहचान व उसका आकार, रंग इत्यादि बताने मे सक्षम होंगे।



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित शिक्षकों को प्रशिक्षण देता वक्ता।

ब्राइटर माइंड के सहयोग से यह कार्यक्रम आगामी 3 महीनों तक चलेगा जिसमे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों के लगभग 5000-6000 से अधिक छात्रों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यत: यह कार्यक्रम 5 से 15 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किए जाते हैं, ताकी उनकी बौद्धिक क्षमता, सामाजिक समझ व भावनात्मक सोच को विकसित व सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम बच्चों के अवलोकन और अंतरज्ञान के लिए जन्मजात क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है, साथ ही उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने और सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है।

बच्चों के मस्तिष्क को बहुत आसानी से ढाला जा सकता है, जैसे जैसे बो बड़े होते है उन्हें जिस तरह की बाहरी प्रेरणा का लगातार सामना करना पड़ता है, वह उनके क्रियाकलापों को आकार देता है । न्यूरो साइंस में शोध से यह साबित होता है कि जिस तरह हम अपने शरीर के अलग-अलग हिस्सों का व्यायाम करते हैं, उसी तरह मस्तिष्क के अलग-अलग हिस्सों का व्यायाम करने से सचेत बौद्धिक क्षमता के कई पहलुओं को बढ़ाया जा सकता है। इस कार्यक्रम मे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिला हमीरपुर व ऊना के सभी विधानसभा क्षेत्रों के साथ साथ धर्मपुर, जसवां प्रागपुर,देहरा विधानसभा क्षेत्र मे संचालित एक से श्रेष्ठ केंद्रों के शिक्षकों ने भाग लिया । ब्राइटर माइन्ड एवं हार्ट फुलनेस की 15 सदस्यों की टीम ने रजत गुप्ता व आदर्श के नेतृत्व में शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया व टीम ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने पर धन्यवाद व आभार प्रकट किया ।

**सायर मेला**

## एसडीएम संजय स्वरूप बोले-मेले हमारी संस्कृति की धरोहर, मंदिर में पूजा-अर्चना कर मांगी सुख-समृद्धि

# बाबा लखमीर दास मंदिर में ढोल की थाप पर सायर मेले का आगाज

**एसके शर्मा, जाहू**

दो जिलों हमीरपुर व बिलासपुर के संगम स्थल लदरौर कलां में सायर मेले का शुभारंभ किया गया। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) भोरंज संजयस्वरूप, मंदिर कमेटी व पंचायत प्रतिनिधियों ने सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के छठे भाई लखमीर दास के मंदिर में पूजा-अर्चना की और हर वर्ष की तरह झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की।

भोरंज उपमंडल के कस्बे लदरौर में हर वर्ष सितंबर माह के आशिव्न संक्रांति के दिन सायर पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी पूजा-पाठ व ढोल-नगाड़ा बजाने की रस्म को निभाकर मेले का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आए हुई महिला मंडलों की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागरिक भोरंज संजय स्वरूप ने जनसभा को संबोधित करते हुए हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं, इन्हें विकसित करना बहतु जरूरी है। लदरौर सायर मेले को आकर्षक बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लदरौर सायर मेला काफी पुराना है इसे जिला स्तरीय बनाने का भी प्रयास रहेगा। कार्यक्रम के अंत में एसडीम ने अपनी तरफ से बाबा लखमीर दास मंदीर कमेटी को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।



एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ढोल की थाप से सायर मेले का आगाज करते हुए।

### मेले में तीन दिन चलेगा भंडारा

**बाबा** लखमीर दास मंदिर कमेटी के प्रधान विजय ठाकुर ने बताया कि हर घर में सायर पूजन करके सायर पर्व मनाया गया है। सायर मेले में हर वर्ष की तरह तीन दिनों तक बाबा लखमीर दास के मंदिर परिसर में लगने वाले भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर थाना प्रभारी भोरंज निर्मल सिंह, झरलोग पंचायत प्रधान मोनिका, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विजय ठाकुर, उपाध्यक्ष अनुपमा, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष केहर सिंह, सदसय तारो देवी, रतनी देवी, कुलदीप सिंह, रणवीर सिंह, बनीता देवी, जितेंदर कुमार, जोगिंदर सिंह राणा, जगत ठाकुर, सुभाष सोनी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




मेले के शुभारंभ पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिला मंडलों को सम्मानित करते हुए एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप।

# पठानकोट-दियोटसिद्ध बस नियमित न चलने से यात्री परेशान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** पठानकोट से दियोट सिद्ध बस सेवा जो कि सुबह-सुबह सलौनी, नादौन, जवालाजी, कांगड़ा की तरफ जाने के लिए एकमात्र बस सेवा लोगों को उपलब्ध थी, उसके नियमित न चलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री सुबह से ही इस बस का कुआं चौक बिझड़ी में इंतजार करते देखे जा सकते हैं।

बता दें कि धर्मशाला की तरफ जाने के लिए यात्री ढटवाल क्षेत्र से भी टैक्सी कर इस बस सेवा के लिए पहुंचते हैं, लेकिन संसारपुर डिपो की यह बस सेवा नियमित रूप से नहीं चल रही है। बिझड़ी व्यापार मंडल प्रधान रणजीत बब्बी, पंचायत प्रधान संजय शर्मा तथा इलाकावासियों ने सरकार और हिमाचल पथ परिवहन संसारपुर डिपो के प्रबंधक से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को नियमित रूप से चलाया जाए ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदू एकता संगठन धामी का किया गठन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** ग्राम पंचायत हलोग धामी के खैल चौरा सती चौक में हिंदू वर्ग द्वारा एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में विभिन्न पंचायत से हिंदू वर्ग के लोगएकत्रित हुए समस्त हिंदुओं की वर्तमान स्थिति उनके एकीकरण वह ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया। वर्तमान पर्यवेक्षक में हिंदू वर्ग की स्थिति बाहरी लोगों का अनाधिकृत प्रवेश इत्यादि पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में हिंदू एकता संगठन धामी का विधिवत गठन हुआ। कार्यकारिणी चुनी गई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए हरि कृष्ण बैरागी उपाध्यक्ष सुनीता ठाकुर, सुनीता शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष कुमार व राजेश शर्मा महासचिव कमलेश सिमी व योगराज ठाकुर मुख्य सलाहकार जगदीप सिंह कंवर व अशोक शर्मा सचिव ललित मोहन व लेख राम पाल सहसचिव कंपिला शर्मा कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा व सह कोषाध्यक्ष जगमोहन शर्मा सूचना सचिव सीताराम वर्मा को सर्वसम्मती से चुना गया। इसके अलावा अतिरिक्त सलाहकार अजय पंत, प्रवीण कुमार, रमेश राजू, हीरालाल, ओम ठाकुर, प्रदीप, दीपक, कबीर, ओमप्रकाश, राकेश, सुनीता, उषा, योगेश, ठाकुर टैकसिंह, मनोहर लाल, ललित शर्मा, लोकेश शर्मा, नींनू, ललित, बलदेव , वेद प्रकाश, राकेश आदि को सदस्य बनाया गया।

### ऋतु राज को मिली सुन्नी पेंशनर कल्याण संघ की कमान



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संगठन खंड बसंतपुर स्थित सुन्नी के त्रिवार्षिक चुनाव आयोजित किए गए। सुन्नी स्थित रैन बसेरा में आयोजित हुए चुनाव की अध्यक्षता अध्यक्ष ऋतु राज शर्मा ने । चुनावी प्रक्रिया संगठन के संरक्षक ओ पी शर्मा की देख रेख में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से आयोजित हुए इन चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए ऋतु राज शर्मा को लगातार दूसरी बार संगठन की अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मस्त राम कश्यप, उपाध्यक्ष पद के लिए दुलीचंद, प्रोमिल गुप्ता, जबकि बाबू राम को दूसरी बार महासचिव पद के लिए मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए हेत राम हरनोट और यादवेंद्र शर्मा को ऑडिटर मनोनीत किया गया। इस दौरान पेंशनरों अपनी मांगी को लेकर 20 सितंबर को शिमला में आयोजित होने वाली सांकेतिक आक्रोश रैली के लिए भी अन्य सदायों को अवगत करवाया गया।

### मंडी पहुंचे गणपति जलौनी, आज विसर्जन उत्सव में होंगे शामिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। सनोर घाटी के जला गांव से देव गणपति जलौनी विसर्जन के लिए छोटी काशी मंडी पहुंच गए हैं। मंडी पहुंचने पर देव गणपति ने श्रीराज माधव राय के दरबार में हाजिरी भरने के पश्चात श्रीराज माधव राय से भव्य मिलन किया। तत्पश्चात देव गणपति सैण मोहल्ले में स्थित सिद्ध गणपति मंदिर में विराजमान हो गए। गणपति के पुजारी वेद राम ने बताया कि दंत कथा के अनुसार आदि गणपति का मंदिर पांडवों द्वारा बनाया गया है और गणपति की मूर्ति पूरी तरह से पत्थर की शिला की बनी हुई है और गणपति भगवान तब से जला नामक स्थान पर वास करते आ रहे हैं।

# जातर मेले की तीसरी संध्या में कुमार साहिल ने मोहा मन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेले का रविवार को विधिवत रूप से समापन हो गया। मेले का समापन तहसीलदार चंबा भूपेंद्र कश्यप ने किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांसस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि वह मेला प्रभारी तहसीलदार चंबा में इस मौके पर बच्चों को इनाम वितरित किए। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मेले की तीसरे दिन संस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर उन्होंने काफी देर तक दर्शकों का मनोरंजन किया और लोगों फरमाइशों से खूब मनोरंजन किया।

इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे हिमाचल प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उन्होंने इस मौके पर मेला कमेटी को अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर स्थानीय लोगों की जोरदार मांग को लेकर उन्होंने यहां के लोगों को आश्वासन दिया है कि



ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेले की तीसरी संध्या में मौजूद स्थानीय लोग व अन्य।

**तहसीलदार भूपेंद्र कश्यप ने किया मेले का समापन**

वह भविष्य में मुख्यमंत्री के सामने इस मेले को राज्य स्तरीय दर्जा देने के लिए पुरजोर वकालत करेंगे। एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा एसडीएम चंबा एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी वह निदेशक हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक ललित ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



जातर मेले में पारंपरिक नृत्य करते हुए स्थानीय लोग।

## छतराड़ी जात्र मेले को राज्य स्तरीय मेले का मिलेगा दर्जा : केवल सिंह पठानिया



मेले के दौरान मौजूद केवल सिंह व अन्य।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि जिला स्तरीय छतराड़ी जात्र मेले को राज्य स्तरीय मेले का दर्जा दिया जाएगा।

केवल सिंह पठानिया गत सायं (शनिवार) शिव–शक्ति मां के छतराड़ी स्थित ऐतिहासिक मंदिर परिसर में जिला स्तरीय जात्र मेले के उपलक्ष पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे । इस दौरान सदस्य निदेशक मंडल राज्य सहकारी बैंक समिति ललित ठाकुर एवं सदस्य निदेशक मंडल राज्य पथ परिवहन निगम सुरजीत भरमौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

पठानिया ने कहा कि स्थानीय उत्कृष्ट लोक कला एवं संस्कृति के परिचायक जिला स्तरीय छतराड़ी जात्र मेले को राज्य स्तरीय मेले का दर्जा देने के लिए मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर आवश्यक कदम उठा रही है।

उन्होंने मेला आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 51 हजार की धनराशि देने का ऐलान भी किया।

इससे पहले केवल सिंह पठानिया का सांस्कृतिक संध्या में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

## ड्राइवर यूनियन का हर जॉन में होगा कार्यकारिणी का गठन

**आजम डार, चुराह**

चुराह विस क्षेत्र के अंतर्गत कंदला में रविवार को आल इंडिया ड्राइवर यूनियन चंबा की बैठक प्रधान मनोज टंडन की अध्यक्षता मे कंदला मे हुई जिसमें सगठन को मजबूत करने के लिए जिला चंबा के तीसा, सलूणी, भरमौर, डलहौजी, चंबा और भटियात जॉन बनाए गए जॉन की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें जिला चंबा में ड्राइवर यूनियन की आवाज को जिला के हर कोने मे बुलंद किया जाएगा।

सभी ड्राइवर भाइयों ने कंदला में इक्कठा होकर प्रधान मनोज टंडन के कंधो को मजबूत करने बारे अपने संगठन की एकता का परिचय दिया। प्रधान मनोज टंडन ने जिला में ड्राइवर यूनियन को और मजबूत करने का आश्वासन अपने ड्राइवर साथियों को दिया और उन्होंने संदेश दिया की, ड्राइवर नहीं तो परिवहन नहीं के नीति पर कार्य भविष्य में होगा।

ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष मनोज टंडन का कहना है कि हर जॉन में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और संगठन को और ज्यादा मजबूत किया जाएगा।



बैठक के दौरान जानकारी देते हुए ड्राइवर यूनियन के सदस्य।

## केवल सिंह पठानिया ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज बट्ट नर्सिंग कॉलेज बाथरी में कैपिटल अस्पताल जालंधर व बीबीसी हार्ट केयर परुथी अस्पताल जालंधर के सौजन्य से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बट्ट समूह के शिक्षण संस्थान व्यावसायिक शिक्षा के साथ स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी युवा वर्ग को गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवा रहे हैं।

उन्होंने संस्थान द्वारा जन सेवा के लिहाज से क्षेत्र के लोगों को घर–द्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की सराहना भी की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर वचनबद्ध है। इससे पहले केवल सिंह पठानिया को संस्थान के प्रबंध निदेशक दिलदार अली बट्ट व अध्यक्ष परवेज अली बट्ट ने सम्मानित किया।

इसके उपरांत चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 176 रोगियों के स्वास्थ्य को जांचा। इनमें हृदय, कैंसर, हड्डियों व जोड़ों की बीमारी से ग्रस्त रोगी शामिल रहे। अस्पताल के मोबिलिटी हेड कपूर एस ने बताया कि शिविर में 35 लोगों के ब्लड शुगर, 60 लोगों के ईसीजी व 176 लोगों के ब्लड प्रेशर इत्यादि टेस्ट निशुल्क करने के साथ मरीजों को आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी प्रदान की गई।

इस मौके पर बट्ट नर्सिंग कॉलेज के स्टाफ सदस्यों सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



चिकित्सा शिविर के शुभारंभ के दौरान केवल सिंह पठानिया व अन्य।

## पिंकू राम नाग मंदिर समिति थानका के बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत बाट में चौंड नाग मंदिर समिति थानका की ओर से रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरनान चौंड माता मंदिर समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पिंकू राम को चौंड नाग मंदिर समिति थानका का अध्यक्ष चुना गया।

इसी तरह से अनिल कुमार को उप प्रधान, सुरेश कुमार को सचिव, राकेश कुमार (राकू) को कोषाध्यक्ष, जग्गो राम को सह सचिव वहीं आत्मा राम, महिंद्र सिंह (बिंदू) संजीव कुमार, नितिन, ललित, टेक चंद व अजय कुमार वरिष्ठ सदस्य नियुक्त किए गए है।

समिति के अध्यक्ष पिंकू राम ने सभी समिति सदस्यों का उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार व्यक्ति किया। साथ ही कहा कि कार्यकारिणी की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उनका ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करने के अलावा सभी सदस्यों से मिल कर विभिन्न तरह की समस्याओं को हल करवाने के साथ विकास कार्यों को करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

नई कार्यकारिणी के गठन के सभी सदस्यों ने कई अहम मुद्दों व समस्याओं पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति बनाई। इस दौरान समिति सदस्यों ने मंदिर के सौंदार्यीकरण व रख रखाव अलावा अन्य तरह के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही समिति सदस्यों ने विभिन्न तरह की समस्याओं व मांगों को लेकर उपायुक्त से मिलकर उनके समक्ष रखने की भी बात कही है।



बैठक के दौरान मौजूद मंदिर समिति के सदस्य।

## पुलिस ने छह माह में बरामद किए 3 लाख के मोबाइल फोन

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर पुलिस थाना के नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने छह माह में तीन लाख के गुम हुए मोबाइल ढूंढने सफलता हासिल की है। गोहर पुलिस थाना के अंतर्गत पिछले छह माह में हजारों रुपयों के महंगे फोन लोगों के गुम होने की शिकायतें गोहर पुलिस थाना में दर्ज हुई।

गोहर पुलिस थाना में तैनात नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने गुम हुए मोबाइल फोन की लोकेशन पर जांच को आगे बढ़ाते हुए तीन लाख के मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। नोडल अधिकारी पंकज ने बताया कि पुलिस का काम लोगों की शिकायतों को दूर करना है।

## परमात्मा को जानना ही नहीं, मानना भी जरूरी : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में बीते कल रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें प्रचार टूर प्रोग्राम मे आए हुए केंद्रीय ज्ञान प्रचारक महात्मा सुरेंद्र पाल ने मिशन का संदेश दिया। प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा को जानना ही नहीं, परमात्मा की मानना भी जरूरी है। परमात्मा की मानने में तभी आनंद है जब हम परमात्मा को जान लेते हैं। इसलिए कहा गया है कि पहले जानो फिर मानो।

सुरेंद्र पाल जी ने कहा कि परमात्मा कण–कण में व्याप्त है। इसका बोध पूर्ण गुरु द्वारा ही संभव है। मगर परमात्मा के बोध का सही आनंद तभी आता है जब हम सतगुरु के बताए रास्ते पर चल पाएं। उन्होंने कहा कि सतगुरु का यहीं संदेश है कि गृहस्थ जीवन में रह कर ही इंसानियत की सेवा करें। दूसरों के दुख बांटे वहीं दूसरों की खुशी में भी सहभागी बने। ईश्वर को वह लोग प्रिय हैं जो इंसानियत से प्यार करते हैं। परोपकारी जीवन जीते हैं और जहां भी मौके मिले दूसरों का हमदर्द बनने के प्रयास में रहते हैं। महात्मा ने कहा कि सतगुरु से परमात्मा को बोध करके हम ब्रह्मज्ञानी अर्थात निरंकारी तो कहलाते हैं मगर वास्तविक निरंकारी हम तभी कहलाऐंगे जब सद्गुरू के उपदेशों का अनुसरण करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि धर्म–मजहब के बंधन में विश्व एक दूसरे की जान का प्यासा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य योनि अति दुर्लभ है और इसी दुर्लभ योनि में परमात्मा का बोध हो सकता है। अगर मनुष्य योनि में आकर भी हमने कण–कण में व्याप्त इस निराकार सत्ता अर्थात परमात्मा को बोध नहीं किया तो यह मान लेना चाहिए कि मनुष्य योनि का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ है। इससे पहले मिशन के अन्य अनुयाइयों में पूनम प्रतिभा, संजीव, अनिल गुप्ता, संयोजक महात्मा एचएस गुलेरिया ने भजन, प्रवचन और कविता के माध्यम से कण–कण में व्याप्त निराकार सत्ता का गुणगान किया।



साप्ताहिक सत्संग में मौजूद संगत व (इनसेट में) प्रवचन करते सुरेंद्र पाल।

**सूडोकु 0058** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0057 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 सितंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** त्रयोदशी : (3:12): **नक्षत्र** धनिष्ठा (04:33), **पक्ष** : शुक्ल **योग:** सुकर्मा (11:41) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:50-12:40), **राहुकाल** (07:38 -09:11) ।

**विशेष दिन**

- 16 सितंबर 2024 : गो त्रिरात्रि-व्रत आज से होंगे शुरू।
- 17 सितंबर 2024 : अनंत चतुर्दशी व्रत कल।

**मेष:** आज दिन भर आप कार्य में जुटे रहेंगे। बावजूद इसके आप थकान महसूस नहीं करेंगे। शारीरिक रूप से आज खुद को आप बेहतर महसूस करेंगे।

**वृषभ:** वृषभ राशि वालों के लिए दिन अच्छा है लेकिन गुस्से की अधिकता रहेगी। आज कार्यों की अधिकता रहेगी लेकिन उनके मुताबिक जो धन आपको प्राप्त होगा वह उम्मीद से कम ही रहेगा।

**मिथुन:** मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य से अच्छा है। आज आपको अपने परिवार को भरपूर समय देना चाहिए। अगर निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो दिन सही है।

**कर्क:** आज आप यथार्थ में जिएं। दरअसल जो आप सोच रहे हैं हकीकत उससे अलग है। आज आपके ऐसे काम बनेंगे जो भविष्य तक धन लाभ देते रहेंगे।

**सिंह:** आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। सावधानी बरतें सड़क पार करते समय भी सावधान रहें।

**कन्या:** स्वास्थ्य सुधार के योग दिखाई दे रहे हैं। बेवजह खर्च करने से बचें उन वस्तुओं की खरीदारी करने से बचे जिनकी बहुत आवश्यकता आपको नहीं है।

**तुला:** शाम तक कोई भी बड़ा निर्णय लेने से बचें। दिन की शुरुआत अशुभ योग के साथ हो रही है। दोपहर तक कोई भी ऐसा निर्णय न करें जो प्रभावित करता हो।

**वृश्चिक:** परिवार में किसी बुजुर्ग की सेहत बिगड़ सकती है। इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उदासी से बाहर आएं और खुश रहें। चेहरे पर प्रसन्नता बेहद आवश्यक है।

**धनु :** आज लेनदेन से आपको बचना चाहिए। आज किसी को भी उधार पैसा देने से बचें। कार्य क्षेत्र में भी आज मधुरता बनाए रखें।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र के तनाव को घर लेकर न पहुंचे। इससे विवाद हो सकते हैं जब आप घर पहुंचे तो प्रसन्न मुद्रा के साथ ही जाएं। आज बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

**कुंभ:** आर्थिक लेन-देन के मामलों में सचेत रहना होगा। आज अचानक यात्रा आपको करनी पड़ सकती है लेकिन इससे तनाव बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें रफ्तार से बचें।

**मीन:** आज आप खुद को रिलैक्स महसूस करेंगे अचानक यात्रा के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं परिवार के साथ कहीं घूमने आप जा सकते हैं।

## अग्निहोत्री ने थुनाग में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लम्बाथाच एवं रोड के लिए 4.41 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना हलीन व बलैण्ढा का शिलान्यास किया।

उन्होंने ज्वाल खड्ड व बगस्याड नाला के बाढ़ नियंत्रण कार्य का भी शिलान्यास किया, जिस पर लगभग 3.24 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों के समान विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। सराज विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के थुनाग मंडल के माध्यम से वर्तमान में लगभग 144 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। क्षेत्र में 57 करोड़ 59 लाख रुपए की 16 पेयजल योजनाएं तथा लगभग 59 करोड़ 33 लाख रुपए की 10 सिंचाई योजनाएं चल रही हैं। इसके अतिरिक्त नाबार्ड तथा एसडीएमएफ के तहत बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर 15.11 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।



उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री।

## अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने किया समन्वय समिति का गठन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुन्नी के मेला ग्राउंड में मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा की उपलब्धियां, गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मोर्चा को जन जन तक संपर्क करने हेतु सुन्नी शिमला ग्रामीण इकाई की समन्वय समिति का गठन किया गया। इस दौरान कोऑपरेटिव बैंक से सेवानिवृत सहायक महा प्रबंधक बाला दास हिमराल को प्रधान, हरी सिंह हैरी, वरिष्ठ उप प्रधान, श्रुतिका शर्मा को उप प्रधान, ममता चौहान को उप प्रधान, मजीद मोहम्मद को संगठन सचिव, ओम प्रकाश मुख्य सलाहकार, पूर्ण चद कश्यप को संयोजक, बिहारी लाल धीमान को समन्वयक। चेत राम कलसी को सचिव मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज ने की।

**खेल**

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# ककीरा स्कूल के नवनिर्मित साइंस ब्लॉक का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 बाल खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने इस दौरान 28 लाख 59 हजार की राशि से नवनिर्मित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा के साइंस ब्लॉक का लोकार्पण भी किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं राज्य स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधा के लिए डाइट मनी को 120 रुपए से बढ़ा कर 250 रुपए किया है ।

विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थी जीवन में बहुआयामी गतिविधियों को अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ विभिन्न गतिविधियों में भी हिस्सा लेने को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्कूल में विज्ञान भवन के निर्मित होने से विज्ञान संकाय पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सुविधा उपलब्ध होगी।

पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ–साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जा रही है । राज्य सरकार द्वारा गत 18 माह के के दौरान चंबा को विशेष अधिमान देते हुए विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा गया है।

उन्होंने खेलकूद आयोजन समिति द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में जल भराव की समस्या से निजात दिलाने तथा विद्यार्थियों को ट्रैकसूट और आवश्यक खेल सामग्री जल्द उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष में इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रवक्ता सुनील कुमार को शाल–टोपी भेंट की तथा 21 हजार की राशि देने की भी घोषणा की।



बच्चों को सम्मानित करने के दौरान कुलदीप सिंह पठानिया व साथ हैं अन्य।

जिन्हें आप प्यार करते हैं उन्हें उड़ने के लिए पंख दें, जड़ें वापस आने के लिए दें और रहने के लिए कारण दें। –दलाई लामा

## संपादकीय

# शराब से कमाई

सब ठीक रहा तो आर्थिक तंगी से जूझ रही हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार शराब की बिक्री से अपना खजाना भरती नजर आएगी । शराब के धंधे से हिमाचल सरकार को हर साल करोड़ों रुपए की कमाई होगी, क्योंकि हिमाचल सरकार ने अवैध और नकली शराब बनाने के धंधे में संलिप्त लोगों पर लगाम कसने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके तहत प्रदेश सरकार ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाएगी, जो नकली और अवैध शराब निकाल कर बेच रहे हैं और सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाल ही में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 में संशोधन किया गया था जिसके चलते प्रदेश में अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया था। नकली और अवैध शराब की गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों पर नकेल कसने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। हालांकि, अन्य राज्यों में भी नकली शराब और अवैध बिक्री को रोकने के लिए कई सख्त कानून बनाए गए हैं, लेकिन संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किसी राज्य ने नहीं किया था। देशभर में कई राज्यों को आबकारी कर से बेहिसाब कमाई होती है।

इस मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। वहीं, भारत में कर्नाटक में शराब पर सबसे अधिक 83 प्रतिशत शराब पर लगने वाले आबकारी कर से राज्य सरकार को बहुत आय होती है। शराब पर लगने वाले आबकारी कर से राज्य सरकारों के पास कभी धन की कमी नहीं रहती है। इसकी बहुत बड़ी वजह यह है कि शराब के शौकीन कभी शराब के बगैर नहीं रह सकते चाहे शराब के रेट कितने भी बढ़ जाएं, यानी शराब की खपत अधिक होने के कारण ही राज्य सरकारों को शराब से कमाई होती है। शराब सेहत के लिए भले ही हानिकारक हो, लेकिन सरकार की कमाई के लिए यह बेहद लाभकारी है, क्योंकि अल्कोहल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी यानी आबकारी शुल्क से राज्यों को बड़ा राजस्व मिलता है। आमतौर पर राज्यों की कमाई का मुख्य जरिया स्टेट जीएसटी, लैंड रेवेन्यू, पेट्रोल-डीजल पर लगने वाला टैक्स समेत अन्य कर शामिल हैं, लेकिन आबकारी शुल्क का राज्य सरकार की कमाई में अहम योगदान रहता है। ज्यादातर राज्यों में रेवेन्यू का कुल 15 से 30 फीसदी हिस्सा शराब से आता है। कमाई के मामले में निश्चित रूप से अब हिमाचल भी अन्य राज्यों की सूची में शुमार हो जाएगा। अवैध और नकली शराब का धंधा रोकने से हिमाचल सरकार के राजस्व में वृद्धि की संभावनाएं काफी बढ़ जाएंगी, क्योंकि लोग वैध शराब खरीदेंगे और सरकार को करों का भुगतान करेंगे। सरकार ने शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए दो तरह के उपकर भी लगाए हैं इनमें एक मिल्क सेस है तो दूसरा पर्यावरण सेस। यानी सरकार एक पंथ दो काज करने जा रही है।

शराब की जितनी भी बिक्री होगी, उससे जहां एक ओर दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा, तो वहीं, बिगड़ रहे पर्यावरण को संतुलित करने में भी मदद मिलेगी। नकली शराब से स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा होता है, इसलिए इसका धंधा रोकने से लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा होगी। यही नहीं, अवैध शराब का धंधा अक्सर अपराध के साथ जुड़ा होता है, इसलिए इसका धंधा रोकने से अपराध में भी कमी आएगी। अवैध शराब का धंधा रोकने से कानून और व्यवस्था में सुधार होगा, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियां इस पर नियंत्रण कर पाएंगी। पर्यटन में वृद्धि का फायदा अलग से होगा। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन एक महत्वपूर्ण उद्योग है और अवैध शराब का धंधा रोकने से पर्यटकों की सुरक्षा में वृद्धि होगी और पर्यटन में भी वृद्धि होगी। पर्यटन को हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ माना जाता है। समाज में सकारात्मकता आएगी, क्योंकि लोगों को शराब के दुरुपयोग से बचाया जा सकेगा। इन फायदों के अलावा, अवैध और नकली शराब का धंधा रोकने से हिमाचल सरकार की छवि भी सुधरेगी और लोगों का विश्वास बढ़ेगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि हिमाचल सरकार की सोच परवान चढ़ेगी और हिमाचल की आर्थिकी को पंख जरूर लगेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक सेनानी, पत्रकार एवं अध्यापक

**श्यामलाल** गुप्त 'पार्षद' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक सेनानी, पत्रकार, समाजसेवी एवं अध्यापक थे। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद%, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उत्प्रेरक झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता थे। श्यामलाल गुप्त का जन्म कानपुर जिले के नरवल कस्बे में साधारण व्यवसायी विश्वेश्वर गुप्त के घर पर हुआ था। यह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। इन्होंने मिडिल की परीक्षा के बाद विशारद की उपाधि हासिल की। जिसके पश्चात जिला परिषद तथा नगरपालिका में अध्यापक की नौकरी प्रारंभ की परंतु दोनों जगहों पर तीन साल का बांड (अनुबंध) भरने की नौबत आने पर नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। वर्ष 1921 में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपर्क में आए तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता की। आपने एक व्यंग्य रचना लिखी, जिसके लिए तत्कालीन अंग्रेजी सरकार ने आपके ऊपर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। आपने वर्ष 1924 में झंडागान की रचना की, जिसे 1925 में कानपुर में कांग्रेस के सम्मेलन में पहली बार झंडारोहण के समय इस गीत को सार्वजनिक रूप से सामूहिक रूप से गाया गया। यह झंडागीत इस प्रकार है: विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा, सदा शक्ति बरसाने वाला, वीरों को हर्षाने वाला, शांति सुधा सरसाने वाला, मातृभूमि का तन मन सारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा ..1973 में उन्हें 'पद्म श्री' से अलंकृत किया गया। ■


**श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'**
**जन्म :** 16 सितंबर, 1893
**मृत्यु:** 10 अगस्त, 1977

## अपनी बात


**एक** बार महादेवजी, पार्वती सहित नर्मदा के तट पर गए। वहां एक सुंदर स्थान पर पार्वती जी ने महादेवजी के साथ चौपड़ खेलने की इच्छा व्यक्त की। तब शिवजी ने कहा- हमारी हार-जीत का साक्षी कौन होगा? पार्वती ने तत्काल वहां की घास के तिनके बटोरकर एक पुतला बनाया और उसमें प्राण-प्रतिष्ठा करके उससे कहा- बेटा ! हम चौपड़ खेलना चाहते हैं, किंतु यहां हार-जीत का साक्षी कोई नहीं है। अतः खेल के अंत में तुम हमारी हार-जीत के साक्षी होकर बताना कि हममें से कौन जीता, कौन हारा? खेल आरंभ हुआ। दैवयोग से तीनों बार पार्वती जी ही जीतीं। जब अंत में बालक से हार-जीत का निर्णय कराया गया, तो उसने महादेवजी को विजयी बताया। परिणामतः पार्वती जी ने क्रुद्ध होकर उसे एक पांव से लंगड़ा होने और वहां के कीचड़ में पड़ा रहकर दुःख भोगने का श्राप दे दिया। बालक ने विनम्रतापूर्वक कहा- मां! मुझसे अज्ञानवश ऐसा हो गया है। मैंने किसी कुटिलता या द्वेष के कारण ऐसा नहीं किया। मुझे क्षमा करें तथा शाप से मुक्ति का उपाय बताएं। तब ममतारूपी मां को उस पर दया आ गई और वे बोलीं- यहां नाग-कन्याएं गणेश-पूजन करने आएंगी। उनके उपदेश से तुम गणेश व्रत करके मुझे प्राप्त करोगे। इतना कहकर वे कैलाश पर्वत चली गईं। **–दिक्षांत कासव**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सुप्रीम कोर्ट का रवैया समानांतर सरकार जैसा

यह बात समझ से परे है कि जो लोग जघन्य अपराध करते हैं? छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म करते हैं, उनके ऊपर कार्रवाई करते समय सरकार पूरी तरह से कानून का पालन करे। तर्क दिया जाता है कि अपराध कोई एक व्यक्ति करता है तो उसके पूरे परिवार को इसका खामियाजा क्यों भुगतना पड़े। ऐसे तर्क देने वालों को समझना चाहिए कि जब किसी एक बच्ची के साथ दुष्कर्म या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई आपराधिक वारदात होती है, तो उसका खामियाजा जब पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है तो फिर अपराधी को इस आधार पर कैसे छूट दी जा सकती है कि उसके किए अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं मिलनी चाहिए। बात सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की हो रही है, जिसमें उसने राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठाया था। सुप्रीम कोर्ट का अपना पक्ष हो सकता है, लेकिन सभी आपराधिक मामलों के समय यह कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। अपराध करने वाला अगर ताकतवर हो, तो वह कानून को अपने हिसाब से 'खरीद' लेता है।

अपना सही-गलत बचाव करने के लिए वकीलों की पूरी फौज कोर्ट में उतार देता है। क्या यह सही नहीं है कि आज भी जेलों में छोटे मोटे अपराध करने वालों को इसलिए जमानत नहीं मिल पा रही है, क्योंकि वह आर्थिक रूप से सबल नहीं हैं। उनका दर्द कोर्ट की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाता है। यह सच नहीं है कि सरकार हर एक अपराधिक मामले में बुलडोजर लेकर खड़ी हो जाती है, लेकिन माहौल ऐसा बना दिया जाता है जैसे सरकार बहुत बड़ी कसूरवार हो। खासकर योगी सरकार पर तो यह भी आरोप लगते हैं कि वह मुस्लिमों के खिलाफ ज्यादा बुलडोजर कार्रवाई करते हैं। ऐसी बातें करने वाली कानून की आड़ में अपने अपराध पर पर्दा डालने का काम करते हैं। बता दें कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने पर 2 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था। कोर्ट का सवाल था कि कानून में तय प्रक्रिया का पालन किए बगैर किसी का घर कैसे ढहाया जा सकता है।


लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ लेखक

सिर्फ किसी के अभियुक्त होने पर उसका घर कैसे ढहाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का यह कथन समानांतर सरकार चलाने जैसा नजर आता है। खैर, सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए, सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं। यह कहते समय सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर भी गौर फरमा लेता तो ज्यादा अच्छा होता, जिमसें पीएम ने सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में उससे महिलाओं से जुड़े मामले जल्द से जल्द निपटाने की उम्मीद जताई थी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी मौजूद थे।

हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देंगे, लेकिन जिस तरह के आदेश कोर्ट जारी करता है उससे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिलता ही है। पूरा देश अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने कभी इतने सख्त कदम नहीं उठाए, जितने अतिक्रमण करने वालों के पक्ष में उठाए जाते हैं। कोई रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करके बस्तियां बसा लेता है, तो कोई नजूल की जमीन हाथिया कर बेच देता है। कोर्ट के आदेश से लगता है कि वह एक बेगुनाह को सजा न हो, इसके लिए 99 गुनहगारों के प्रति नरम रवैया अख्तियार करने से संकोच नहीं करता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गैर कानूनी ढंग से निर्माण ढहाए जाने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कानून की तय प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जाती है। किसी अपराध में आरोपित होना कभी भी अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। मामले में 17 सितंबर को फिर सुनवाई होगी।

बता दें बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ ये टिप्पणियां और निर्देश न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने जमीयत उलमा ए हिंद व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए था। जमीयत ने याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में गैर कानूनी ढंग से आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने के आरोप लगाए हैं। याचिका में कहा है कि विभिन्न राज्यों में बुलडोजर इंसाफ का खतरनाक चलन बढ़ा है। इसमें समुदाय विशेष को और वंचित वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है। जमीयत की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और फारुख रशीद पेश हुए, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस की। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि प्रदेश सरकार ने इस मामले में गत नौ अगस्त को ही हलफनामा दाखिल कर दिया था और उस हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है, तो उसका घर ढहाए जाने का यह आधार कतई नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि कोई भी अचल संपत्ति सिर्फ, इस आधार पर नहीं ढहाई जा सकती कि व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है। मेहता ने कहा कि अचल संपत्ति म्युनिसिपल अधिनियम और विकास प्राधिकरणों के अधिनियम के उल्लंघन पर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ढहाई जाती है। पीठ ने मेहता से कहा कि अगर आप ये स्थिति स्वीकार कर रहे हैं तो अच्छी बात है। कोर्ट आपका बयान दर्ज करके पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट अपराधियों के खिलाफ कैसे कार्रवाई हो, इस पर तो चिंतित दिखा लेकिन पूरी सुनवाई के दौरान उसने ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे इस बात का अहसास होता कि कोर्ट की संवेदनाए पीड़ित पक्ष के साथ भी जुड़ी हुई हैं, जो चिंताजनक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ऐसे ही नहीं कहते भारत को त्योहारों का देश

ऐसे ही नहीं कहते भारत को त्योहारों का देश। वर्ष भर में दो एक महीने छोड़ बाकी सब में कोई न कोई त्योहार आ ही जाता है। सावन में सब ओर ओम् नमः शिवाय की गूंज रहती है, तो सावन के जाते ही ओम् नमः भगवते वासुदेवाय के साथ आ जाती है जन्माष्टमी। यह भी तो चमत्कार ही है। वही इंसान और वही इंसान का मन।

कभी शिव में रमा है और कभी कृष्ण की बाल लीला, गोपियों संग रास लीला, दही हांडी, बाल गोपाल का झूला मन को मोह लेता है। इसी बीच रक्षाबंधन भी मना लिया जाता है। इधर कृष्ण की छटी और राधा अष्टमी निकली और उधर विराजमान हो जाते हैं गणपति भगवान हर घर में, हर मन में। गणेश चतुर्थी से लेकर गणपति विसर्जन तक सब और घंटियों संग जय गणेश देवा, माता तेरी पार्वती पिता महादेवा की गूंज रहती है और हर कोई इंतजार करता है मोदक और लड्डू के प्रसाद का। पितृ पक्ष में पितरों की पूजा और फिर नवरात्रि के व्रत, देवी मां की पूजा और डांडिया की धूम पूरे देश में और फिर दीपों का त्योहार दीपावली। कहीं लक्ष्मी पूजा और कहीं राम लीला और राम धुन। यही तो है हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति। एक ईश्वर पर रूप अनेक। जो मन को भा जाए वही सत्य। कृष्ण ध्यान लगा बैठें तो स्वयं शिव हो जाते और जब शिव का बाल लीला का मन हो, तो कृष्ण हो जाते। हमारे अंदर का प्रकाश, हमारे अंदर की चेतन शक्ति ही तो है राम, वही कृष्ण, वही शिव ।


लेखक : अलका कांसरा

ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है, ऐसी सुंदर परिकल्पना भारत में ही हो सकती थी, जहां के कण-कण में बसा है भगवान। पर सब त्योहारों में दिवाली की छटा ही निराली है। कार्तिक अमावस की रात, गहन अंधेरा और नन्हा दिया मुंडेर पर, दहलीज पर, चौराहे पर, तुलसी के चौरे पर, घर के आंगन में, पूजा के थल में, तेरे मन में, मेरे मन में। सबके मन में अंधेरा हरते, उजियारा करते नन्हे जगमगाते दिये। बाहर के अंधेरे को तो हरते ही हैं पर हमारे अंदर के अंधेरे को भी हर लेते हैं दिये विवेक के, विश्वास के, दया और करुणा के, प्रेम के, ज्ञान के। सब ओर प्रचुरता, सब ओर बहुलता खुशियों की, हंसी की, प्यार की, सजावट की, भाईचारे की, रोशनी की।

उत्तर भारत में दिवाली के साथ ही आगाज़ हो जाता है सर्दी का। दिन छोटे और रातें होती हैं लंबी। शायद इसीलिए इस समय रोशनी का त्योहार आता है, चाहे दीपावली हो या फिर क्रिसमस। ईद तो आती है गर्मी में, चांद रात में ठंडी चांदनी महसूस करने के लिए। पुराने समय में दिवाली का त्योहार पूरे कार्तिक माह मनाया जाता था। माह के मध्य में दिवाली और अंत में कार्तिक पूर्णिमा के रोज गुरुपर्व और देव दीपावली एक साथ। इस रोज मंदिर या गुरुद्वारे जा दिया जलाने की अलग ही खूबसूरती है। इस माह रोज अंधेरा होते ही तुलसी के आगे दिया प्रज्वलित करना शुभ माना जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं)

### कविता — वक्त


हंस ठाकुर

वक्त-वक्त के भी क्या कहने कमवख्त
कभी तिलस्मी वक्त भी ऐसा आएगा
वक्त ही सबसे पूछेगा प्रश्न 'हंस'
और खुद वक्त ही उत्तर दे जाएगा।
इस नासमझ को शायद समझ नहीं
यह नासमझ तो मौन रह जाएगा
कहते हैं यहां करिश्माई मौनी बाबा
खुद मौन ही उत्तर दे जाएगा।
जीवन मिला है खूबसूरत संघर्षों का
सबका श्रम ही यहां काम आएगा
ज्ञानी कहते फिरते हैं सब 'राज'
खुद घर बैठे भी बहुत कमाएगा।
भाग्य सवाल तो-कर्म है उत्तर
कोई दुर्लभ ही यहां समझ पाएगा
दुनिया को खाने की चाह रखने वाले
क्या अगला निवाला भी खुद खा पाएगा।
वक्त ही सबसे पूछेगा प्रश्न 'हंस'
और खुद वक्त ही उत्तर दे जाएगा।

# युवा पीढ़ी में संस्कार जागृत करना समय की मांग

सोशल मीडिया प्रचलन के चलते हमारी युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट की ओर अग्रसर है। फेसबुक दोस्ती से जीवन भर जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने की कसमें खाना युवाओं की आदत बन चुकी है। कहने को हमारा समाज सिर्फ लड़कों को इसका अधिक दोषी मानता है। अगर सच कहा जाए, तो आजकल के दौर में लड़कियां भी कुछ कम नहीं आंकी जा सकती हैं। कुल मिलाकर युवाओं में सार्थक सोच लाने की आजकल अधिक जरूरत है। युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्य अपनाने की सीख अभिभावक और अध्यापक देते हैं। बदलते सामाजिक परिवेश में अभिभावकों, अध्यापकों के पास इस सरोकार को निभाने का समय नहीं है। अभिभावकों की बच्चों के प्रति क्या जिम्मेदारियां अधिकतर भूल चुके हैं। अध्यापक भी छात्रों को सिर्फ किताबी कीड़ा बनाने पर अधिक फोकस करते हैं। युवा पीढ़ी का आज संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किए जाने की अधिक जरूरत है।

फेसबुक दोस्ती चलते शादीशुदा महिलाएं हस्ते खेलते परिवार को छोड़कर अपने प्रेमी संग भाग रही हैं। सोशल मीडिया में परवान चढ़ी दोस्ती आखिरकार दिन-प्रतिदिन शादी में बदलती जा रही है। इसकी आड़ में युवाओं को ब्लैकमेल किए जाने के नित नए दिन फंडे ईजाद किए जा रहे हैं। अपनी खराब होती साख के डर से लोग अब आत्महत्याएं तक करने को मजबूर हैं। फेसबुक प्रेम युगल बंदी में प्रेमिकाएं सात समुंदर पार करके भी प्रेमी के पास पहुंच रही हैं। ऐसे प्रेमी जोड़ों के मिलन में धर्म, जाति और देश भी आड़े नहीं आ रहे हैं। युवा पीढ़ी सिर्फ किताबी कीड़े और सोशल मीडिया दीवानी बनती जा रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक स्मार्ट मोबाइल फोन को अपनी कमजोरी बना बैठे हैं। सेल्फी लिए जाना आजकल एक मनोरोग बनता जा रहा है। फेसबुक पर रोजाना अपनी फोटो, वीडियो रिल वायरल करना लोगों की पहली पसंद है।

ठीक यही कारण है कि सोशल मीडिया के जरिए लोगों में आपसी नजदीकियां बढ़ती जा रही, जिसके गंभीर परिणाम भी निकलकर सामने आ रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को महंगें स्मार्ट मोबाइल फोन से नवाज रहे हैं। बच्चे स्मार्ट मोबाइल फोन पर किन लोगों के संपर्क में अधिकतर अभिभावक इससे अंजान रहते हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन पर बच्चे कौन सा कांटेंट देख रहे इससे जानना भी अब जरूरी समझा है। आजकल युवा पीढ़ी खेतों में काम करने में शर्म महसूस करती है। नतीजतन अधिकतर समय स्मार्ट मोबाइल फोन पर बिताना उनकी रोजमर्रा की आदत है। स्कूलों में शारीरिक अध्यापकों के पद खाली, गांवों में खेल कूद से कोसों दूर हैं। युवा पीढ़ी खेलकूद भी स्मार्ट मोबाइल फोन, टेबलेट और कंप्यूटर पर ही करके स्वयं को हष्टपुष्ट मानती है। शिक्षण संस्थानों में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए पूर्व वर्षों में कई तरह के सांस्कृतिक, भाषण, वाद, विवाद, कविता पाठ और खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी आदि कई सफल कार्यक्रम सरकारों द्वारा स्कूल, कॉलेजों में चलाए जा रहे हैं।


लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर ( कांगड़ा )

मगर दु:खद पहलू यह छात्रों की ऐसे कार्यक्रमों में रुचि कम होती जा रही है। छात्रों में पढ़ाई सहित ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी निभाने की होड़ रहती थी। दूर संचार कंपनियों ने ऐसे आफर लांच कर दिए कि लोग दिन रात सोशल मीडिया चला रहे हैं। अनलिमिटिड काल की सुविधा मिलने से लोग अकारण ही एक दूसरे के साथ फोन पर बात करने में मशगूल रहते हैं। फेसबुक में अपने मित्रों की संख्या में इजाफा किया जाना युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। ठीक इसी क्रम को कुछेक युवा आकर्षण की वजह से गलत मायने समझकर गुमराह होकर रह जाते हैं। सोशल मीडिया पर दोस्तों की कतार लंबी तो की जा सकती, मगर परिवारजनों और समाज की सहमति बिना किसी को जीवन साथी बनाना इतना आसान नहीं, यह बात युवा पीढ़ी को स्मरण रखनी चाहिए। स्मार्ट मोबाइल फोन पर पवजी खेलना भी युवाओं को पसंद है। पवजी में युवा इस कदर समा जाते कि खान, पान और नींद पूरी करना तक भूल चुके हैं। क्या ऐसे हालात में युवा पीढ़ी का मानसिक संतुलन ठीक रह सकता बड़ा सवाल है? सोशल मीडिया का कुछेक लोग सही लाभ भी उठा रहे, यह बात भी स्वीकार करनी होगी। रक्तदान, जरूरतमंद और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का काम करना भी इसके नाम है।

कोरोना वायरस काल दौरान छात्रों की पढ़ाई आनलाइन जारी रखने के कई विपरीत परिणाम सामने आ रहे हैं। छात्र स्मार्ट मोबाइल फोन को गले का हार बनाकर दिन रात उसमें लीन हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग किए जाने से शरीर पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता अधिकांश जनता अंजान है। देर रात तक मोबाइल फोन चलाने से चेहरे पर झूरियां आ जाती और तनाव बढ़ता है। समार्ट मोबाइल फोन का स्क्रीन टच इतना घातक की लोगों में तनाव की समस्याएं बड़ी हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन गर्दन नीचे करके इस्तेमाल करने से एक व्यक्ति में तनाव कई गुणा बढ़ जाता है। इस दौरान व्यक्ति के शरीर में रक्त का संचार पूरी तरह नहीं हो पाने कारण, गर्दन, कंधों, कमर और बाजुओं में अक्सर दर्द की समस्या रहती है।

स्मार्ट मोबाइल फोन को बंद कमरों में स्क्रोलिंग करते हुए, लोग वाहर की दुनियां से कट होते जा रहे हैं। संयुक्त परिवारों का प्रचलन समाप्त हो रहा, इसके बावजूद लोग घरों में एक कोने में मोबाइल फोन चलाना सुखद समझते हैं। एयर कंडीशन, पंखों के नीचे लगातार बैठने से शरीर का रक्त अक्सर गाड़ा हो जाता, जिसके चलते लोगों को कई बीमारियां लगने का खतरा बना रहता है। भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकार(ट्राई) द्वारा सार्वजानिक किए गए आंकड़े बहुत चौकाने वाले हैं। भारत में इंटरनेट उपयोग करने वालों की संख्या दिसंबर 2023 के अंत में बढ़कर 93.61 करोड़ थी। तिमाही सर्वे में इंटरनेट प्रेमियों 1.96 वृद्धि हुई। वायर लाइन इंटरनेट 3,.85, वायरलेस 89.75, ब्रांडबेड 90.45 करोड़, नेरोबेंड 3.16 करोड़। दिसंबर 2023 के अंत में बढ़कर 90.45 करोड़ जिसमें 2.21 प्रतिशत तिमाही वृद्धि हुई है। जनता द्वारा इंटरनेट का अत्यधिक इस्तेमाल करने से कई बीमारियों में वृद्धि हुई है। युवाओं को पालमपुर बस स्टैंड हादसे से सीख लेकर अपनी सीमाओं को लांघने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गांव में छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने में मीडिया की अहम भूमिका

जिस मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहां जाता है, जिसकी भूमिका जनता से लेकर सरकार, प्रशासन तक सदैव महत्वपूर्ण रहती है, तो वहीं हम आज आप सभी के समक्ष एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे, जिसका संबंध खेल के क्षेत्र से जुड़ा है, इसी परिप्रेक्ष्य में हम आप दशकों से मीडिया बंधुओं की भूमिका देखते आ रहे हैं और भविष्य में भी देखेंगे, अर्थात हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी प्रदेश एवं दुर्गम क्षेत्रों से अलग-अलग खेल प्रतिभाओं ने अपनी अहम भूमिका और क्षेत्र समाज को गौरवान्वित करवाया है, तो वहीं हम आज एक ऐसे क्षेत्र को खेल प्रतिभाओं से जोड़ने एवं अनुरोध करने का प्रयास करेंगे, जिसका असर क्षेत्र समाज से लेकर सरकार प्रशासन तक हमेशा बना रहता है।

वह महत्वपूर्ण क्षेत्र है मीडिया बंधुओं की भूमिका अर्थात अगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया हिमाचल प्रदेश के उन पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को तराशने एवं समाज, प्रशासन एवं सरकार तक पहुंचाने में अपनी आवाज को बुलंद करता है, तो निसंदेह भविष्य में हिमाचल प्रदेश से अनेक ऐसी खेल प्रतिभाओं को लाभ एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा, जिनकी खेल प्रतिभा को कभी मंच नहीं मिल पाता है, तो वहीं जब भी कोई ईमानदार और निष्पक्ष पत्रकार ऐसी खेल प्रतिभा को समाज तक लाने में अपनी अहम भूमिका निभाता है, तो निसंदेह समाचार-पत्रों के माध्यम से सरकार तक उस खबर का असर जरूर देखने को मिलताहै।


लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं, खिलाड़ियों में भी एक नई ऊर्जा और विश्वास पैदा होता है, तो वहीं मीडिया बंधुओं को भी राजनीति एवं अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर हिमाचल प्रदेश के अधिकांश गांवों से संबंध रखने वाली खेल प्रतिभाओं को तराशने एवं जानकारी साझा करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सबसे बड़ी चुनौती एवं समस्याएं अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में ही देखने एवं सुनने को मिलती हैं। जहां खेल के परिप्रेक्ष्य में मूलभूत सुविधाएं भी अनेक क्षेत्रों में अभी तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जबकि ऐसे क्षेत्रों से खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिन्होंने असुविधाओं को अपने लक्ष्य में बांधा नहीं बनने दिया और असुविधाओं में भी कड़ी मेहनत और जज्बे से देश-विदेश में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है, इसलिए वर्तमान यह एक ऐसा क्षेत्र माना जाता है कि अगर मीडिया बंधु अपनी (कलम की धार) को खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और उनकी समस्याओं को समय-समय पर सरकार प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

निसंदेह उन तमाम खबरों का असर जरूर जमीनी स्तर पर भी देखने को मिलता है, क्योंकि आज के परिप्रेक्ष्य में खेल प्रतिस्पर्धाओं में भी पारदर्शिता की कमी देखने को मिलती हैं, जिन स्पर्धाओं एवं योग्यता शर्तों में अगर मीडिया बंधु भी निष्पक्ष और स्वतंत्र होकर अपनी भूमिका निभाता है निसंदेह खेल प्रतिस्पर्धाओं एवं नियम शर्तों में किसी भी प्रकार कि अनियमितताओं की कम ही उम्मीद रहती है। इस प्रकार समय-समय पर मीडिया बंधु विभिन्न क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की सुविधाओं एवं कोई भी समस्याओं को लेकर खबरों के माध्यम से उठाने का भी प्रयास करते हैं, तो वहीं आधुनिकता के इस दौर में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया इत्यादि के माध्यम से हम सभी घर बैठे किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को प्राप्त कर सकते हैं।

वहीं अनेक ऐसे उदाहरण है, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में मीडिया बंधुओं ने खेल प्रतिभाओं को आगे लाने एवं उनकी समस्याओं एवं मांग को सरकार प्रशासन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है और भविष्य में भी यही उम्मीद और विश्वास करते हैं कि हिमाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को तराशने एवं आगे लाने में प्रयास करें, क्योंकि वर्तमान में हरेक क्षेत्रों में न्यूज पोर्टल को चलाने वाले एवं जिला स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय पत्रकार बंधुओं की संख्या भी अधिकांश क्षेत्रों में मिलती है। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश के खेल प्रतिभाओं को तराशने एवं उभारने में कहीं न कहीं मीडिया बंधुओं की भी अहम् भूमिका मानी जाती है। जिन खेलकूद प्रतियोगिता एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं के प्रसारण को मीडिया बंधुओं के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाता है। और जनता में कही न कही एक विश्वास और पारदर्शिता की उम्मीद भी देखने एवं सुनने को मिलती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खुरालगढ़ साहिब में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में रविवार को धार्मिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों सहित संगत बड़ी संख्या में पहुंची। कार्यक्रम में चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने कहा कि हमें अपने गुरुओं के दिए उपदेश पर चलकर सत्य की राह को अपनाना चाहिए, जिसे हमारा जीवन सुधर सकता है। इस अवसर पर दसूहा की संगत ने गुरु घर मे मंदिर की उसारी के लिए एक लाख रुपए की राशि भेंट की। खुरालगढ़ साहिब में कई धार्मिक आयोजनों को मनाया जाता है। इस अवसर पर सन्त दयाल चंद बंगा, संत कर्म चंद, मनजीत मूंगोंवालिया, जगदीश दिस्सा सहित दसूहा की संगत मौजूद रही।

### जटहेड़ी में स्वच्छता बारे बच्चों को किया जागरूक




**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के रावामा पाठशाला जटहेड़ी में स्वच्छता और पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने बच्चों को पौधारोपण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारी धरती के श्रृंगार होते हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। ईको क्लब प्रभारी नवीन कुमार, कार्यवाहक प्रिंसिपल शशिपाल, नरेश कुमार, रवि चंद, रविंद्र कमल आदि उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमे निबंध लेखन, सुंदर लिखावट और क्विज प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल लोक अदालत में लॉ छात्रों ने लिया हिस्सा



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा के छात्रों ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला ऊना द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में भाग लिया। जिसका आयोजन सब डिवीजन कोर्ट अंब द्वारा किया गया। चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा की विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में संस्थान के छात्र हिस्सा ले रहे हैं तथा बारीकी से अदालती कार्रवाई को समझ रहे हैं। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने बताया की संस्थान के सातवें समेस्टर के छात्रों को जिला कोर्ट ऊना तथा सब डिवीजन कोर्ट द्वारा आयोजित लोक अदालत की कार्रवाई समझने के लिए भेजा गया। समन्वयक अंशु जसवाल सहायक प्रोफेसर निराशा ठाकुर कोर्ट परिसर में छात्रों के साथ रहे। इस अवसर पर न्यायधीशों व अधिवक्ताओं ने छात्रों को लोक अदालतों में की जाने वाली कार्रवाई बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### खिलाड़ियों का सकूल में किया जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां के उपविजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बेहड़ जसवां स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय अंडर -19 लडकियों की खेलकूद प्रतियोगिता में बैडमिंटन और शतरंज के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्राफी जीती। प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं खिलाडियों में आत्म विश्वास पैदा करती हैं जिसके चलते भविष्य में खिलाडी आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने में सक्षम होते हैं। इस मौके पर दीपक शर्मा, पूनम, सुरजीत कुमारी, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

### गोंदपुर बनेहड़ा के कालिया का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा में ट्यूबवेल और गोंदपुर बनेहड़ा घनारी संपर्क मार्ग पर पूल निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिए स्थानीय जनता ने विधायक राकेश कालिया का आभार जताया है। पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, महिंद्रपाल शर्मा, बूथ कांग्रेस के यशपाल भोगल जीवन कुमार ने बताया कि कालिया के विधायक बनने के बाद विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। स्थानीय पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने गोंदपुर बनेहड़ा लो के विकास में सहयोग हेतु विधायक राकेश कालिया का आभार जताया है। पंचायत सदस्य राज कुमारी शर्मा ने बताया गोंदपुर बनेहड़ा हरवाल सड़क भी विधायक राकेश कालिया के समय में ही बनी थी और अब गोंदपुर बनेहड़ा-घनारी संपर्क सड़क के रास्ते पुल निर्माण होने से आमजनमानस को सुविथा होगी।

# गोशाला में अव्यवस्था का आलम बेजुबान गोधन पर पड़ रहा भारी

## घायलावस्था में बेसुध दो बछड़े इलाज की प्रतीक्षा में गिन रहे अंतिम सांसें

**अनंत ज्ञान, घनारी**

कहने को तो प्रदेश भर में गो संरक्षण देने के लिए गोशालाएं खोली गई हैं, जिनका लक्ष्य गोधन को एक अपनी छत प्रदान करके उनके संरक्षण, पोषण को महत्व देना है। वहीं, इन गोशालाओं में गोधन के लिए एक अच्छा वातावरण देना इनके निर्माण के पीछे सरकार के द्वारा लक्ष्य रखा गया है।

बता दें की ऊना जिला में भी वर्तमान में कई गौशालाएं चल रही हैं जिन को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता भी दी जाती है, ताकि गोधन को अच्छी देखभाल के साथ आवश्यकता अनुसार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी मुहैया हो सकें। लेकिन आर्थिक सहायता से चल रही कुछ एक गोशालाओं में गोधन को दी जा रही सुविधाओं पर नजर दौड़ाई जाए तो हालात चौंकाने व निराश करने वाली है। उपमंडल गगरेट के समीप में चल रही गोशाला के वर्तमान हालात दर्शाते हैं कि गोधन के संरक्षण के लक्ष्य को आगे रखकर चलाई जा रही गोशालाएं वहां आने वाले गोधन के लिए एक सुरक्षित वातावरण, व्यवस्थित अपनी छत तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य से अभी दूर कही जा सकती हैं।

बता दें कि इस गोशाला में लगभग 63 गाय व बैल हैं। वहीं गोशाला में दो शेड हैं, एक में तो गोधन को बांधा गया है तथा एक शेड में गोधन को खुला छोड़ दिया गया है। नतीजन खुले में छोड़े गए गाय-बैल कई बार दूसरे से भिड़ने के कारण चोटिल भी हो चुके हैं। शैड के अंदर गोधन को खुला छोड़ने से गाय-बछड़ों की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगता है। वहीं, खुले छोड़ने के कारण दो बछड़े बुरी तरह जख्मी हालत में जमीन पर कुछ दिन से पड़े हुए हैं, मानो इलाज के इंतजार में अंतिम सांसें गिन रहे हों। बता दें कि एक बछड़ा बेसुध शेड में पड़ा हुआ है व दूसरा गोशाला के परिसर में धूप में बेसुध अवस्था में छोड़ दिया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि गोशाला में घायलावस्था में पड़े गोधन को व्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं न के बराबर मिल रहीं हैं। लोगों ने जिलाधीश ऊना से मांग की है कि गगरेट के समीप गोशाला का दौरा करें तथा वहां पर कुव्यवस्था के आलम को दूर करने के निर्देश दें व बेसुध पड़े बछड़ों के लिए चिकित्सकों को इलाज के लिए टीम भेजें।



गोशाला में बेसुध पड़ा एक गोवंश।

**क्या कहते हैं तहसीलदार**

जब जागृति तहसीलदार कलोह से प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने कहा की गोशाला में कमियां पाई गई हैं। इन कमियों को दूर करने के जल्द कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और गोशाला में बेसुध पड़े बछड़ों के लिए चिकित्सक सुविधाओं तत्काल प्रदान की जाएगी।

# नशे में टल्ली सूबेदार घर ले गया किसी और की कार

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

हरोली पुलिस के सामने पिछली रात एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। पिछली शाम 9.30 बजे के आसपास पुलिस थाना में सूचना मिली कि रामपुर पुल के पास बने एक अहाता के पास से एक गाड़ी चोरी हो गई है।

सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम रामपुर पुल के पास पहुंची वहां पर एक शिकायतकर्ता ने बताया कि वह शराब पीने के लिए ठेके के पास बने अहाते में आया था। वहां पर उसने अपनी गाड़ी वेगनआर बाहर पार्क की और खुद शराब पीने अंदर चला गया।

आधे घंटे बाद जब वह बाहर आया तो उसकी गाड़ी वहां से चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने आसपास के कैमरे खंगालने की कोशिश की, इस दौरान मौका पर एक ऑल्टो गाड़ी खड़ी हुई पाई जिसका कोई मालिक नहीं मिल रहा था। जिसका एड्रेस निकाल कर जब संपर्क किया गया तो वह गाड़ी ऊना के एक सूबेदार साहब की निकली। सूबेदार साहब अपने घर पहुंच चुके थे, लेकिन अपनी गाड़ी ऑल्टो को अहाता के बाहर छोड़ गए थे और अपनी गाड़ी ले जाने की बजाय दूसरे शराबी व्यक्ति (शिकायतकर्ता) की गाड़ी को अपना समझकर अपने घर ले गए थे। मामला बेहद हास्यसपद भी था। दोनों ही शराब की शौकीन व्यक्तियों को पुलिस ने झाड़ लगाकर छोड़ दिया है, अभी मामला दर्ज नहीं हुआ था, अन्यथा सूबेदार साहब को हवालात की सैर करनी पड़ जाती। हरोली पुलिस सूबेदार की गाड़ी को थाना ले आई थी। बाद में सूबेदार साहब ने आकर माफी मांग कर अपनी गाड़ी छुड़वाली जिन्हें पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। दोनों ही गाड़ियां ऐसी थीं, जिन्हे कोई भी चाबी लग जा रही थी।

**सूबेदार ने माफी मांग कर छुड़वाई अपनी गाड़ी**

# लेक्चरर संघ की बैठक में उठाई कई मांगें

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि ऊना जिला लेक्चरर संघ के पदाधिकारियों ने पालमपुर में लेक्चरर संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में सशक्त भूमिका निभाई जो अनुकरणीय है।

उन्होंने बताया ऊना जिला लेक्चरर संघ के शशि सैनी संजीव चौधरी विपिन कुमार संजीव बग्गा, हरविंद्र कुमार, नरेश कुमार, रवि, वरुण, लखनपाल, सुनील कुमार, अटल, अरुण ने स्कूल लेक्चरर संघ की राज्य स्तरीय बैठक में भाग लेकर ऊना का प्रतिनिधित्व किया और लेक्चरर संघ की मांगों को सशक्त ढंग से उठाया। लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ प्रदेश के कर्मचारी संगठनों में से एक महत्वपूर्ण एवं सशक्त कर्मचारी संगठन है जो सदैव अपनी मांगों को सशक्त ढंग से उठाता है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर के प्रांतीय सगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर स्थल पूरे प्रदेश में सशक्त ढंग से लेक्चरर संघ की सदस्यता का अभियान चलाएगा। उन्होंने बताया कि यूनिट स्तर पर लेक्चरर संघ की सदस्यता बड़े इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने सभी लेक्चर साथियों से आग्रह किया है कि लेक्चरर संघ की सदस्यता ग्रहण करें और स्कूलों में यूनिट स्तर पर संगठन को मजबूत करने में अपनी सशक्त भागीदारी निभाये क्योंकि संगठन सर्वोपरि है।



लेक्चरर संघ की बैठक में उपस्थित सदस्य।

# राहुल गांधी के विदेश में दिए बयान का जगतराम ने किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आरएसएस, जनसंघ तथा भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार के खिलाफ अमर्यादित व कुंठित भाषा रहती है। राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगतराम शर्मा ने प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि राहुल गांधी ने अमेरिका के टैक्सास में जो बयान दिया है वह अति सराहनीय और धरती से जुड़ी हुई सच्चाई है। राहुल ने वहां पर सपष्ट किया कि आज दुनिया में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार भारत व पश्चिमी देशों में ज्यादा है। चीन व वियतनाम में ऐसे हालात नहीं हैं।



उनके इस बयान पर भाजपा के मंत्री जिनके अभी दूध के दांत हैं, उन्होंने राहुल पर देशद्रोही का इलजाम लगा दिया और कम्युनिस्टों का प्रचारक बताया। जगत राम ने अपनी बात को जारी रखते हुए बताया कि भाजपा की यह कुंठित भाषा आरएसएस व जनसंघ को जन्म से ही मिली है। इन्होंने स्वर्गीय नेहरू को भी कम्युनिस्ट समर्थक कहना शुरू कर दिया था, जिसके बाद जब स्वर्गीय इंदिरा ने बैंक, बीमा आदि का राष्ट्रीयकरण किया तथा राजा-महाराजाओं के भत्ते खत्म किए उनको भी कम्युनिस्ट सस्मर्थक कहना शुरू कर दिया। उस जमाने में अमृतपद डांगे सीपीआई के राष्ट्रीय नेता थे और उनकी इंदिरा के साथ भी काफी घनिष्टता थी।

कांग्रेस पार्टी ने जब सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय किया तो बताते हैं कि सोनिया ने उस समय के वरिष्ठ सीपीएम नेता हरीकृष्ण सिंह सुरजीत ने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का सुझाव दिया। जगतराम ने यह कहा कि अब भाजपा अनाप-शनाप तरीके से राहुल गांधी और कांग्रेस पर ऊल-जलूल की ब्यान बाजी करती रहती है। आने वाला युग राहुल गांधी का प्रधानमंत्री बनना और इंडिया गठबंधन की भारी मात्रा में सफल होने का है।

# एनएसएस के छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने प्रभातफेरी निकाली तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ रैली निकाली और रैपर व प्लास्टिक एकत्र किया। शिविर में बौद्धिक सत्र में प्रवक्ता सतीश कालिया रिसोर्स पर्सन रहे।

उन्होंने स्वयंसेवियों को अपने संबोधन में कहा कि कड़ी मेहनत हमें अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प सिखाती है। यह निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि कड़ी मेहनत के माध्यम से ही हम अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए, हम सभी को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को अपने गुरुजनों और माता-पिता का आदर करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य पूनम देवी, एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेणु कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, प्रशांत ठाकुर, सुलोचना राणा, मनजीत कौर, अंजना, सुनंदा, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।



सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ रैली निकालते हुए।



# उड़ान समूह ने आयोजित किया टैलेंट सर्च एग्जाम-2024

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

सामाजिक कल्याण संस्था उड़ान समूह द्वारा रविवार को 10वीं कक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए उड़ान टैलेंट सर्च प्रतियोगिता एमसेट 2024 का आयोजन ऊना, बंगाणा तथा अंब में किया गया। जिसमें 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी मेहनत को परखा।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन निर्धन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना है, जो योग्यता होने के बाबजूद आय के संसाधनों की कमी की वजह से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं।

संस्था ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर अपने आय के संसाधनों के अनुरूप मेधावियों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए पात्रता अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान करती है। संस्था के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगी परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को पूर्ण कर प्रथम 11 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा, ऊना, शिमला और रूप नगर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संस्था के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज ने प्रधानाचार्य बंगाणा सुरजीत सिंह, प्रधानाचार्य ऊना सुरिंद्र कौंडल, प्रधानाचार्य अंब विनोद बन्याल आदि का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# एनएसएस शिविर में नशा निवारण को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन रविवार को बौद्धिक सत्र में मुख्यातिथि राज्य सलाहकार समिति के सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रायपुर मैदान स्कूल पवन कुमार ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवा के स्वयंसेवियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के बारे में अवगत कराया। नशे से दूर रहकर जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने का आवाहन किया।




उन्होंने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति काग घर परिवार सब कुछ नष्ट हो जाता है । नशा करने वाला व्यक्ति का दिमाग बिलकुल भी काम नहीं करता है और समाज में उसकी इज्जत भी नहीं होती है। पवन कुमार ने कहा कि हमें पर्यावरण की ओर भी ध्यान देना चाहिए। पेड़-पौधे धरती का शृंगार हैं और जितने ज्यादा हम पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे उतनी ही स्वच्छ हवा यानी शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी और हम स्वस्थ रहेंगे। हमें पढ़ाई के साथ-साथ स्वच्छता की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य महोदय ने भी पवन कुमार का बच्चों को इतनी बेहतरीन जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुनील धीमान, सुभाष चंद्र और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**चुनाव** नंबरदारों ने अपनी समस्याओं को लेकर की चर्चा

# सर्वसम्मति से नंबरदार संजीव दत्ता बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली ब्लॉक नंबरदार महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को घालूवाल में हुई संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला नंबरदार महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर बृजपाल सिंह ने की। बैठक में उपतहसील ईसपुर, उपतहसील दुलैहड़ व तहसील हरोली से संबंधित नंबरदारों ने शिरकत की। बैठक में विभिन्न अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श व चर्चा की गई।

बृजपाल ने कहा कि नंबरदार महासंघ की बनाई गई उपतहसील व तहसील स्तर पर अलग-अलग कार्यकारिणी को एक करके ब्लॉक स्तर पर इकट्ठा किया जाए। जिस पर मौजूद सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की और कार्रवाई शुरू हुई। सभी सदस्यों ने नंबरदार संजीव दत्ता को हरोली ब्लॉक का अध्यक्ष बनाने पर अपनी सहमति जताई। जिसके उपरांत जिलाध्यक्ष ने संजीव दत्ता को हरोली नंबरदार महासंघ का अध्यक्ष घोषित किया। इसी तरह सभी सदस्यों ने सहमति से रमेश जसवाल को महासचिव की जिम्मेदारी प्रदान दी। बैठक में आगामी ब्लॉक कार्यकरणी को बनाने में भी आपसी सहमति जताई गई। जिसमें ठाकुर गुरदयाल सिंह को वाइस प्रेजिडेंट बनाया गया। वहीं, मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी नरेंद्र सिंह राणा को दी गई, जबकि चितविलास पाठक को मुख्य सरंक्षक, देसराज पंजावर, सुखबीर सिंह बढेड़ा व मोहन लाल दुलैहड़ को उपप्रधान, नरेश कुमार धर्मपुर को सहसचिव, सुरजीत सिंह भदसाली को कोषाध्यक्ष, नंबरदार सर्बजीत सिंह पंडोगा, मनोहर लाल पाठक ईसपुर, राजीव पाठक ईसपुर, नंदलाल बालीवाल, रशपाल हरोली, पाल पालकवाह, माया देवी बालीवाल व जतिन राणा कुठारबीत को कार्यकारिणी सदस्यों में शामिल किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी के महासचिव (रिटा. तहसीलदार) रमेश जसवाल) ने बताया कि महासंघ की आगामी बैठक हरोली मुख्यालय पर 20 अक्तूबर को होगी। जिसमे ब्लॉक के सभी नंबरदार सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष ठाकुर बृजपाल ने हरोली नंबरदार महासंघ के अध्यक्ष रहे ठाकुर नरेंद्र सिंह राणा को जिला महासंघ का वाइस प्रेजिडेंट बनाए जाने की घोषणा की। उन्होने कहा कि जिला कार्यकारिणी को नरेंद्र राणा जैसे अनुभवी व्यक्तित्व का सहयोग व मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होने हरोली ब्लॉक की नवगठित महासंघ की कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि हरोली ब्लॉक जिला ऊना महासंघ को अपना पूर्ण सहयोग देगा। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष संजीव दत्ता ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह सभी ने उन पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। उस पर वह खरा उतरेंगे।



नंबरदार यूनियन के सदस्य सामूहिक चित्र में।

### गोंदपुर बनेहड़ा लो के ऐतिहासिक तालाब का कार्य जल्द होगा पूरा : जेटली

**गोंदपुर बनेहड़ा।** स्थानीय ऐतिहासिक तालाब का कार्य शीघ्रता से शुरू करवाया जाएगा और इस तालाब का भव्य ढंग से सुंदरीकरण करवाया जाएगा। गगरेट विकास खंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार जेटली ने एक भेंटवार्ता में कहा कि प्राचीन धरोहरों की सुरक्षा करना हम सब का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि यह प्राचीन ऐतिहासिक तालाब है और इसके लिए बजट मंजूर है और इसका कार्य चल रहा है और इसके कार्य में शीघ्र तेजी आए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए जाएंगे। उधर, गोंदपुर बनेहड़ा लो की पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया है कि काफी वर्षों से चल रहे इस तालाब के सौंदर्य कर्म के कार्य को शीघ्र पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए। एडवोकेट राजकुमारी ने खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया है कि वह शीघ्र ही गोंदपुर बनेहड़ा लो का दौरा करें और तालाब के कार्य की समीक्षा करें।

राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस तालाब के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं और आज लाखों रुपया खर्च करके भी ऐसे तालाब का निर्माण नहीं कर जा सकता। उन्होंने कहा कि बजट मंजूर होने के बावजूद भी इस तालाब का कार्य धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने इस तालाब का कार्य शीघ्रता से शुरू करने का खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया है



## न्यूज ब्रीफ

### प्रवासी लोग करवाएं अपना पंजीकरण

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के चौधरी कांप्लेक्स परिसर में हिंदू जागरण मंच की बैठक हुई, जिसमें दाड़लाघाट, रौड़ी व बरायली पंचायत के लोगों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रवासी लोग अपना पंजीकरण करवाएं, जहां भी वह रह रहे हों, उस क्षेत्र के पुलिस थाना में उनका सत्यापन करवाया जाए, जिन मकान मालिक के पास प्रवासी किरायेदार हैं, उन मकान मालिक का दायित्व बनता है कि एक महीने के अंदर किरायेदार का पंचायत में सत्यापन करवाएं, अगर कोई मकान मालिक ये कार्य नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगा। मंच द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि महीने के पहले शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच की बैठक शिव मंदिर दाड़लाघाट में हुआ करेगी।

### आईटीआई में स्टूडेंट्स को बताया हिंदी का महत्व

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में छात्र और छात्राओं ने भाषण, कविता और लघु नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. फूला देवी रही, जिन्होंने हिंदी में पीएचडी हासिल की हैं। जिन्होंने स्टूडेंट्स को हिंदी का महत्व बताया और इसकी उत्पत्ति और विकास के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान एसएमओ की छात्रों ने हिंदी बीमार है, इसके ऊपर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से हिंदी का महत्व और इसके विकास को कैसे आगे लिया ले जाएं, बहुत ही शानदार प्रस्तुति रही तथा साथ में इलेक्ट्रॉनिक के छात्रों ने हिंदी भाषा को लेकर संस्थान व अन्य कार्य स्थलों पर इसके लिए एक पर्यावरणिक माहौल का महत्व क्या है, जो कि हमारे व्यक्तिगत व व्यावहारिक जिंदगी में काम आता है एक शानदार नाटक प्रस्तुत किया गया।

### भाषण में इशिता, कविता पाठ में मिनल प्रथम

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज में हिंदी दिवस पर एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित करते हुए समारोह की विधिवत शुरूआत की। कॉलेज में विगत एक हफ्ते से हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा था, इसमें अनेक प्रतियोगिताएं हिंदी विभाग की ओर से आयोजित करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में इशिता प्रथम, कविता पाठ में मिनल प्रथम, सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी प्रथम, वाद विवाद प्रतियोगिता में खुशबू व करण व रंगोली प्रतियोगिता में स्नेहा, निराशा और आरती ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। स्टूडेंट्स ने आओ कुछ नया सीखें गतिविधि द्वारा हिंदी भाषा से जुड़े ज्ञानवर्धक तथ्यों को भी प्रस्तुत किया।

### वेद प्रकाश विकास खंड कुनिहार के प्रधान

**दाड़लाघाट।** भारतीय किसान संघ विकास खंड कुनिहार की कार्यकारिणी का पंचायत चंडी सेवड़ा में गठन किया गया। इस दौरान नरेश शर्मा पूर्व प्रधान भारतीय किसान संघ ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने वेद प्रकाश ठाकुर को विकास खंड कुनिहार का प्रधान चुना गया। इस दौरान किशोर कुमार को मंत्री और नागेश कुमार को उपाध्यक्ष, टेकचंद शर्मा को सहमंत्री, देवेंद्र कुमार को युवा प्रमुख और सुमन देवी को महिला प्रमुख चुना गया। इस दौरान हेमराज बंसल को प्रचार प्रमुख व भगीरथ ठाकुर को बीज प्रमुख और हेमराज ठाकुर को मंडी प्रमुख और गंगा राम शर्मा को सहकारिता प्रमुख बनाया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष-2027 तक रहेगा। संघ के प्रधान वेद ठाकुर ने कहा की वह किसानों की समस्याओ को लेकर हमेशा तत्पर रहेंगे।

### सतत कृषि के भविष्य पर किया विचार-विमर्श

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की ओर से सतत खाद्य प्रणालियों को सक्षम बनाने के लिए प्राकृतिक खेती पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं पर कई आकर्षक सत्र आयोजित किया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि, खाद्य और पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (आईएनआरएई), फ्रांस और भारतीय पारिस्थितिकी सोसायटी के हिमाचल चैप्टर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो सतत कृषि और प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। वैश्विक और भारतीय परिप्रेक्ष्य विषय पर सत्र के दौरान, फ्रांस के लिसिस लैब की उपनिदेशक प्रोफेसर एलिसन लोकोंटो ने सतत खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए सामाजिक नवाचार पर विस्तार से बताया और प्रभावी परिवर्तन के लिए हितधारकों को वृद्धिशील परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सोलन अस्पताल में लगेंगे 13 नए सीसीटीवी कैमरे

## 14 अतिरिक्त होमगार्ड जवानों की तैनाती को सरकार को भेजी डिमांड, 18 जवान तैनात

**आर मोहन चौहान, सोलन**




क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में सुरक्षा चक्र मजबूत करने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है। कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद आई सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक सोलन हॉस्पिटल में 13 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

यह कैमरे वहां इंस्टॉल किए जाएंगे, जहां अधिक भीड़ देखने को मिलती है। हालांकि हॉस्पिटल में सुरक्षा की दृष्टि से पहले ही करीब 40 कैमरे लगे हैं, लेकिन इनमें कुछ खराब हैं, जिन्हें ठीक किया जा रहा है। लिहाजा अब अस्पताल मैनेजमेंट अस्पताल में तीसरी आंख का पहरा ओर बढ़ाने जा रहा है। इससे अस्पताल में हर गतिविधि पर नजर रहेगी। इन कैमरे की मदद से एक लाभ यह भी होता है कि यदि हॉस्पिटल में चोरी जैसी घटना सामने आती है, तो उसे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आसानी से ट्रेस किया जा सकता है। हालांकि कई लोगों का अब यह भी सवाल उठ रहा है कि अस्पताल में जो कैमरे लगे हैं। उसकी क्वालिटी अच्छी नहीं है। लिहाजा चोरी होने की घटना के समय व्यक्ति की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

इसके अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट अब 14 और होमगार्ड जवानों की तैनाती करने भी जा रहा है, ताकि हॉस्पिटल में सुरक्षा की दृष्टि से चकर और मजबूत हो सके। नए होमगार्ड जवानों की तैनाती ओपीडी के बाहर के अलावा रात के समय भी लगाई जाएगी, ताकि रात को चोरी की घटनाएं कम हो सकें। अभी फिलहाल सोलन हॉस्पिटल में 18 होमगार्ड के जवान तैनात हैं, जिनके लिए हॉस्पिटल में व्यवस्था बनानी मुश्किल होती जा रही है। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के सीमावर्ती क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, ऐसे में यहां सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### चेतावनी बोर्ड भी लगाए

**सोलन** हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने कोलकाता में हुए घटनाक्रम के बाद अब हॉस्पिटल में डॉक्टर सहित नर्स के साथ यदि किसी ने दुर्व्यवहार किया,तो उसे क्या सजा होगी। इसके बड़े-बड़े पोस्टर भी लगा दिए हैं, ताकि लोग इसे पढ़े और साफ तौर पर ऐसा करने से बच सकें। हालांकि फिलहाल सोलन हॉस्पिटल में अब तक ऐसा कोई भी मामला सामने नहीं आया है, जहां डॉक्टर के साथ किसी मरीज ने बदतमीजी या दुर्व्यवहार करने की कोशिश की हो, लेकिन क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं कि हॉस्पिटल में बड़े-बड़े पोस्टर लगा लोगों को साफ तौर पर सजा के प्रावधान के बारे में जानकारी हो। इसलिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट में पोस्टर लगा दिए हैं।

> अस्पताल में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ सहित रोगियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी को देखते हुए अस्पताल में 13 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। इसके साथ ही 14 ओर होमगार्ड भी हॉस्पिटल में सुरक्षा की दृष्टि से चाहिए। इस बारे में भी सरकार को पत्र लिख दिया गया है।
>
> **डॉ संदीप जैन, अतिरिक्त कार्यभार एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

# दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, 24 टीमें ले रही हिस्सा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



हिमाचल दिव्यांग क्रिकेट लीग नानकपुर क्रिकेट मैदान में आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि रोटरी क्लब बद्दी की अध्यक्ष कविता बंसल ने किया।

उन्होंने सभी उपस्थित खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों द्वारा आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट को आयोजित करने के लिए आभार जताया। इस लीग का पहला मैच हिमाचल-बी और हिमाचल-सी टीमों के मध्य खेला गया। हिमाचल-सी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हिमाचल-बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127/9 रनों का लक्ष्य रखा। इसमें हिमाचल-बी के कप्तान रमेश कैथ ने 28 गेंदों में 43 और अजय शर्मा ने 21 गेंदों में 21 रन बनाए। हिमाचल-सी के गेंदबाज मनीष ने 2, शेरअली ने 2 और शमशेर ने भी 2 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमाचल सी 102/6 ही बना पाई। हिमाचल-बी ने यह मैच 25 रनों से जीत लिया। हिमाचल-सी के बल्लेबाज अंकित ने 28 और दिनेश ने 19 रन बनाए। हिमाचल-बी के गेंदबाज रामेश कैथ ने 1,जश्नप्रीत ने 1 और हेमराज ने 1 विकेट लिए।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच रमेश कैथ रहे। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप ने बताया कि इस लीग में प्रदेश भर के 48 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इन खिलाड़ियों की तीन टीमें बनाई गई हैं। इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों की 24 टीमें भाग लेंगी।

## तिरुपति ग्रुप पांवटा को लगातार तीसरी बार मिला 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सम्मान



**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के तिरुपति ग्रुप को इस वर्ष फिर से 'ग्रेट पर्क टू प्लेस के सम्मान से नवाजा गया। ज्ञात हो कि लगातार यह सम्मान तिरुपति ग्रुप को ही मिला है, जो तिरुपति ग्रुप कर्मचारियों की सकारात्मक कार्य संस्कृति, आपसी सहयोग और उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।

इस दौरान तिरुपति ग्रुप के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स ने बताया कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि हमें तीसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में नवाजा गया है। यह हमारे कर्मचारियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और संगठन के प्रति उनके विश्वास का परिणाम है। हमारी प्राथमिकता हमेशा से एक ऐसा माहौल बनाना रहा है, जहां हर व्यक्ति खुद को सशक्त और सुरक्षित महसूस कर सके। ग्रेट प्लेस टू वर्क एक वैश्विक संस्था है, जो संगठनों का मूल्यांकन कर उनके कार्यस्थल संस्कृति, कर्मचारियों की संतुष्टि और समग्र कार्य वातावरण के आधार पर करती है। यह प्रमाणन उन्हें मिलता है, जो अपने कर्मचारियों को बेहतरीन माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। तिरुपति ग्रुप एक अग्रणी सीडीएमओ कंपनी है, जो फार्मा, नूटरा, आयुर्वेदा उत्पाद प्रदान करती हैं। कर्मचारियों के कल्याण और विकास को प्राथमिकता देते हैं।

## स्वच्छता के महत्व को लेकर लगाए नारे

**राजगढ़।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के उपलक्ष्य में, अकाल कॉलेज ऑफ इकोनॉमिक्स, कॉमर्स और मैनेजमेंट, इटरनल यूनिवर्सिटी, बड़ू साहिब ने ठोड निवाड, राजगढ़ में एक जागरूकता और सफाई अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता और सफाई के महत्व पर जोर देना था। अर्थशास्त्र, वाणिज्य और प्रबंधन कॉलेज के 50 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्राओं के साथ-साथ डॉ. पवन कुमार, डॉ. काजल चौधरी और डॉ. अंकित पठानिया जैसे संकाय सदस्य इस पहल में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से एतिहासिक गुरु इतवार नाथ मंदिर के आसपास के रास्तों और क्षेत्रों की सफाई की गई। स्थानीय निवासियों और पंचायत अधिकारियों ने भी इस सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में एक जागरूकता रैली आयोजित की गई, जिसमें स्वच्छता के महत्व को लेकर नारे लगाए और पोस्टर व बैनर के माध्यम से संदेश दिया।

## पेड़ गिरने से जिला मुख्यालय से कटा बनोग-धारक्यारी का संपर्क

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नाहन पंचायत के अंतर्गत आने वाली धारक्यारी, मझौली, कोटली और बनोग आदि ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क शहर से कट गया है। इस सड़क पर दो पेड़ गिरने से यातायात ठप हुआ है।

इसके साथ-साथ भारी कीचड़ और मलबे के कारण सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग को अभी इसकी सूचना नहीं मिली है। बावजूद इसके स्थानीय लोगों में अनिल ठाकुर, रितिक, कृष्णा, सारून, कमल, अरुण थापा व राजेंद्र सिंह आदि ने खुद ही सड़क पर गिरे पेड़ों को काटकर रास्ता बहाल किया, लेकिन कीचड़ और मलबा काफी मात्रा में आ जाने से यह सड़क अभी किसी वाहन के आने-जाने योग्य नहीं हुई है, बता दें कि यह सड़क नाहन शहर का अल्टरनेट मार्ग है, जिसे बाइपास कहा जाता है, लेकिन यह रोड़ अभी तक नेशनल हाइवे-907ए से एनएच-07 की कनेक्टिविटी में नहीं आया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस सड़क के लिए 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। उधर, अधिशाषी अभियंता आलोक जनवेजा ने बताया कि इसकी डीपीआर स्वीकृत होकर बजट के लिए मुख्यालय भेज दी गई है। नवंबर और दिसंबर के बीच इस सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की

**नाहन।** लोकल फ्रूट ग्रोथ के संवर्धन और स्वरोजगार की दिशा में एसबीआई फाउंडेशन व सुविधा संस्था के द्वारा बड़ी पहल की गई है। नाहन के अंतर्गत बंकला पंचायत के शंभूवाला में एसबीआई फाउंडेशन व सुविधा संस्था के द्वारा फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की गई। इस मौके पर प्रधान रजनी देवी, सुविधा स्वयंसेवी संस्था की अध्यक्ष वंदना शर्मा, राधे-राधे प्रसंस्करण समूह की महिलाएं और शंभूवाला व बन कला गांव की महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वंदना शर्मा ने बताया कि एनजीओ सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व संस्था के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने की दिशा में शिलाई मशीनें वितरित कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों कि महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से यह फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इसे फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट में किसान अपने फलों से आचार जैन चटनी आदि बनाकर विपणन के लिए संस्था को दे सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### पार्षद गुरबक्श रावत लापता, पोस्टर लेकर ढूंढ रहे लोग




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** नगर निगम वार्ड नंबर-27 की पार्षद गुरबक्श रावत पिछले करीब 2 साल से वार्ड से गायब हैं और कुछ लोगों के अनुसार विदेश गई हुई हैं। पार्षद की गैर-हाजरी में एरिया निवासियों को दूसरे वार्ड के पार्षदों के पास जाकर पेपर साइन करवाने पड़ रहे हैं और एरिया का विकास न के बराबर हुआ है। एरिया के लोग दबी आवाज में कई महिनों के इस विदेश टूर की और एरिया पार्षद की आलोचना कर रहे हैं। वहीं विपक्ष भी अब इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर आ गया है। मंडी चौक सेक्टर 39 पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि रावत, जिला महामंत्री कृष्ण कांत, नीमा जोशी, जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा महामंत्री रेखा रावत जिला सचिव सुमित शर्मा और सतबीर कुमार व मीडिया सह-प्रभारी युवा मोर्चा विनयक बांगिया ने अपने साथियो के साथ प्रदर्शन किया। एरिया मंडल महामंत्री कमलेश शर्मा और मंडल उपाध्यक्ष चैरी डोगरा भी उपस्थित रहे और दुखी मन से लोगों से एरिया काऊंसलर के बारे में पूछते दिखे। पोस्टरों पर रावत की फोटो के नीचे 'मिसिंग' लिखा गया था। इस मौके पर रावत ने कहा की एरिया में कई प्रकार के विकास कार्य के लिए पार्षद को नगर निगम अधिकारियो से मिलना पड़ता हैं, लेकिन विदेश में होने की वजह से ऐसा नहीं हो रहा हैं। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा सभी एरिया पार्षद को हर महीने तनख्वा दी जाती हैं ताकि वह अपना पूरा समय वार्ड के विकास कार्यों को देख सके, लेकिन पिछले काफी समय से कांग्रेस पार्षद गुरबक्श रावत तनख्वा तो ले रही हैं, लेकिन विदेश में बैठी हैं। (अनंत ज्ञान)

### चार लाख मामलों का किया निपटारा

**एजेंसी, चंडीगढ़।** हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान वैवाहिक विवादों और मोटर दुर्घटना दावों सहित करीब चार लाख मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से हरियाणा के सभी 22 जिलों और 34 उप-मंडलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें मुकदमे से पहले और लंबित अदालती मामलों के लिए पीठों का गठन किया गया। इस दौरान 4.50 लाख से अधिक मामलों को आपसी सहमति से निपटान के लिए लोक अदालत पीठों को भेजा गया।

### उमर अब्दुल्ला का पीएम मोदी पर हमला

**अशोक ठाकुर जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंजीनियर राशिद नेशनल कॉन्फ्रेंस को निशाना बना रहे हैं। हर कोई नेशनल कॉन्फ्रेंस को निशाना बना रहा है। वहीं पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके (पीएम मोदी ) वादों को भूल जाइए, उन्होंने पिछले 10 सालों में क्या काम किया है इसका हिसाब देना चाहिए, जबकि जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन वाली सरकार है। बता दें कि इंजीनियर राशिद ने जेल में रहते हुए उमर अब्दुल्ला को बारामुला लोकसभा सीट से बड़े अंतर से चुनाव में पटखनी दी थी। इंजीनियर राशिद की रिहाई पर अब्दुल्ला की नाराजगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमने अलगाववादियों को नहीं बनाया। इसके लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। वे (केन्द्र सरकार) पांच साल से जम्मू-कश्मीर पर शासन कर रहे हैं, उन्होंने हमेशा आतंकवाद के लिए अनुच्छेद 370 को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन अब अनुच्छेद 370 नहीं है, फिर भी आतंकवाद क्यों जारी है? सारे हथियार कहां से आ रहे हैं? फारूक अब्दुल्ला ने आगे कहा कि चुनाव से ठीक पहले इंजीनियर राशिद को क्यों रिहा किया गया?

### वेनेजुएला में राष्ट्रपति की हत्या की साजिश में 6 गिरफ्तार

**वेनेजुएला।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की हत्या की साजिश के आरोप में यूएस नेवी सील कमांडो समेत 6 विदेशियों को गिरफ्तार किया है। सीएनएन के मुताबिक, वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कबेलो ने दावा किया है कि यह साजिश अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने रची थी। राष्ट्रपति मादुरो ने बताया कि यूएस कमांडो के अलावा अमेरिका के 2 और नागरिक, स्पेन के 2 लोगों और एक चेक रिपब्लिक के शख्स को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा अधिकारियों ने 400 अमेरिकी राइफल भी जब्त की हैं। वेनेजुएला के गृह मंत्री कबेलो ने कहा कि सीआईए के साथ साजिश में स्पेन का नेशनल इंटेलिजेंस सेंटर भी शामिल था। उनका मकसद राष्ट्रपति मादुरो समेत उप राष्ट्रपति और कई दूसरे राजनेताओं की हत्या करना था।

### दिल्ली में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात धरे

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और इसमें शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट और फर्जी शेंगेन वीजा बरामद किए हैं। आरोपियों के कब्जे से फर्जी शेंगेन वीजा लगे 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट, फर्जी वीजा बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, टिकट और वॉटरमार्क सामग्री जब्त की गई है।

### महाराष्ट्र में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में रविवार को एक वैन और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह शिंदखेड़ा तालुका के दासवेल फाटा में हुआ। एक वैन के एक कार से टकरा जाने से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय वैन का चालक नशे में था, उसे मामूली चोटें आईं हैं।

### फिलीपींस में तूफान 'बेबिंका' की वजह से 6 की मौत

**मनीला।** तूफान 'बेबिंका' के कारण फिलीपींस में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दो लोग लापता हो गए। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने जानकारी दी कि दक्षिणी फिलीपींस के जाम्बोआंगा प्रायद्वीप में दो लोगों की मौत हुई, जबकि मुस्लिम मिंडानाओ के बंगसामोरो स्वायत्त क्षेत्र में चार लोगों की जान गई। चक्रवात 'बेबिंका' ने लगभग 300 गांवों के 200,000 से अधिक लोगों को प्रभावित किया। करीब 14,000 विस्थापित ग्रामीण सरकार की ओर से संचालित अस्थायी शेल्टर्स में रह रहे हैं। 'बेबिंका' इस साल फिलीपींस में आया छठा उष्णकटिबंधीय तूफान है।

# मस्क का स्पेस मिशन कामयाब चार एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे

**एजेंसी, फ्लोरिडा**

**स्पेसएक्स** का पोलारिस डॉन क्रू रविवार को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1:06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोर्टुगास कोस्ट पर लैंडिंग की। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लांच किया गया था। 5 दिन के इस मिशन में 4 एस्ट्रोनॉट जिस ऑर्बिट (1,408.1 किलोमीटर) में गए थे, उसमें 50 साल से ज्यादा



समय से कोई एस्ट्रोनॉट नहीं गया।

**मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा था लौटना :** किसी भी स्पेस मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा पृथ्वी पर लौटना होता है। सुरक्षित रूप से घर पहुंचने के लिए, क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने डी-ऑर्बिट बर्न शुरू किया। लगभग 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया।

# देशभर में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे के साथ लोगों ने किया गणपति विसर्जन





कानपुर/मंबई । गणपति विसर्जन के लिए अनंत चतुर्दशी की तिथि बहुत खास मानी गई है। गणेश उत्सव का प्रारंभ चतुर्थी तिथि से होता है और इसका समापन चतुर्दशी तिथि के दिन होता है। उत्सव का आखिरी दिन गणेश विसर्जन के नाम से जाना जाता है। इसे गणपति विसर्जन भी कहा जाता है। चतुर्दशी के दिन भक्त भगवान गणेश की प्रतिमा को पवित्र नदी, स्वच्छ तालाब या समुद्र में विसर्जित करते हैं। कानपुर और मुंबई में गणेश विसर्जन करते लोग।

# केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी को बताया देश के नंबर वन आतंकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को आतंकी कहा है। उनका ये बयान राहुल की अमेरिका यात्रा के दौरान सिखों पर की गई टिप्पणी पर आया। बिट्टू ने दिल्ली में कहा- राहुल गांधी देश के नंबर एक आतंकी हैं। वे भारतीय नहीं हैं। राहुल को पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

दरअसल, राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा था कि अभी आरक्षण खत्म करने का सही समय नहीं है। भारत में जातिगत जनगणना



होना जरूरी है। भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं।

बिट्टू ने कहा राहुल ने पहले मुसलमानों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वे अब सिखों को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। देश के सबसे वांटेड लोगों ने राहुल गांधी से पहले भी इस तरह के बयान दिए थे। यहां तक कि जो आतंकवादी हैं, उन्होंने भी राहुल गांधी की टिप्पणियों की सराहना की है। जब ऐसे लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वे देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।

मेरी राय में अगर किसी को या देश के सबसे बड़े दुश्मन को पकड़ने के लिए कोई इनाम होना चाहिए, तो वह राहुल गांधी हैं। वे भारतीय नहीं हैं क्योंकि उन्होंने अपना अधिकांश समय भारत से बाहर बिताया है। उनके दोस्त और परिवार वहीं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि कहीं न कहीं उन्हें अपने देश से ज्यादा प्यार नहीं है, क्योंकि वह विदेश जाकर भारत के बारे में ऐसी नकारात्मक बातें कहते हैं।

# चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने शुरू किया भर्ती अभियान



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने 15 सितंबर सेशहर में अपना भर्ती अभियान शुरू कर दिया। नए सदस्यों को डिजिटल रूप से नामांकित करने की शुरुआत अखिल भारतीय पोर्टल के वेब लिंक के लॉन्च होने के साथ हुई। इस वैबसाइट लिंक को दिल्ली से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा अल्का लाम्बा ने पूरे देश में एक साथ लॉन्च किया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव नीतू वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला सशक्तीकरण के लिए प्रयासरत रही है। उन्होंने राजीव गांधी के विजन को भी याद किया।

चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने पार्टी की स्थानीय इकाई को मजबूत करने में चंडीगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

## सांसद मनीष तिवारी और लकी ने सलाहकार परिषद की बैठक में उठाए मुद्दे

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सांसद मनीष तिवारी और स्थानीय कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने सलाहकार परिषद की बैठक में चंडीगढ़ के लोगों से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाया। मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के लिए मेट्रो परियोजना में हो रही अनावश्यक देरी पर चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से डड्डूमाजरा में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए समयसीमा मांगी। इस बात पर सहमति बनी कि 31 दिसंबर 2024 तक कूड़े के ढेर को साफ कर दिया जाएगा। तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन ने यूटी चंडीगढ़ में फ्लोर वाइज रजिस्ट्री की अनुमति मांगने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या की है।

एचएस लकी ने व्यापरियों और उद्योगपतियों का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाते हुए कहा कि यह लोग करोड़ों रुपया कर के रूप में प्रशासन को देते हैं बावजूद इसके इनको सड़कों पर उतरने पर मजबूर किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# संस्कृत भाषा मनुष्य के संपूर्ण विकास की कुंजी : सीएम धामी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को व्यास मंदिर, भूपतवाला, हरिपुर कलां, देहरादून में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय गोष्ठी' के शुभारंभ सत्र में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री वेद व्यास मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगोष्ठी में देशभर से आए लोगों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि संस्कृत भारती का हर सदस्य संस्कृत भाषा के प्रचार-



प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह राज्य का गौरव है कि देववाणी संस्कृत देवभूमि उत्तराखंड की द्वितीय राजभाषा है। संस्कृत भाषा अभिव्यक्ति का साधन एवं मनुष्य के संपूर्ण विकास की कुंजी भी है। संस्कृत भाषा से ही मानव सभ्यताएं विकसित हुई हैं। ऋग्वेद को भी संस्कृत में लिखा गया था। (अनंत ज्ञान)

### हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी भाषा के उत्थान और संवर्धन के लिए अहम योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि हमारी संस्कृति के गौरव का अवसर है। हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है।

## देश-विदेश

# इसराइल का गाजा पट्टी में हवाई हमला, 21 फिलिस्तीनी मारे गए

**एजेंसी, गाजा**

**गाजा** पट्टी में इसराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इसराइली युद्धक विमान ने गाजा शहर के पूर्व में अल-तुफ्फाह पड़ोस में एक रिहायशी घर पर मिसाइल से हमला किया। इस हमले में तीन बच्चों और एक महिला सहित 10 फिलिस्तीनी मारे गए।

वहीं, गाजा शहर के उत्तर-पश्चिम में एक स्कूल के पास हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस शहर के पश्चिम में अल-मवासी क्षेत्र में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इसजराइली गोलाबारी में छह अन्य लोग मारे गए। इसराइली सेना ने अभी तक इन घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



इसराइल ने 7 अक्तूबर 2023 को दक्षिणी इसराइली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए।

## राहुल कर रहे घर का भेदी लंका ढाए वाला काम : जीतन राम मांझी

**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अपने देश के बारे में दूसरे देशों में यह नहीं बोलना चाहिए था। अपने देश के प्रति सब लोग ईमानदार है, कोई भी देशभक्त ऐसा नहीं कह सकता है। राहुल अपने देश के नहीं विदेशों के नेता हैं।

यही कारण है कि विदेशों में जाकर राहुल गांधी हिंदुस्तान के बारे में ऐसा बोलते हैं। कोई हिंदुस्तानी ऐसा नहीं बोल सकता है तो राहुल गांधी को भी नहीं बोलना चाहिए। वह विपक्ष के नेता हैं। उन्हें सांसद में बोलना चाहिए। राहुल गांधी घर का भेदी लंका ढाए वाला काम कर रहे हैं।

# 10 साल में लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने का बड़ा प्रयास : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 2024 को भारत के लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष बताते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीयों ने ऐसा जनादेश दिया जो राष्ट्र निर्माताओं की कड़ी मेहनत से निर्मित दीर्घकालिक संस्थाओं पर विश्वास कायम करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने, संस्थाओं को ध्वस्त करने व हमारी प्रणालियों की अखंडता को नुकसान पहुंचाने का बड़ा प्रयास किया गया है। उन्होंने ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उद्धृत करते हुए कहा कि लोकतंत्र सरकार का सर्वोत्तम स्वरूप है। यह लोगों को तय करने का अधिकार देता है कि उन पर किस प्रकार शासन किया जाए तथा वे अपने नेताओं को जवाबदेह ठहरा सकते हैं। इस साल हुए लोकसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि 2024 भारत के लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है और 140 करोड़ भारतीयों ने एक ऐसा जनादेश दिया, जो हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा कड़ी मेहनत से निर्मित हमारी दीर्घकालिक संस्थाओं पर विश्वास कायम करता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अब, हमें अपने संसदीय लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने व उन मूल्यों की रक्षा करने के लिए और अधिक सतर्क रहना होगा, जिनमें 'हम, भारत के लोग' सामूहिक रूप से विश्वास करते हैं।

## बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**एजेंसी, ढाका**



**बांग्लादेश** में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की शृंखला में यह नवीनतम मामला है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं।

# हैती में फ्यूल टैंकर में भीषण विस्फोट, 16 लोगों की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**

हैती में ईंधन (फ्यूल) टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हुए हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब लोग निप्पेस विभाग के कैल्बसियर क्षेत्र में एक दुर्घटना के बाद टैंकर से अवैध रूप से ईंधन इकट्ठा करने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि



कई घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हैती के प्रधानमंत्री गैरी कोनिले ने 'एक्स' पर कहा कि नागरिक सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य टीमें पीड़ितों की सहायता कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्यूल टैंकर में हुए विस्फोट से मैं बहुत दुखी हूं। मैं संबंधित स्थानीय अधिकारियों से बात कर रहा हूं। आंकड़ों के अनुसार, दोपहर तक 15 से अधिक लोग मारे गए और 40 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

## ताकत पलक झपकते ही दुश्मनों को मार गिराएगा स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान

# 2025 में पहली उड़ान भरेगा एलसीए मार्क-2

**एजेंसी, एजेंसी**

**स्वदेशी** आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने राजस्थान के जोधपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

यहां भारतीय वायुसेना के स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के विमान एएमसीए और तेजस मार्क-2 के मॉडल को प्रदर्शित किया गया। भारतीय वायुसेना इस स्वदेशी और आधुनिक लड़ाकू विमान को में 2035 तक अपने बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। साथ ही स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के विमान एमका (एएमसीए) को 2040 तक अपने बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी वाजी राजपुरोहित ने बताया कि तेजस मार्क-2 पूर्ववर्ती एलसीए तेजस मार्क-1 का आधुनिक वर्जन है।



**खासियत :** एयरक्राफ्ट में मार्क-1 की तुलना में आधुनिक हथियार होंगे। इसके साथ ही इसमें आधुनिक एवियॉनिक्स, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम (फ्लाई-बाय-वायर) भी शामिल होगा। इस विमान का डिजाइन पूरा कर लिया गया है। 2025 तक हम इस विमान की पहली उड़ान भी कर लेंगे। इसके अलावा पांचवी पीढ़ी के स्वदेशी एयरक्राफ्ट एमका की पहली उड़ान 2028 भरने का लक्ष्य है।

### 2385 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

**एलसीए** मार्क-2 लड़ाकू विमान की सबसे बड़ी खासियत इसकी अविश्वसनीय गति होगी। यह विमान हवा में 2385 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है, जो इसे दुनिया के सबसे तेज लड़ाकू विमानों में से एक बनाता है। इसकी कुल उड़ान की दूरी 2500 किलोमीटर है, जबकि युद्धाभ्यास के दौरान यह 1500 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसके अलावा, यह विमान 56,758 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होगा। 2040 तक भारतीय वायुसेना के बेड़े में होगा शामिल

# राहुल की टिप्पणी दर्शाती है संविधान विरोधी मानसिकता : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी, मुंबई**



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित टिप्पणी पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के बारे में जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं। 'संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर दिया जाना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी संविधान विरोधी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह किसी को अवसर से वंचित नहीं करता, बल्कि समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है। अमेरिका की यात्रा के दौरान राहुल ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुभमन को मिल सकता है आराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें बीसीसीआई की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्तूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा।



टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को ध्यान में रखते हुए गिल के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को भी आराम दिया जाएगा। भारत अपने आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

### ट्वेंटी-20 में 140 की स्ट्राइक रेट से गिल बनाते हैं रन

शुभमन गिल ने अब तक 21 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उनके नाम एक शतक और तीन अर्धशतक हैं। उन्होंने लगभग 140 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उन्हें हाल ही में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था जिसे भारत ने 4-1 से जीता था।

मौजूदा सत्र में टी-20 अंतरराष्ट्रीय भारतीय टीम के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से मिलने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक उसके एजेंडे में सबसे ऊपर हैं।

# नीरज चोपड़ा एक सेंटीमीटर से खिताब से चूके

**एजेंसी, ब्रसेल्स**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग खिताब से एक सेंटीमीटर से चूक गए और सत्र के फाइनल में 87.86 मीटर के थ्रो के साथ लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 26 वर्ष के चोपड़ा ने 2022 में ट्रॉफी जीती थी और पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे थे।




डायमंड लीग

उन्होंने तीसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका लेकिन विजेता एंडरसन पीटर्स के 87.87 मीटर से एक सेंटीमीटर पीछे रह गए। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जबकि सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.49 मीटर है।

उन्होंने अपने छह प्रयास में भाले को 86.82 मीटर, 83.49 मीटर, 87.86 मीटर, 82.04 मीटर, 83.30 मीटर और 86.46 मीटर की दूरी तक फेंका। शीर्ष तीन में रहे खिलाड़ी सात खिलाड़ियों के फाइनल के दौरान पूरे समय इसी क्रम में रहे। डायमंड लीग चैंपियन बनने पर पीटर्स को डायमंड लीग ट्रॉफी और 30 हजार डॉलर मिले। फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने के लिए चोपड़ा को 12 हजार डॉलर मिले। इसके साथ ही 14 चरण के बाद प्रतिष्ठित डाइमंड लीग और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स सत्र का भी अंत हो गया।

हरियाणा के चोपड़ा के प्रदर्शन में पूरे सत्र में निरंतरता दिखी। वह हालांकि इस दौरान सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत सके जो उन्होंने 18 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों के रूप में जीता।

दोहा और लुसाने में क्रमश: 10 मई और 22 अगस्त को एकदिवसीय डायमंड लीग प्रतियोगिता में दूसरे स्थान के साथ चोपड़ा ने ओवरऑल तालिका में 14 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए डाइमंड लीग फाइनल में जगह बनाई थी।

### विजेता को 30,000 अमेरिकी डॉलर

डायमंड लीग सत्र का फाइनल जीतने वाले को डायमंड ट्रॉफी और 30,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 25 लाख रुपए) का पुरस्कार मिला और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड। उपविजेता को 12,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 10 लाख रुपए) मिले।

### 2022 में जीता था नीरज ने खिताब

नीरज चोपड़ा पहले भी डायमंड लीग में भारत का झंडा गाड़ चुके हैं। उन्होंने 2022 में 88.44 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल जीता था। इसी के साथ वह डायमंड लीग का फाइनल जीतने वाले पहले भारतीय बने।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनमोल खरब ने बेल्जियम में पहला एकल अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता



**ल्युवेन (बेल्जियम)।** भारत की 17 वर्षीय अनमोल खरब ने बेल्जियम अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को हराकर महिला एकल में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। क्वालीफाइंग चरण से मुख्य दौर में जगह बनाने वाली अनमोल ने 59 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में 7वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 24-22, 12-21, 21-10 से जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट 'इंटरनेशनल चैलेंजर' कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने इससे पहले शुक्रवार को सेमीफाइनल में डेनमार्क की एक अन्य खिलाड़ी इरिना अमालि एंडरसन को हराया था। फरीदाबाद के रहने वाली अनमोल 2024 बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थी। वह मौजूदा समय में विश्व रैंकिंग में 222वें स्थान पर हैं।

### सलीमा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बनीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि सलीमा इम्तियाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के डेवलपमेंट अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बन गई हैं। पैनल में सलीमा के नामांकन का मतलब है कि अब वह महिलाओं के द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैचों और आईसीसी की महिला प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग करने की पात्र हैं। सलीमा ने एक बयान में कहा, ''यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है।'' सलीमा की बेटी कैनात ने पाकिस्तान के लिए 40 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिसमें 19 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 21 टी-20 शामिल हैं।

### इंग्लैंड की क्रिकेटर डीन के लाखों फैंस

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन दुनिया की खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक है। इंस्टाग्राम पर उनके लाखों फैंस से। जब भी वह कोई फोटो या विडियो इंस्टग्राम या सोशल मीडिया पर डालती है तो प्रशंसक उसे बहुत पसंद करते है।




### फिनलैंड को 3-0 के हराकर अर्जेंटीना डेविस कप फाइनल में

**मैनचेस्टर।** अर्जेंटीना ने फिनलैंड को 3-0 से हराकर आठ टीम के डेविस कप फाइनल टेनिस टूर्नामेंट में जगह बनाई। अर्जेंटीना ने पांच साल में पहली बार नवंबर में स्पेन के मलागा में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया। मैनचेस्टर में ग्रुप-डी में अर्जेंटीना ने अपने अभियान की शुरुआत 2022 के चैंपियन कनाडा के खिलाफ शिकस्त के साथ की थी। टीम ने मेजबान ग्रेट ब्रिटेन को हराया और फिर फिनलैंड को शिकस्त दी। टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने पुरुष एकल में दुनिया के 703वें नंबर के खिलाड़ी ईरो वासा को 7-6, 6-3 से हराकर अर्जेंटीना को विजयी शुरुआत दिलाई। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने इसके बाद ओटो विरटेनन को 6-7, 6-1, 6-0 से हराया। पुरुष युगल में मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी ने पैट्रिक काउकोवल्टा और हैरी हेलियोवारा को 6-7, 6-4, 6-3 से हराकर अर्जेंटीना की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। ब्रिटेन को अब अगर डेविस कप फाइनल में जगह बनानी है तो हर हाल में कनाडा को 3-0 से हराना होगा। बोलोगना में ग्रुप-ए में ब्राजील ने इटली और नीदरलैंड से हारने के बाद बेल्जियम को 2-1 से हराया। ब्राजील के पास अब भी फाइनल में जगह बनाने का मौका है, बशर्ते अब तक अजेय गत चैंपियन इटली नीदरलैंड को 3-0 से हरा दे।

# इंटर मियामी की जीत में चमके मैसी

## मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से दी पटकनी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)**

लंबे समय बाद वापसी कर रहे स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से हराया।

अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी मेसी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ 1-0 की जीत के दौरान दाएं टखने में लगी चोट के कारण एक जून के बाद पहली बार इंटर मियामी की ओर से खेल रहे थे।

मेसी ने 26वें और 30वें मिनट में गोल दागे और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में लुइस सुआरेज (90 प्लस आठ मिनट) के गोल में मदद भी की। फिलाडेल्फिया यूनियन की ओर से एकमात्र गोल मिखाइल उहरे ने दूसरे मिनट में किया।

**स्कोर कार्ड**

| मियामी | | यूनियन |
|---|---|---|
| 09 | शॉट | 21 |
| 04 | लक्ष्य पर शॉट | 08 |
| 63% | नियंत्रण | 37% |
| 585 | पास | 349 |
| 07 | फाऊल | 12 |
| 04 | येलो कॉर्ड | 02 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 04 | ऑफ साइड | 01 |
| 05 | कार्नर | 04 |



गोल करने के बाद खुशी व्यक्त करते लियोनेल मैसी।

### ला लीगा: मैड्रिड ने सोसीदाद को 2-0 के हराया

**बार्सीलोना।** काइलियान एमबाप्पे और विनिसियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे रीयाल मैड्रिड ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 2-0 से हराया।



सर्जियो गोमेज के हैंडबॉल करने के बाद मैड्रिड को पेनल्टी मिली जिसे विनिसियस ने 58वें मिनट में गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैड्रिड को सोसीदाद के डिफेंडर जॉन अरामबुरु के फाउल पर 75वें मिनट में एक और पेनल्टी मिली जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। दिन के अन्य मुकाबालों में सेविला ने गेटाफे को 1-0 से हराया जबकि इस्पानयोल ने अलावेस को 3-2 से शिकस्त दी।

### सिरी-ए : एसी मिलान ने वेनेजिया को 4-0 से हराया

**मिलान।** एसी मिलान ने वेनेजिया को सिरी-ए फुटबॉल टूर्नामेंट में 4-0 से हराया जो नए कोच पाउलो फोनसेका के मार्गदर्शन में टीम की पहली जीत है। थियो हर्नांडेज ने दूसरे ही मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जिसके बाद यूसुफ फोफाना ने 16वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। क्रिस्टियन पुलिसिच (25वें मिनट) और टैमी अब्राहम (29वें मिनट) ने पेनल्टी पर गोल दागकर मिलान की 4-0 से जीत सुनिश्चित की। बोलोगना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोमो को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि यूवेंट्स ने एम्पोली से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### बांग्लादेश की टीम चेन्नई पहुंची

**चेन्नई।** पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज में 2-0 की सफलता के बाद आत्मविश्वास से भरी बांग्लादेश की टीम दो टेस्ट मैचों और तीन टी-20 मैचों के लिए रविवार को भारत पहुंची, जहां कप्तान नजमुल हसन शंटो ने आने वाले सप्ताह में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। बांग्लादेश की टीम 19 सितंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट के लिए रविवार दोपहर को चेन्नई पहुंची। ढाका से चेन्नई के लिए उड़ान भरने से पहले शंटो ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा ''यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण सीरीज होगी।''

### गोल्फ : शुभंकर शर्मा संयुक्त 36वें स्थान पर खिसके

**रॉयल काउंटी डाउन।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आयरिश ओपन के तीसरे दिन मुश्किल भरे हालात में पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 15वें से संयुक्त 36वें स्थान पर खिसक गए।



शुभंकर ने महज एक बर्डी लगाई जबकि दो बोगी और दो डबल बोगी कर बैठे। तीसरे दिन काफी तेज हवा चल रही थी जिससे केवल चार खिलाड़ी ही 70 के अंदर का कार्ड खेल पाए। रोरी मैकलरॉय तीसरे दिन दो अंडर पार 69 का कार्ड खेलकर शीर्ष पर बने हुए हैं और आयरिश ओपन खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं।

# अंडर-19 प्रतियोगिता में 18 राज्यों के खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय में स्थित खेल मैदान में पहली जूनियर अंडर-19 नेशनल टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप-2024 का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर तक किया जाएगा। पहली बार कुल्लू के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्तर की टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए करीब 18 टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ता प्रेसिडेंट गोपाल शर्मा, सेक्रेटरी पंकज कुमार, एग्जीक्यूटिव मेंबर पवन कुमार, जनरल मेंबर केहर सिंह ने बताया कि अंडर-19 राष्ट्रीय स्तर की टी-10 प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार कुल्लू के क्रिकेट मैदान में आयोजित किया जा रहा है जोकि कुल्लू जिला के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कन्या वर्ग में भी बाहरी राज्यों से आए 4 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए गोपाल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी टीमें टेनिस बॉल के साथ अपने अपने मैच खेलेंगे ओर प्रतियोगिता के दौरान डे नाईट मैच भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, विदर्भ, चंडीगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, गोवा, उत्तर प्रदेश, एआईआईबी, उड़ीसा, हरियाणा, नार्थ कर्नाटका ओर महाराष्ट्र से आए खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी सुनिश्चित करेंगे।



कुल्लू के ढालपुर मैदान में टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी।

प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों को 4 पूल में बांटा गया है। प्रतियोगिता का समापन 17 सितंबर को होगा जहां पर प्रतियोगिता के विजेता रहे टीम को पुरुस्कार वितरित कर प्रतियोगिता का विधिवत समापन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट को लेकर अश्विन के दिमाग और सोच का सम्मान करता हूं: ख्वाजा

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह पिछले कुछ वर्षों से भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाते रहे हैं क्योंकि वह ऐसे गेंदबाज है जिसके पास हमेशा योजना और रणनीति होती है।



अश्विन (39 विकेट) ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले भारतीय गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में उनसे अधिक विकेट अनिल कुंबले (49) और कपिल देव (51) के नाम हैं। वह इन दोनों देशों की सभी द्विपक्षीय सीरीज (घरेलू और विदेशी) में 114 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज है।

ख्वाजा ने कहा, ''अश्विन बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। वह बहुत रणनीतिक हैं। उनके पास बल्लेबाजों के लिए हमेशा एक योजना होती है।'' उन्होंने कहा, ''वह बल्लेबाजों की खामियों का पता लगाने और मैच के दौरान दबदबा बनाने की कोशिश करते रहते हैं। मैं इसका सम्मान करता हूं। मैं उसके क्रिकेट दिमाग का सम्मान करता हूं।''

## कोलकाता में आयोजित की जाएगी फीफा की कार्यशाला

**नई दिल्ली।** फीफा की 'कोच कैपेसिटी बिल्डिंग' कार्यशाला 16 से 18 सितंबर तक कोलकाता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीई) में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला विश्व फुटबॉल संचालन संस्था की महिला लीग विकास का अहम हिस्सा है जो फीफा महिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आता है।

इस 'कोच कैपेसिटी बिल्डिंग' (कोच क्षमता विकास) कार्यशाला का संचालन फीफा विशेषज्ञ साइमन टोसेली और स्टेफनी स्पीलमैन करेंगे।

फीफा महिला फुटबॉल तकनीकी विशेषज्ञ टोसेली ने इससे पहले इस साल जून में नयी दिल्ली में महिला फुटबॉल रणनीति कार्यशाला आयोजित की थी। पूर्व खिलाड़ी स्पीलमैन यूएफा ए लाइसेंस कोच और फीफा प्रशिक्षक हैं। वह बेल्जियम की महिला राष्ट्रीय टीम के साथ फीफा कोच मेंटरशिप कार्यक्रम का हिस्सा रही हैं।

**हॉकी** — कोरिया के साथ सेमीफाइनल मुकाबले में भारत जीत का प्रबल दावेदार

# फाइनल में जगह बनाने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**एजेंसी, हुलुनबुइर (चीन)**

शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं।

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण।



फाइल फोटो

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय था, लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उपकप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### अब तक भारतीय डिफेंस दमदार

**भारतीय** डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाए हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना मेजबान चीन से होगा। फाइनल मंगलवार को होना है।